आवश्यकता
शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी
एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता
की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न० =
7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 107 ● नई दिल्ली, शनिवार, 22 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 31 वां नवोदय विद्यालय रीजनल क्रिकेट ट्रायल प्रतियोगिता...

## ख़ास ख़बर

मणिपुर घटना

### चार आरोपी 11 दिन की हिरासत में भेजे गए

**इंफाल।** मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें घुमाने के मामले के सभी चार आरोपियों को शुक्रवार को 11 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। ए गिरफ्तारियां 19 जुलाई को घटना का 26 सेकेंड का वीडियो सामने आने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को की गईं। पुलिस ने बताया कि आक्रोशित भीड़ ने शुक्रवार दोपहर को एक अन्य संदिग्ध के घर को जला दिया है। उसे अभी तक गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

### सिद्धरमैया के निर्वाचन को चुनौती पर 28 जुलाई को होगी सुनवाई

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कहा है कि वह वरुणा विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगा। इस याचिका में कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र को आधार बनाते हुए सिद्धरमैया को अयोग्य घोषित करने का आग्रह किया गया है। के. एम. शंकर की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र में पांच गारंटियों का वादा किया गया था, जो जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 123(2) के तहत रिश्वतखोरी और अनुचित प्रभाव के समान भ्रष्ट आचरण है।

### जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने राजस्थान का पहला ट्रांसजेंडर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया

■ **जयपुर।** जयपुर ग्रेटर नगर निगम की ओर से बुधवार को पहली बार एक ट्रांसजेंडर को जन्म प्रमाण पत्र दिया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के निदेशक और जन्म मृत्यु के मुख्य पंजीयक रजिस्ट्रार भंवरलाल बैरवा ने राजस्थान का पहला ट्रांसजेंडर जन्म प्रमाण पत्र जयपुर की नूर शेखावत को जारी किया।

## सरकार मणिपुर पर चर्चा कराए: कांग्रेस

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



कांग्रेस ने मणिपुर के विषय पर संसद के दोनों सदनों में जारी गतिरोध के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार गंभीर है और सिर्फ चर्चा के नाम पर औपचारिकता नहीं निभाना चाहती तो सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संसद के भीतर वक्तव्य दें तथा दोनों सदनों में विस्तृत चर्चा कराई जाए। मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है तथा मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, नरेन्द्र मोदी जी, आपने कल संसद के भीतर बयान नहीं दिया। यदि आप उस घटना से आक्रोशित होते तो कांग्रेस शासित राज्यों के साथ झूठी तुलना करने की बजाय सबसे पहले अपने मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर सकते थे। उन्होंने कहा, भारत आपसे अपेक्षा करता है कि आप आज संसद में न केवल एक घटना पर, बल्कि 80 दिनों की हिंसा पर बयान देंगे। मणिपुर को लेकर राज्य और केंद्र में आपकी सरकार बिल्कुल असहाय और संवेदनहीन दिख रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, एक भयावह वीडियो ने प्रधानमंत्री को मणिपुर पर चुप्पी तोड़ने पर मजबूर कर दिया, हालांकि उन्होंने जो कहा वह पूरी तरह से ध्यान भटकाने वाला था और 3 मई के बाद राज्य में सामने आई त्रासदी को संबोधित नहीं किया। उन्होंने कहा, अब पता चला है कि इस भयावह अत्याचार की शिकायत 12 जून को राष्ट्रीय महिला आयोग को की गई थी। कोई कार्वाई नहीं की गई। कल ही मणिपुर के मुख्यमंत्री ने एक टेलीविजन चैनल पर स्वीकार किया कि यह घटना सिर्फ एक उदाहरण है और ऐसी और भी बर्बर घटनाएं हुई हैं। मुख्यमंत्री को पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, उन्हें तुरंत पद छोड़ देना चाहिए। रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को संसद में वक्तव्य देना चाहिए और फिर चर्चा होनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार नियम 176 के तहत संक्षिप्त चर्चा कराकर औपचारिकता निभाना चाहती है।

# भारत, श्रीलंका ने आर्थिक गठजोड़ को विस्तार देने के लिए दृष्टिपत्र अंगीकार किया

### पीएम मोदी ने भारत यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के विस्तृत चर्चा की

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ शुक्रवार को विविध विषयों पर विस्तृत चर्चा की और आर्थिक गठजोड़ को विस्तार देने के लिए महत्वाकांक्षी दृष्टिपत्र को अंगीकार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने विक्रमसिंघे के साथ बातचीत में श्रीलंका में तमिल समुदाय के लिए सम्मानपूर्ण जीवन सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। मोदी और विक्रमसिंघे की व्यापक बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने अनेक घोषणाएं कीं जिनमें विद्युत ग्रिड को जोड़ने के काम को तेज करने, एक आर्थिक और प्रौद्योगिकी करार पर बातचीत शुरू करने, एक पेट्रोलियम पाइपलाइन के लिए व्यवहार्यता अध्ययन करने और दोनों पड़ोसियों के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए एक पुल की व्यवहार्यता देखना भी शामिल है। विक्रमसिंघे दो दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को दिल्ली पहुंचे। पिछले साल अभूतपूर्व आर्थिक संकट से प्रभावित होने के बाद से श्रीलंका के किसी वरिष्ठ नेता की यह पहली भारत यात्रा है।प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया को दिए बयान में पिछले वर्ष श्रीलंका में आई आर्थिक कठिनाइयों का जिक्र किया और कहा, पिछला एक वर्ष, श्रीलंका के लोगों के लिए चुनौतियों से भरा रहा है।

एक निकटतम मित्र होने के नाते, हमेशा की तरह, हम इस संकट काल में भी श्रीलंका के लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में यूपीआई भुगतान प्रणाली शुरू करने के समझौते से दोनों पक्षों के बीच फिनटेक संपर्क स्थापित होगा।मोदी ने कहा कि भारत की पड़ोस प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण, दोनों में श्रीलंका का महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने कहा, आज हमने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। हमारा मानना है कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित और विकास एक- दूसरे से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, आज हमने आर्थिक गठजोड़ के लिए एक दृष्टिपत्र दस्तावेज को अपनाया है। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण दोनों देशों के लोगों के बीच नौवहन, हवाई संपर्क और लोगों के बीच संपर्क को मजबूती देने से संबंधित है। ेदी ने कहा, यह दृष्टिकोण पर्यटन, बिजली और कारोबार तथा उच्च शिक्षा, और कौशल विकास में आपसी सहयोग को गति देने का है।



### उच्च शिक्षा, और कौशल विकास में आपसी सहयोग को गति देंगे

मोदी ने कहा, यह दृष्टिकोण पर्यटन, बिजली और कारोबार तथा उच्च शिक्षा, और कौशल विकास में आपसी सहयोग को गति देने का है। यह श्रीलंका के प्रति भारत की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह आशा करते हैं कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी तथा समानता, न्याय और शांति के लिए पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी।

### श्रीलंका के भारतीय मूल के तमिल नागरिकों के लिए 75 करोड़ रुपए की अनेक परियोजनाएं लागू की जाएंगी

मछुआरों के मुद्दे पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बारे में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। मोदी ने यह घोषणा भी की कि श्रीलंका के भारतीय मूल के तमिल नागरिकों के लिए 75 करोड़ रुपए की अनेक परियोजनाएं लागू की जाएंगी और भारत वहां के उत्तरी तथा पूर्वी क्षेत्र में विकास कार्यक्रमों में भी योगदान देगा। वहीं, श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने कहा, हमारा मानना है कि भारत की प्रगति उसके पड़ोसियों और हिंद महासागर क्षेत्र के लिए फायदेमंद है। मीडिया ब्रीफिंग के बाद विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि दोनों देशों के सामने समुद्री क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई। उन्होंने संकेत दिया कि हिंद महासागर में चीन की बढ़ती गतिविधियों का मुद्दा भी चर्चा में आया।

**विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि दोनों देशों के सामने समुद्री क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा की गई।**

हिंद महासागर में चीन की मौजूदगी के सवाल पर उन्होंने कहा, हम पड़ोसी हैं। हमारा पुराना और व्यापक रिश्ता रहा है। चिंताओं के बारे में बात करना स्वाभाविक है।

## मुख्यमंत्री गहलोत ने राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को बर्खास्त किया : राजभवन

**एजेंसी/ जयपुर**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार की रात प्रदेश के राज्य मंत्री राजेंद्र गुढ़ा को बर्खास्त कर दिया। राजभवन के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। गुढ़ा ने शुक्रवार को विधानसभा में महिला अत्याचार के मुद्दे पर अपनी ही सरकार को घेरा था, इसके कुछ ही घंटे बाद यह कार्वाई हुई है। राजभवन के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य मंत्री गुढ़ा को बर्खास्त करने के बारे में मुख्यमंत्री की अनुशंसा को राज्यपाल ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। राजभवन के बयान के अनुसार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज सायं काल में राज्यपाल कलराज मिश्र को राज्य मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा को बर्खास्त करने की अनुशंसा की।



इसमें कहा गया है कि राज्यपाल ने मुख्यमंत्री गहलोत की इस अनुशंसा को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। इससे पहले एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, राजेंद्र गुढ़ा को राज्य मंत्री के पद से हटा दिया गया है। गुढ़ा ने महिला सुरक्षा और उनके खिलाफ अत्याचार के मुद्दे पर अपनी ही सरकार पर सवाल उठाया। राजस्थान विधानसभा में राजस्थान न्यूनतम आय गारंटी विधेयक 2023 पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायकों ने मणिपुर में हिंसा के मुद्दे पर तख्तियां लहराईं।

गुढ़ा ने अपनी ही सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा राजस्थान में, ए सच्चाई है कि हम महिलाओं की सुरक्षा में असफल हो गए, और राजस्थान में जिस तरह से अत्याचार बढ़े हैं महिलाओं के ऊपर, मणिपुर के बजाय हमें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

### लोकसभा में पहली बार दिखाई दी इंडिया की तख्ती

**नई दिल्ली।** लोकसभा में शुक्रवार को पहली बार विपक्षी गठबंधन इंडिया की तख्ती दिखाई दी जिसे विपक्षी दलों के सदस्य मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग करते हुए लहरा रहे थे।




ांग्रेस और वाम समेत विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी कर रहे थे और उनके हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था इंडिया जवाब चाहता है, चुप्पी नहीं और इंडिया चाहता है कि प्रधानमंत्री सदन में बोलें। पहली बार, विपक्षी गठबंधन के नाम इंडियन नेशनल डवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) लिखीं तख्तियां लोकसभा में दिखाई दीं।

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अगली बैठक मुंबई में 15 अगस्त के बाद होने की संभावना

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) की अगली बैठक 15 अगस्त के बाद मुंबई में होने की संभावना है। गठबंधन के एक नेता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

मुंबई की बैठक में 11 सदस्ईय समन्वय समिति को अंतिम रूप दिए जाने की संभावना है। इससे पहले विपक्षी दलों की बैठक पटना और बेंगलुरु में हुई थी।

गठबंधन के नेता चार-पांच अन्य समितियां गठित करने की भी




योजना बना रहे हैं। यह प्रस्तावित बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि इसमें इंडिया में शामिल 26 दलों के बीच सीट-बंटवारे, चुनाव की तैयारियों और प्रचार प्रबंधन को लेकर चर्चा होने की संभावना है। दिल्ली में गठबंधन के लिए मुख्य सचिवालय तय करने पर भी काम जारी है।सूत्रों ने बताया कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मुख्य अभियान शुरू होने से पहले देश के विभिन्न हिस्सों में कई बैठकें आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि गठबंधन के सामने समस्याएं भी कम नहीं हैं। केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल में सीट-बंटवारे को लेकर गठबंधन में टकराव होने की आशंका है। केरल में कांग्रेस और वामदलों, पश्चिम बंगाल में वामदलों तथा तृणमूल कांग्रेस और पंजाब एवं दिल्ली में आप तथा कांग्रेस के बीच टकराव कम करने के लिए गठबंधन सहयोगियों को कड़ी मेहनत करनी होगी।

## विपक्षी गठबंधन घोर मतभेदों वाले लोगों का समूह भर है: वित्त मंत्री

**एजेंसी/ गुवाहाटी**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भले ही विपक्ष ने अपने गठबंधन के लिए कोई भी नाम सोच लिया हो, लेकिन वह घोर आपसी मतभेदों वाले लोगों का समूह भर है और उनका एकसूत्रीय एजेंडा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए अपशब्द कहने का है। सीतारमण ने कहा कि विपक्षी दलों में केवल एक बात समान है कि वे प्रधानमंत्री के खिलाफ लगातार अपशब्दों का इस्तेमाल करते हैं और उनके प्रति नफरत रखते हैं तथा सोचते हैं कि इसके लिए जनता उन्हें पुरस्कृत करेगी। वित्त मंत्री ने कहा, विपक्ष का एकमात्र एजेंडा प्रधानमंत्री का विरोध करना, उनकी आलोचना करना और उन्हें अपशब्द कहना प्रतीत होता है। मुझे नहीं लगता कि भारत की जनता इस प्रकार की एकता चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष का एकसूत्रीय एजेंडा वोट की खातिर प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करना भर है तो वह गलत साबित होगा। सीतारमण ने कहा, पिछले दस वर्षों में भारत के लोगों ने देखा है कि गांवों में किस प्रकार से सुधार हुए हैं, पहुंचने के साधन बेहतर हुए हैं, आम लोगों तक किस प्रकार से मूलभूत सुविधाएं पहुंची हैं, किस प्रकार से देश तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रत्एक नागरिक इस सशक्त होती गाथा का हिस्सा बनना चाहता है। भारत की जनता प्रत्एक दल से अधिक की चाहत रखती है, न कि प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों की। विपक्ष के 26 दलों ने अगले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को कड़ी चुनौती देने के प्रयास के तहत मंगलवार को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) नाम से नए गठबंधन की घोषणा की थी।

## भाजपा को हराएगा इंडिया, किसी पद की चाह नहीं है: ममता बनर्जी

**एजेंसी/ कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि अगले साले होने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस) भाजपा को हराने में सफल रहेगा। उन्होंने जीतेगा भारत के नारे को दोहराया। बनर्जी ने इस बात पर भी जोर दिया कि उनका सारा ध्यान किसी पद की इच्छा रखने के स्थान पर गठबंधन (इंडिया) की जीत पर है। मणिपुर संकट को लेकर केन्द्र सरकार के खिलाफ हमला जारी रखते हुए तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की



बेटी बचाओ योजना अब बेटी जलाओ में बदल गई है।बनर्जी ने जानना चाहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा में 160 से ज्यादा लोगों की मौत होने के बावजूद केन्द्र सरकार ने वहां केन्द्रीय दलों को क्यों नहीं भेजा है।

उन्होंने कहा, 26 राजनीतिक दलों ने जो गठबंधन (इंडिया) बनाया है, मैं उससे खुश हूं। अब से हमारा नारा होगा जीतेगा भारत। भविष्य में हमारे सभी कार्यक्रम इंडिया के बैनर तले होंगे। विपक्षी गठबंधन के सबसे मुखर नेताओं में शामित ममता बनर्जी ने अपना रूख स्पष्ट करते हुए कहा, हमें किसी पद की परवाह नहीं हैअ हम सिर्फ हमारे देश में शांति और भाजपा को सत्ता से बाहर करना चाहते हैं। भाजपा सरकार ने शालीनता की सभी हदें पार कर दी हैं और अब समय आ गया है कि लोग उन्हें सत्ता से हटा दें। हमें याद रखना चाहिए कि अगर 2024 में भाजपा सरकार की सत्ता में वापसी होती है तो हमारे देश में लोकतंत्र नहीं बचेगा। हमें उन्हें सत्ता से बाहर फेंकना होगा।

## शिवसेना उद्धव गुट ने मणिपुर में एन बीरेन सिंह की सरकार को बर्खास्त करने की मांग की

**एजेंसी/ मुंबई**

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने का एक वीडियो सामने आने के बाद शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट) ने शुक्रवार को एन बीरेन सिंह नीत मणिपुर सरकार को बर्खास्त करने तथा वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। शिवसेना (यूबीटी) नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने कहा कि मणिपुर की भयावह घटना ने पूरी दुनिया में देश की छवि खराब की है। उन्होंने कहा, सरकार (मणिपुर) को बर्खास्त कर देना चाहिए और राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए। केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए, शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र



मोदी ने 56 दिनों के बाद इस मुद्दे पर बात की है। वह भी संसद के बाहर। राउत ने कहा कि यूरोपीय संघ की संसद ने मणिपुर में हिंसा पर चर्चा की लेकिन अगर प्रधानमंत्री मोदी, संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं करते हैं तो यह लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। मणिपुर हिंसा पर पहली सार्वजनिक टिप्पणी में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री ने महिलाओं के साथ हुई क्रूरता पर गहरा दुख व्यक्त किया था तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने की बात कही थी।

## पीएमएलए मामला : न्यायालय ने सेंथिल बालाजी की याचिका पर ईडी से जवाब मांगा

**एजेंसी/ नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में तमिलनाडु के मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के मद्रास उच्च न्यायालय के 14 जुलाई के आदेश को चुनौती देने वाली उनकी तथा उनकी पत्नी मेगाला की याचिकाओं पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति एम सुंदरेश की पीठ ने याचिकाओं पर ईडी को नोटिस जारी किया तथा मामले में अगली सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख तय की। मंत्री और उनकी पत्नी ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए शीर्ष न्यायालय में दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

**निंदा** देश की सांस्कृतिक राजधानी माने जाने वाले कोलकाता में फिल्म निर्माताओं और चित्रकारों ने इस घटना की एक स्वर में निंदा की।

## मणिपुर वीडियो: बंगाल के बुद्धिजीवियों ने घटना को शर्मनाक करार दिया

**एजेंसी/ कोलकाता**

मणिपुर में भीड़ द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के वीडियो ने पश्चिम बंगाल में नागरिक संस्था को स्तब्ध कर दिया है, जिसने इस घटना को शर्मनाक करार दिया है। देश की सांस्कृतिक राजधानी माने जाने वाले कोलकाता में फिल्म निर्माताओं और चित्रकारों ने इस घटना की एक स्वर में निंदा की। फिल्म निर्माता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अपर्णा सेन मणिपुर की घटना पर प्रतक्रिया के लिए आग्रह




करने पर रो पड़ीं और उन्होंने इस घटना को नारीमेध यज्ञ (नारी की आहुति देना) करार दिया। उन्होंने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से कहा, मुझे नहीं पता कि इस तरह की घटना पर क्या कहना चाहिए या इस तरह की घटना पर कैसे प्रतिक्रिया व्यक्त किया जाना चाहिए... मैं देख सकती हूं कि (मणिपुर में) एक नारीमेध यज्ञ हुआ है। अगर मैं कुछ बोलूं तो क्या इससे कोई फर्क पड़ेगा? हम वर्षों से अपनी राय दे रहे हैं। क्या वह कोई मायने रखता है?

उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि आने वाले दिनों में हमें अपनी शिकायतें खुलकर व्यक्त करने दिया जाएगा, या नहीं। बंगाली अभिनेता परमब्रत चटर्जी ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मणिपुर के वीडियो ने उन्हें स्तब्ध कर दिया है। उन्होंने कहा, इसे देखकर विश्वास नहीं कर पा रहा हूं कि ऐसा वास्तव में हुआ है। मैं यह सोचकर कांप उठता हूं कि सभ्य समाज में ऐसा वास्तव में हो सकता है। यह बात मुझे मानसिक रूप से परेशान कर रही है कि ऐसी घटना मेरे देश में भी हो सकती है। अभिनेता ने कहा, महीनों से हम मणिपुर की स्थिति के बारे में सुन रहे हैं। दिन-प्रतिदिन हम क्रूरताओं के बारे में खबर सुनते हैं

## खास ख़बर

### बसनही थाना पुलिस ने अलग-अलग मामले में एक व्यक्ति को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षाराज (सहरसा)।**बसनही थाना पुलिस ने शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर मगवार गांव से एक व्यक्ति छुतहरु सादा को नाग बाबा के स्थान से एक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। दूसरी व्यक्ति ढक्कन मुखिया को साकिन बड़गांव से 11.5 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बावत बसनही थाना अध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि कल शाम गुप्त सूचना मिली की एक व्यक्ति छुतहरु सादा चोरी के मोटरसाइकिल पर चढ़ रहा है। जिसकी सूचना मिलने पर उक्त स्थान पर पहुंच कर गिरफ्तार लिया गया। गिरफ्तार दोनो अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में सहरसा भेज दिया गया।

### बी एन एम वी कॉलेज में चल रही स्नातक तृतीय खंड ग्रुप ए एवम ग्रुप डी की परीक्षा सम्पन्न



**मधेपुरा।**भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा की अंगीभूत ईकाई बी एन एम वी कॉलेज साहुगढ़ मधेपुरा में स्नातक थर्ड पार्ट की परीक्षा प्रथम पाली ग्रुप डी में जहां 354 परीक्षार्थी शामिल हुए वहीं द्वितीय पाली ग्रुप ए में 398 स्टूडेंट्स परीक्षा कक्ष में उपस्थित रहे।कॉलेज के केंद्राधीक्षक सह प्रधानाचार्य डा.अरविंद कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा ली गई। ग्रुप डी एवम ग्रुप ए की परीक्षा सम्पन्न हो गई। शुक्रवार को जीईएस की परीक्षा हुई। इधर विश्वविद्यालय से प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक डा.अशोक कुमार ने चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया। इस मौके पर परीक्षा हॉल में उनके साथ प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार, डा. मृत्युंजय कुमार अध्यक्ष शिक्षक संघ, परीक्षा नियंत्रक डा. प्रभाकर कुमार , डा. सत्येंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### विकास की रोशनी से अछूता है बसनही गांव



**ग्वालपाड़ा।** यूं तो बसनही सहरसा जिले में पडता है लेकिन वह मधेपुरा जिले से सटा हुआ है ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र के पीरनगरा पंचायत से सटे यह गांव है बसनही ।आज भी यह गांव विकास की रोशनी से कोसों दूर है । बसनही से सटे पश्चिम एक बरसाती नाला बहता है जिसमें एक कलभट या छोटा पुलिया अगर हो जाए तो उसकी दूरी अतलखा होते हुए सोनवर्षा से दुरी बहुत कम हो जाएगी एवं यातायात में सुगमता हो जाएगी लोगों की माने तो बसनही में विद्यालय एवं प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र भी है लेकिन सड़क के अभाव में लोगों को बहुत दूरी तय करनी पड़ती है अगर इस बरसाती नाला में कलभर्ट बन जाए तो बहुत कम दूरी हो जाएगी। प्रखंड मुख्यालय सोनबरसा जाने में आज अगर किसी मरीज को रेफर किया जाता है तो 50 किलोमीटर घूम के उसे सोनवर्षा जाना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग है कि इस बरसाती नाला में अगर कलभर्ट या छोटा पुल बन जाए तो गांव में के बहुत बड़ी आबादी को लाभ होगा ।जबकि वर्तमान विधायक अब मंत्री बन चुके हैं और यह उनका तीसरा कार्यकाल है लेकिन आज भी इस गांव को कोई देखने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने सांसद दिनेश चंद्र यादव एवं आलमनगर के लोकप्रिय विधायक नरेंद्र नारायण यादव स्थानीय विधायक सह मंत्री रत्नेश सदा विधान परिषद सदस्य डॉ. अजय कुमार सिंह विधान परिषद सदस्य डॉ संजीव कुमार सिंह एवं विधान परिषद सदस्य डॉ एनके यादव से मांग किया है कि जनता की कष्ट को देखते हुए अविलंब इस पीड़ा को दूर किया जाए। इस बाबत वरीय समाजसेवी शिशिर झा ने बताया कि इस पुलिया के बनने से गांव में विकास की रोशनी आएगी एवं दलित महादलित सहित एक बहुत बड़ी आबादी को लाभ होगा।

# प्रधानाचार्यो की बैठक कर कुलपति ने की अधिसूचना की समीक्षा

### सभी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा ही संप्रेषित थे को शिक्षा विभाग को भेज दिया गया।



**मधेपुरा/**भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा के केंद्रीय पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. डा. आर के पी रमण ने प्रधानाचार्यों की बैठक कर अधिसूचना की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में श्री कृष्णा विश्वविद्यालय उदाकिशुनगंज के माननीय कुलपति सह अध्यक्ष बिहार प्रदेश अनुदानित डिग्री महाविद्यालय प्रधानाचार्य महासंघ डा. अशोक कुमार, प्रधान महासचिव डा. माधवेन्द्र झा के अलावे सभी अनुदानित डिग्री महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवम प्रतिनिधि मौजूद दिखे। सभा के प्रारंभ में प्रधान महासचिव डा. माधवेंद्र झा ने विस्तार से चर्चा करते हुए स्पष्टतः बताया कि सभी अनुदानित श्रेणी के महाविद्यालय प्रशासन द्वारा शिक्षा विभाग एवं भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के द्वारा जारी निर्देश के आलोक में ऑनलाइन प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि विहित प्रपत्र में उपस्थित/अनुपस्थित शिक्षक/कर्मचारियों कि दैनिक उपस्थिति, अनुपस्थित शिक्षक एवम कर्मचारियों पर की गई दंडात्मक करवाई की सूचना नोडल कार्यालय के मेल पर 01बजे अपराह्न तक भेजा जाय। सभी महाविद्यालयों द्वारा सच्ची उपस्थिति विवरणी, शिक्षा विभाग के सुधारात्मक प्रयास से उत्तरोत्तर शैक्षिक विकास का स्टेटस रिपोर्ट भेजा जाते रहा। दिनांक 18 जुलाई 2023 को वगैर किसी महाविद्यालय का निरीक्षण किए महाविद्यालयों के पारदर्शी एवम स्पष्ट उपस्थिति विवरणी को छिपाकर अनुपस्थित शिक्षक एवं कर्मचारियों के प्रतिवेदन जो सभी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा ही संप्रेषित थे को शिक्षा विभाग को भेज दिया गया। यदि महाविद्यालय प्रशासन को शैक्षिक सुधार की मनसा नही रहती तो झूठा प्रतिवेदन भी भेज सकती थी। विश्वविद्यालय पदाधिकारी के अपरिपक्वता एवं संवेदनहीनता के कारण सही प्रतिवेदन नही भेजकर शिक्षा विभाग को गुमराह करने का प्रयास किया गया तथा शैक्षिक सुधार हेतु दृढसंकल्पित अनुदानित डिग्री महाविद्यालय के स्वच्छ छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया है। इसी क्रम में महाविधालय निरीक्षक ने एक प्रारूप पत्र जो बिना हस्ताक्षर के थे, दिखाते हुवे बचाव करना चाहा कि अपर मुख्य सचिव कार्यालय से ही अधिसूचित करने हेतु भेजा गया जिसे सिरे से खारिज करते हुए अध्यक्ष डा. अशोक कुमार ने बताया कि बिना हस्ताक्षर के इस प्रारूप पत्र से आपलोग शिक्षा विभाग को एवं अपर मुख्य सचिव को बदनाम करने की साजिश बंद करें। संबंधन समाप्ति की प्रक्रिया स्थलीय जांच के बाद संबंधन समिति, एकेडमिक काउंसिल, सिंडिकेट एवं सेनेट से अनुमोदन के बाद ही गलती पाए जाने पर हो सकती है। दो/चार शिक्षक एवम कर्मचारियों के अनुपस्थिति हेतु उन्हें चिन्हित कर दंडित की जा सकती है न कि गरीब, शोषित पिछड़े एवं अंतिम पायदान पर शिक्षा प्राप्ति हेतु प्रयत्नशील बच्चों के लिऐ स्थापित ऐसे शिक्षण संस्थानों को असंबद्धता का तुगलकी फरमान जारी कर। कुलसचिव के स्तर से किए गए भूल का सुधार करते हुए कुलपति प्रो. डा.आर के पी रमण ने संशोधित विज्ञप्ति जारी करने का निर्देश दिया कि महाविद्यालय प्रशासन अनुपस्थित शिक्षक/कर्मचारियों को तुरंत बर्खास्त कर गुणात्मक सुधार युक्त शिक्षा हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करें। नही आने वाले को बर्खास्त कर शून्य अनुपस्थिति का प्रतिवेदन भेजा जाय। बढ़ते क्रम में कुलपति ने कहा कि हम स्वयं प्रतिदिन पांच पांच अंगीभूत एवम अनुदानित डिग्री महाविद्यालय का निरीक्षण एवम उपस्थिति का मिलान करेंगे। शैक्षिक गुणवत्ता के साथ आधारभूत संरचना की जांच और छात्र छात्राओं का उपस्थिति प्रतिवेदन देखेंगे। करतल ध्वनि के साथ इस निर्देश का स्वागत किया गया है।

## सोशल मीडिया अफवाह फैलाये गए वीडियो को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन,प्रशासन से की करवाई की मांग



**जयनगर /मधुबनी/दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** जयनगर के पर्ण कुटी मंदिर परिसर में बोलबम सेवा समिति के द्वारा सोशल मीडिया पर कमिटी के बारे में अफवाह फैलाये गए वीडियो को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष शशि शेखर हजरा, सचिव अनुराग कुमार पंकज, संरक्षक मनोज चौधरी,कोषाध्यक्ष अजय कापड़, उप कोषाध्यक्ष सुर्यदेव पासवान,संतोष साह,रंजीत राय ने संयुक्त रूप से बताया कि बीते रविवार को दरभंगा का दो कांवरिया जयनगर आया था।उसके बाद दोनों कांवरिया ने कमलानदी में स्नान किया।जिसमे एक कांवरिया सचिन कुमार तुरंत स्नान करके बाहर निकल गया।और दूसरा कांवरिया अमित ने अपने दोस्त को बताया कि हम अभी और स्नान करेंगे।तुम मेरा इंतिजार करो और फाटक के पास कूद कूद कर अमित नहाने लगा।नदी में कांवरियों की भीड़ काफ़ी थी।एक घण्टा तक इंतिजार करने पर सचिन अपने दोस्त को खोजने लगा नही मिला तो कमिटी के कार्यालय के पास आकर कमिटी के सदस्यों को कहा कि मेरा एक दोस्त खो गया है आप मैकिंग कर दीजिए।कमिटी के द्वारा कई बार मैकिंग किया गया।लेकिन नही मिला उसके बाद कमिटी के सदस्यों से सचिन ने कहा तीन नंबर फाटक के पास वह स्नान कर रहा था।कमिटी के सदस्यों ने तुरंत वहाँ मल्लाह रोज़िन मुखिया और जीवछ मंडल के साथ जाकर खोजबीन शुरू कर दिया।लेकिन वहां नही मिला फिर एक-एक कर सभी फाटकों के पास जाकर खोजबीन किया गया तो वह छः नंबर फाटक के पास मिला।उसके तुरंत बाद कमिटी, एसडीआरएफ टीम और सदस्यों के द्वारा जयनगर अनुमंडल अस्पताल पहुँचाया गया।जहाँ डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।उसके बाद कमिटी के सदस्यों ने अमित और सचिन दोनों के अभिभावकों को घटना की जानकारी दिया।लेकिन एक सोशल मीडिया कर्मी के द्वारा सोशल मिडिया पर यह अफवाह फैला दिया गया की कमिटी के द्वारा उस कांवरिया को कुछ भी सहयोग नही किया गया।कमिटी के लोग वहां दो घण्टा के बाद पहुँचा।जो कि बिल्कुल गलत है।कमिटी के सदस्यों के द्वारा उस सोशल मीडिया कर्मी को कई बार कॉल भी किया गया लेकिन वह फोन नही उठाया नही वह आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कार्यक्रम में वह आया।इससे साफ जाहिर होता है।उस मीडिया कर्मी द्वारा कमिटी को बदनाम करने की साजिश रची गई है।वही इस घटना के बारे में सभी लीडिंग अखबारों में कमिटी के द्वारा सहयोग करने के खबर छपी है।अतः स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन से मांग करते है।कि उक्त सोशल मीडिया कर्मी के द्वारा जो खबर चलाया गया है कि कमिटी के द्वारा उस कांवरिया को कुछ भी सहयोग नही किया गया।उस पर अपने स्तर से जांच कर करवाई की जाए।जिससे श्रावणी मेला में शांति व्यवस्था बना रहे।

## सिविल सर्जन,अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, सांसद ,विधान परिषद सदस्य व स्थानीय विधायक को दिया गया आवेदन

### आशा बहाली में जम के हो रही है लूट-खसोट

**उदाकिशुनगंज** ।मधुबन पंचायत के वार्ड नंबर 11 में विगत दिनों से आशा चयन की प्रक्रिया निर्धारित तिथि से आगे बढ़ती जा रही थी। आज एकाएक आशा की बहाली के लिए बिना किसी को जानकारी दिए बैठक आहूत की गई ।

जिसमें पीएचसी प्रभारी रुपेश कुमार, बीसीएम मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि प्रीतम मंडल पुलिस दल बल लेकर मधुबन पंचायत के वार्ड 11 स्थित दुर्गा स्थान पहुँच कर गांव की लड़की वार्ड की बेटी रीना कुमारी का चयन कर लिया गया।

जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो पुलिस द्वारा उन्हें डराया धमकाया गया और कहा गया यही कानून है।

मालूम हो कि आशा चयन प्रक्रिया में गांव की बेटी नहीं होनी चाहिए तथा उसके परिवार के सदस्य सरकारी एवं गैर सरकारी नौकरी में नहीं होनी चाहिए।

रिना कुमारी कि सास मध्य विद्यालय उदाकिशुनगंज में शिक्षिका एवं ससुर चौकीदार है। फिर भी वार्ड 11 में नियम को ताक पर रखकर इनकी बाहाली की गई।

जो कि सरासर अवैध एवं गैर कानूनी है। कुछ ग्रामीणों ने देवेश्वर में बताया कि इस बहाली के लिए बरसों पहले भुगतान कर दिया गया था। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य कर्मी के सहयोग से इस गैरकानूनी काम को अंजाम दिया गया।

लोगों ने यहां तक आरोप लगाया कि वह स्थानीय मुखिया का खास आदमी है। जिसके कारण यह बहाली को किया गया। स्थानीय मुखिया अपने घर के सामने में पुलिस दल बल के साथ मीटिंग करें तो आप अंदाजा लगा सकते हैं, क्या हो रहा है,और कितनी लूट मची है।

## गवर्नमेंट पॉलिटेकनिक, अररिया में एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन 24 को

**अररिया।**गवर्नमेंट पॉलिटेकनिक, अररिया के प्रागण में दिनांक 24.07.2023 को एक दिवसीय जॉब कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे HR Team, Subros Limited, Ahmedabad, Gujarat के अधीन Diploma Apprentice Trainee एवं Diploma Engineering Trainee के पद हेतु आवेदन लिया जायेगा। इस जॉब कैम्प में Subros Limited, Ahmedabad, Gujarat के द्वारा नीचे उल्लेखित रिक्तियों पर नियुक्ति होगी। निर्धारित योग्यता रखने वाले बिहार के कोई भी बेरोजगार युवक इस जॉब कैम्प में भाग ले सकते है। जानकारी देते हुए जिला नियोजन पदाधिकारी अररिया ने बताया कि जॉब कैम्प में भाग लेने वाले उम्मीदवार अपना आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो, निबंधन फॉर्म एवं सभी मूल प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति अवश्य लाएं। नियोजक निजी क्षेत्र के हैं। अतएव नियोजन की शर्तों के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार है। इस जॉब कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। जिला नियोजनालय अररिया मात्र सुविधा प्रदाता की भूमिका में है एवं इसके लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं है। पुरुष ही आवेदन कर सकते हैं। वेतन प्रथम वर्ष 13050/- द्वितीय वर्ष 16050/एवम तृतीय वर्ष 17750/- रूपए दी जाएगी।

## मणिपुर में सभ्यता का चीरहरण हुआ है और संस्कृति का हुआ है पाताल पतन- राजद प्रदेश उपाध्यक्ष डा.शत्रुघ्न मंडल



**अररिया।**मणिपुर में पिछले 78 दिनों से हिंसा जारी है. इसे दबाने में केंद्र सरकार और राज्य सरकार फिलहाल नाकाम है. अब प्रदेश का माहौल और गर्म हो गया है. दरअसल वहा से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दो महिला को निर्वस्त्र कर घुमाया जा रहा है. जिसका वीडियो सामने आया है. जो काफी शर्मसार करने वाली है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर शत्रुघ्न मंडल ने कहा मणिपुर में सभ्यता का चीरहरण हुआ है और संस्कृति का पाताल-पतन हुआ है । मणिपुर में अनवरत जारी हिंसा व तनाव से पूरा देश चिंतित है, महिला के साथ अभद्रता की ताजा घटना खासकर भाजपा व उनकी सरकार को शर्मसार करने वाली है। डाक्टर शत्रुघ्न मंडल ने कहा-अत्यंत दुख की बात है कि मणिपुर में हिंसा बंद होने का नाम नहीं ले रही है। इससे पूरा देश चिंतित है। भाजपा की लापरवाही की वजह से मणिपुर में अभी तक 142 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।मणिपुर में 56 इंच सीना वाली डबल इंजन की सरकार की छत्रछाया में बहुसंख्यक, शोषित-वंचित व गरीब तबके के लोगों को रौंदा जा रहा है , महिलाओं पर अत्याचार की सारी हदें लांघ दी गई हैं।जिस प्रकार से 5-10 हजार लोगों के घरों को फूंक दिया गया , 60-75 हजार लोग घर से बेघर होकर कैंप के शिविर मे शरण ले रहे है , आज देश जवाब मांग रहा है। सत्ता में बैठी केंद्र की सरकार सत्ता के नशे में चूर है। बताए जिम्मेदार कौन?

## एस एस बी 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने छात्र/छात्राओं को कराया भारत-नेपाल सीमा भ्रमण



**अररिया/प्रो. रंजन ठाकुर।**भारत सरकार, गृह मंत्रालय के तत्वाधान व श्री महेंद्र प्रताप कमांडेट के निर्देशन में 52 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 20/07/2023 को उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय लाईलोखर के छात्र/छात्राओं को भारत-नेपाल सीमा का भ्रमण कराया गया। यह कार्यक्रम "अपने पुलिस बलों को जानें" विषय पर आधारित है जिसमें कुल 22 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। कंपनी कमांडर श्री सी0 विवेक ने छात्र/छात्राओं को एसएसबी के गठन तथा कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी व भविष्य में केन्द्रीय पुलिस बलों में भर्ती होकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही छात्र/छात्राओं को सीमा पर ले जाकर नोमेंस लैंड तथा बॉर्डर पिलर के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा पडोसी मित्र राष्ट नेपाल की भाषा, संस्कृति आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। कंपनी कमांडर श्री सी0 विवेक ने कहा कि स्कूलीय बच्चों को भारत-नेपाल अंतरराष्टीय सीमा भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं को भारतीय सशस्त्र बलों की ड्यूटी, जवानों की कार्यशैली तथा अंतरराष्टीय सीमा की जानकारी देना है। इस भ्रमण से छात्र/छात्राओं में देश के जवानों के प्रति सम्मान की भावना बड़ेगी व केन्द्रीय सशस्त्र बलों में भर्ती होने हेतु इच्छा जाग्रत होगी।

**विदाई** ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय विश्वविद्यालय का सबसे महत्वपूर्ण महाविद्यालय है- डॉ. गजेन्द्र कुमार

# डॉ. गजेन्द्र कुमार का सम्मान सह विदाई समारोह आयोजित



**मधेपुरा।**स्नातकोतर इतिहास विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के सेवानिवृत अध्यक्ष डॉ. गजेन्द्र कुमार का विदाई सह सम्मान समारोह शुक्रवार को महाविद्यालय के शिक्षक प्रकोष्ठ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. गजेन्द्र कुमार ने कहा कि ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय विश्वविद्यालय का सबसे महत्वपूर्ण महाविद्यालय है। इसका गौरवशाली इतिहास है। यहां आकर बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिली, उसे उन्होंने ठीक ढंग से पूरा करने की हरसंभव कोशिश की। हमेशा समर्पित भाव से कार्य किया और विश्वविद्यालय को नंबर वन पर लाने परीक्षा सत्र को नियमित करने का हरसंभव प्रयास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा कुमारी ने कहा कि डॉ. कुमार ने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे। महाविद्यालय में विभागाध्यक्ष एवं छात्रावास अधीक्षक और विश्वविद्यालय में महाविद्यालय निरीक्षक, परिसंपदा पदाधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक रहे। इन्होंने सत्र नियमितिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि हमारा यह भी दायित्व है कि हम संस्थान को भी आगे बढ़ाएं। जब संस्थान आगे बढ़ेगा, तभी हम सब आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा डॉ. कुमार अपने सेवाकाल में जहां भी रहे, वहां हमेशा संस्थान के प्रति समर्पित रहे। उन्होंने संस्थान के हित को अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर रखा।इसके पूर्व डॉ. गजेन्द्र कुमार को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न और डायरी, कलम एवं भगवद्गीता भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव डॉ. दिनेश यादव और धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने किया। कुलानुशासक डॉ. विश्वनाथ विवेका ने अपनी एक स्वरचित कविता 'समय अपनी गति में सदा गतिमान रहता है' सुनाई। इस अवसर पर अर्थपाल डॉ. मिथिलेश कुमार अरिमर्दन, रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ए. के. मल्लिक, बैंक अधिकारी अजय कुमार, डॉ. मनोज कुमार यादव, डॉ. उपेन्द्र प्रसाद यादव, दीपक कुमार राणा, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. विजया कुमारी, डॉ. खुशबू शुक्ला, डॉ. रोहिणी, डॉ. जावेद अहमद, डॉ. आशुतोष कुमार, अर्जुन साह, डॉ. अरविंद कुमार, नारायण विवेकानंद, मणिष कुमार, माधव कुमार, सौरभ कुमार चौहान, दिलीप कुमार दिल आदि उपस्थित थे।

## सोनवर्षाराज थाना में मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षा राज (सहरसा)।**प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम को लेकर क्षेत्र के सोनवर्षा राज, बसनही थाना प्रागंण में शांति समिति की बैठक शुक्रवार को थानाध्यक्ष प्रमोद झा व अविनाश कुमार की अध्यक्षता व सीओ उदयशंकर मिश्रा की उपस्थिति में किया गया बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, दोनों समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित थे।बैठक में तजिया जुलूस निकाले जाने व मेले की जानकारी पदाधिकारियों द्वारा ली गई।सीओ सोनवर्षा राज उदयशंकर मिश्रा ने कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे के साथ साथ शांति का पैगाम देने वाला पर्व है।प्रशासन के निर्देश के अनुसार ही तय मार्ग से तजिया ले जाना अनिवार्य होगा।बिना लाईसेंस के तजिया जुलूस निकलने व निर्देश का पालन करने के लिए तजिया कमिटी को कहा गया है और आपस में पूर्व कि तरह सभी मिलकर सोहार्दपूर्ण बातावरण में मनाने की अपील की।थानाध्यक्ष प्रमोद झा ने कहा कि क्षेत्र अन्तगर्त सभी कमिटी के अध्यक्ष व सचिव को आवश्यक कागजात अविलंब जमा कर लाईसेंस प्राप्त कर लें।जिससे किसी तरह की कोई परेशानी न हो।और किसी भी अफवाहों पर ध्यान नहीं देने व असमाजिक तत्वों के साथ साथ नशापान करने वाले किसी तरह की करतब नहीं दिखाएंगे।किसी तरह की कोई सूचना मिलने पर अविलंब इसकी जानकारी स्थानीय प्रशासन को देने की बात कही गई।

## ख़ास ख़बर

### माता लक्ष्मी का रथ अग्रोहा से सहरसा पहुँचने पर मारवाड़ी समाज ने की पुजा अर्चना






**दैनिक शुभ भास्कर/ सुभाष चंद्र झा/सहरसा/**धन सुख समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी का रथ हरियाणा के अग्रोहा से चलकर विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए शुकवार को सहरसा पहुंचा। रथ के सहरसा पहुंचने पर मारवाड़ी युवा मंच सहरसा शाखा, बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के सदस्यों तथा बिहार मारवाड़ी प्रादेशिक महिला शाखा की महिलाओं के अलावा मारवाड़ी समाज के गणमान्य व्यक्तियों के साथ काफी संख्या महिलाएं उपस्थित थी। सर्वप्रथम माता लक्ष्मी को चुनरी उढ़ाई गयी उसके उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से माता लक्ष्मी की आरती उतारी। इस कार्यक्रम में युवा मंच के सचिव आदित्य मित्तल, प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष गोपाल साकेत, अमर दहलान,सुषमा दहलान उपस्थित थी। इस कार्यक्रम में राधेश्याम अग्रवाल, राजेश यादुका, नितेश अग्रवाल, श्रवण खेतान, आन्नद भीमसेरिया, विनित दारुका, सुमित केजरीवाल के साथ और भी गणमान्य लोग मौजूद थे।ज्ञात हो कि मारवाड़ी समाज के द्वारा समय-समय पर धार्मिक अनुष्ठान के साथ साथ सामूहिक रूप से सभी समाज के बीच सेवा कार्य भी चलाए जाते है।

### सभी प्रखंडों में अल्ट्रासाउन्ड क्लिनीक का निरीक्षण करे सीओ व स्वास्थ्य पदाधिकारी- मुख्य राज्य सचिव




**सहरसा/** मुख्य सचिव, बिहार, पटना की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के प्रशिक्षण एवं समीक्षात्मक बैठक का आयोजन एनआईसी, के माध्यम से शुक्रवार को किया गया। जिसमें जिले के सभी जिला पदाधिकारी एवं सभी सिविल सर्जन द्वारा भाग लिया गया। राज्य स्तर के दिशा-निर्देशानुसार पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट में निहित प्रावधान के अनुसार लिंग परिक्षण एक कानूनी अपराध है। जिसके अन्तर्गत वैसे सभी अल्ट्रासाउन्ड सेंटर जहां इस प्रकार का कार्य होता है।अविलंब उक्त सेंटर पर कानूनी कारवाई करते हुए उस सेंटर को सील करने का निर्देश दिया गया है। जिलान्तर्गत सभी संचालित अल्ट्रासाउन्ड सेंटर को पीसी एंड पीएनडीटी पोर्टल पर आनलाइन प्रविष्टि एक सप्ताह के अंदर करने हेतु निदेश दिया गया।अवैद्य रूप से संचालित अल्ट्रासाउन्ड सेंटर पर आवश्यक कानूनी कारवाई की जाय। जिलास्तर पर सहरसा जिला में सभी प्रखंडों में अल्ट्रासाउन्ड क्लिनीक का निरीक्षण करने हेतु अंचलाधिकारी एवं प्रखंड प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का संयुक्त रूप से छापा दल का गठन किया गया है।

### प्रखंड के चार केंद्रों पर गत 16 जुलाई से आयोजित बाबा अंबेडकर परिचर्चा का हुआ समापन

**दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षाराज (सहरसा)।** प्रखंड क्षेत्र में राजद प्रदेश कमेटी के निर्देश पर बीतें 16 जुलाई से प्रारंभ बाबा साहेब अंबेडकर परिचर्चा कार्यक्रम शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। राजद के प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मुन्ना ने बताया कि क्षेत्र के 19 पंचायतों के लिए कुल चार केन्द्र क्रमशः मंगला बाजार, मोकमा, विराटपुर व सहशौल में बाबा साहेब अंबेडकर परिचर्चा का आयोजन किया गया।परिचर्चा के दौरान बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों पर विस्तार से चर्चा कर आने वाले समय में संविधान रक्षा एंव साम्प्रदायिक ताकतों से निपटने हेतु अपने मतदान के ताकत का सही उपयोग करने की सलाह दी गई।परिचर्चा हेतु गठित प्रखंड स्तरीय टीम में अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह मुन्ना, पूर्व जिला पार्षद अरुण कुमार यादव, ललन कुमार यादव, ब्रजकिशोर शर्मा, अरविंद यादव, मनोरंजन सिंह, मजहर आलम, मो इशाख,माधो शर्मा व बीपीएससी कोर कमेटी के सदस्य संजय गोप आदि शामिल थे।

# प्राकृतिक चिकित्सा के नियमित उपचार से मिलता है अद्भुत लाभ- आचार्य प्रभाकर

**प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार की विधि बताया गया।**



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/**साधना स्थल खजुरी में गुरुवार के प्रातः काल प्राकृतिक चिकित्सा से उपचार की विधि बताया गया। जिसमें कटि स्नान, मिट्टी स्नान ,गोबर स्नान, जलनेति भी कराया गया।बाबाजी लक्ष्मीनाथ योगपीठ सेवक प्रभाकर ने आज सभी योग साधक को प्राकृतिक चिकित्सा और हठयोग का अभ्यास साधना स्थल में कराए।उन्होंने कहा केवल आसन प्राणायाम करने से रोग बीमारी बिल्कुल स्वस्थ नहीं हो जाता उसमें थोड़ी सहयोग प्राकृतिक चिकित्सा, हठयोग का उपचार लेना होता है।प्राकृतिक चिकित्सा में कटि स्नान से अद्भुत लाभ मिलता है।पूरे प्रक्रिया को करने में 18 मिनट का समय लगता है।दो कटि स्नान का टभ रखना होता है जिसमे 3 मिनट गर्म पानी में फिर 1 मिनट ठंडा पानी में इस प्रकार से तीन बार दोहराया जाता है।एसिडिटी कब्ज तो पहले दिन से ठीक होने लगता है।पाचन क्रिया को मजबूत बनाता है। पेट को बिल्कुल साफ कर देता है। पेट से संबंधित बीमारी को ठीक करता है। यूरिक एसिड प्रॉस्टेट ग्लैंड बार-बार पेशाब आना एक साथ सभी बीमारी में लाभ मिलता है।मिट्टी स्नान प्राचीन काल से चला आ रहा है प्राकृतिक चिकित्सा जिसमें मिट्टी स्नान का विशेष महत्व है।शरीर को तरोताजा और ऊर्जावान बनाता है।कब्ज स्नायु दुर्बलता ,तनाव सिरदर्द, मोटापा सभी प्रकार के चर्म रोग में लाभ मिलता है।घाव,फोरा,फुनसी वाले स्थान पर मिट्टी का प्रयोग ना करें।रासायनिक खाद वाले मिट्टी का भी प्रयोग ना करें।जमीन से 2 फुट 3 फुट नीचे के मिट्टी का उपयोग करें।वही उपयोग किए हुए मिट्टी का प्रयोग दूसरी बार ना करें।गोबर स्नान गावो वसति लक्ष्मी गाय के गोबर में लक्ष्मी का वास होता है। हम सभी पूजा पाठ में ही गाय के गोबर का उपयोग करते हैं ।चर्म रोग के लिए अचूक उपाय है गोबर से स्नान करना।गोबर ताजी हो जिस गाय के गोबर का लेप करेंगे उस गाय को एक सप्ताह पूर्व तक दवाई नहीं पिलाया गया हो।सोरायसिस, एग्जिमा, खुजली, दिनाय, सफेद दाग पुराना से पुराना चर्म रोग को ठीक करता है घुटनों के रोग में भी काफी लाभ मिलता है। नेति कई प्रकार से किए जाते हैं जिसमें सबसे सरल सहज है जल नेति। 1 लीटर गुनगुने पानी में एक चम्मच नमक दें।उसे स्वच्छ कपड़ा से छानकर कुर्सी पर बैठकर या जमीन पर बैठकर भी कर सकते हैं।यह मस्तिष्क को शीतल कर देता है।सिर के दर्द एलर्जी को ठीक करता है। आंखों की रोशनी बढाता है। प्रदूषण से होने वाली बीमारी को ठीक करता है।गले संबंधी रोग को ठीक करता है स्वर ग्रंथि को स्वस्थ सबल बनाता है। एकाग्रता में वृद्धि होती है। याददाश्त बढ़ जाता है। मोटापा के कारण नींद में खराटा का आना ठीक हो जाता है।साधक प्रभाकर ने कहा नियमित योगाभ्यास सभी को करना चाहिए।भारत सरकार ने भी योग प्राकृतिक चिकित्सा का केंद्र सभी जिला में खोलने का निर्णय लिया है। साधना स्थल में महीने के प्रथम रविवार को प्राकृतिक चिकित्सा उपचार किया जाता है।शिविर को सफल बनाने में साधना स्थल के व्यवस्थापिका राजनंदिनी, शिवजी, निर्मल मिश्रा, नीतीश राजा बम-बम ,भूषण पिंकू मिश्र, आनंद कात्यायन, विशाल खेतान, सुजय सिन्हा, पंकज, विभूति , राजू, जयभद्र,दुखाराम सहित अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

# बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ ने 3 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय पर किया धरना प्रदर्शन







**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/ सहरसा/** बिहार राज्य पंचायत सचिव संघ के राज्य स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार शुक्रवार को 3 सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया।वही तीन सूत्री मांग का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा गया।जिला अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने बताया कि जिला पंचायत सचिव संघ के द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से 3 सूत्री मांगों को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि मुख्य मांगों में नवनियुक्त पंचायत सचिवों को गृह जिला या गृह प्रमंडल में पदस्थापित करने, ग्रेड पे 2000 के बदले 2800 रुपया किए जाने तथा कार्यरत सेवानिवृत्त एवं मृत पंचायत सचिवों को एसीपी एमएएसपी का लाभ देने की मांग शामिल है। उन्होंने बताया कि 3 सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है।

इस मौके पर राज्य स्तरीय संघर्ष समिति के शशि भूषण प्रसाद, सोहन साहु, मुकेश कुमार राम, कुणाल कुमार हिमांशु, नीतीश कुमार, अक्षय कुमार,प्रमोद कुमार,नीरज कुमार, कौशल कुमार, शशि पटेल, प्रशांत कुमार, विशाल सिन्हा, प्रीतम कुमार,संतोष कुमार, रजनीश कुमार,दीपक कुमार,सोनाली सहगल,नीलम कुमारी,संजू कुमारी, विजेंद्र प्रसाद, हरेंद्र पटेल, अंगद कुमार,पिंटू कुमार, प्रवीण यादव,सोहन साह,सुशांत कुमार, अमित कुमार, जितेंद्र ठाकुर विकास उपाध्याय,प्रेम किशोर, रोशन कुमार, अनूप कुमार एवं अभिषेक कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# बलवाहाट के बाद अब बघवा में डिग्री कालेज खोलने की उठी मांग



**अजय कुमार, दैनिक शुभ भास्कर, सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** अनुमंडल क्षेत्र में प्रस्तावित डिग्री कालेज खोलने की मांग अब धीरे धीरे जोर पकड़ने लगा है। बलवाहाट के अपूर्व उच्च विद्यालय की जमीन में खोलने की मांग के बाद अब बघवा में डिग्री कालेज खोलने की मांग स्थानीय ग्रामीणों ने किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने नजरी नक्शा सहित अपनी मांग पत्र सीओ को सौंपा है। मांग पत्र सौंपने के बाद ग्रामीण अमित कुमार, विद्यापति राय, सरपंच प्रशांत झा, सौरभ राय, शिवशंकर राय, आशिष ठाकुर, सागर राय, अजित राय, दीपक झा, सुमित झा, सुमन झा सहित अन्य ने बताया कि बघवा मुख्य मार्ग में स्थित राम पदारथ रामायणी प्लस टू उच्च विद्यालय के बगल में खाता 179, खेसरा 1284 जिसका रकवा करीब दो एकड़ जमीन जो सरकारी है वह डिग्री कालेज खोलने के लिए उपयुक्त हो सकता है चुंकि विद्यालय को भी करीब आठ एकड़ जमीन है। अगर दोनों जमीन को मिला कर डिग्री कालेज खोलता है तो आसपास के पहाड़पुर पंचायत, सिरवार-वीरवार, राजनपुर, ननहरवार, घोघसम, कठडुमर, बेलबाडा, धनपुरा सहित अन्य कई पंचायतों के छात्रों को सीधे लाभ होगा।

## झोलाछाप डॉक्टर के गलती से गयी 8 वर्षीय बच्चे की गई जान



**अजय कुमार, दैनिक शुभ भास्कर, सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** बनमा ईटहरी ओपी क्षेत्र के तेलियाहाट बाजार स्थित एक झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन से 8 वर्षीय किशोर कुमार की मौत हो गई। स्वयं को बचने के लिए डॉक्टर साहब मृत बच्चे को सहरसा के एक निजी क्लीनिक में रात भर आईसीयू में रखा और सुबह हुई तो बोले आई एम सॉरी आपके बच्चे को नहीं बचा सका कहकर फरार हो गया। बच्चे के पिता ने पुत्र का शव लेकर ननिहाल मोहनपुर लाया।जहां से शुक्रवार को परिजन के साथ शव को गोद में लेते हुए ओपी पहुंचा। जहां ओपी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया। घटना गुरुवार दोपहर बाद करीब 4 बजे की है। जब बच्चा स्वयं अपने घर से अपने नानी के साथ ढ़ेढ किलोमीटर पैदल आया और तेलियाहाट स्थित एक देहाती डॉक्टर जिसका नाम सुधीर यादव के मेडिकल दुकान पर पहुंचा।उनके मेडिकल दुकान पर ही बच्चे का इलाज शुरु कर दिया गया। इलाज में वह थर्मामीटर से चेक किया तो बुखार काफी तीव्र था। जिसके बाद डॉक्टर ने उसे चार इंजेक्शन लगा दिया। परिजन का आरोप है कि इंजेक्शन लगाते ही आंख बंद हो गया था। बच्चा छटपटाने लगा और दो बार उल्टी हुई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। डाक्टर अपने बचने के लिए आनन-फानन में वृद्ध महिला के गोदी से मृत बच्चा छीन कर वह अपने मोटरसाइकिल से बेहतर इलाज के बहाने सोनवर्षा ले गए। इधर मृतक बच्चे की वायोवृद्ध नानी तारा देवी का आरोप है कि उसकी मौत सुई लगने के बाद मौके पर ही हो गई थी। डॉ अपना ना फंसे इस बहाने हमारे गोद से बच्चा छीन कर सोनवर्षा लाया वहां भी डॉक्टरों ने दबी जुबान से मृत घोषित कर दिया। फिर एबुलेंस के सहारे सहरसा के निजी क्लीनिक में मृत बच्चे को रात भर आईसीयू में रखा और जब सुबह हुई तो कहता है कि बच्चा मर गया। जबकि मृत बच्चे की नानी पहले ही कह रही है कि तुम्हारे सुई से ही हमारे बच्चे की जान गई।

## जमीनी विवाद में मारपीट की घटना में एक जख्म



**अजय कुमार,दैनिक शुभ भास्कर, सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के ढ़ाब गांव में शुक्रवार को जबरन खेत जोतने के विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी व्यक्ति को आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर में इलाज के लिए परिजन द्वारा भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहेतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया।मारपीट की इस घटना में रमेश यादव के पुत्र नंदन कुमार जख्मी हो गया।घटना के बाद पीड़ित के भाई अमरजीत कुमार ने बख्तियारपुर थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही मनोज यादव,वीरबल यादव,अमित कुमार एवं पिंकेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।दिए आवेदन में कहा है कि उसके उपजाऊ खेत को उक्त आरोपितों द्वारा शुक्रवार को जबरन जोता जा रहा था।जिसकी सूचना किसी ने पीड़ित नंदन कुमार को दी।इसी दौरान नंदन कुमार खेत पर गया और उक्त लोगों को खेत जोतने से मना किया तो उक्त आरोपितों ने उसके साथ गाली गलौज करने लगा।जिसका उसने विरोध किया तो सभी लोगों ने उसे लाठी डंडे और हथियार के बट से मारपीट कर जख्मी कर दिया।जिसके बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गए।आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा होता देख सभी आरोपित घटनास्थल से फरार हो गया।दिए आवेदन में दो लाख रुपए रंगदारी मांगे जाने सहित साठ हजार रुपए छीन लेने की भी बात कही गई है।इस संबंध में बख्तियारपुर थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है।आवेदन के आलोक में मामले की जांच की जारी है।

## यात्री से भड़ा आटो अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से टकराया,चार जख्मी



**अजय कुमार, दैनिक शुभ भास्कर,सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)।** सिमरी बख्तियारपुर-सोनवर्षा राज एनएच 107 सड़क मार्ग के रंगीनियां पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की देर शाम यात्री से भड़ा एक आटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर जोड़दार ठोकर मार दिया।जिससे आटो में सवार चार यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गये।घटना के बाद घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी जख्मियों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल सिमरीबख्तियारपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी जख्मियों की स्थिति चिंताजनक देखते हुए बेहेतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सहरसा रेफर कर दिया।घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि यात्री से भरा एक आटो तेज रफ्तार में सिमरी बख्तियारपुर की दिशा से आ रहा था।जैसे ही आटो पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा की आटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में जोरदार ठोकर मार दिया।

**प्रतियोगिता** प्राचार्य डॉ डी के झा ने डीएम का स्वागत करते हुए उन्हें बुके और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# 31 वां नवोदय विद्यालय रीजनल क्रिकेट ट्रायल प्रतियोगिता का डीएम ने किया विधिवत उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/ सहरसा/**प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खेल की भावना से खेलें। खेल में हार-जीत लगी रहती है।यदि किसी कारणवश किसी का चयन नहीं होता है।तो उन्हें निराश होने की आवश्कता नहीं है।बल्कि उन्हें फिर से तैयारी करनी चाहिए।चूंकि उपविजेता के पीछे भी विजेता शब्द लगा रहता है।उक्त बातें जिलाधिकारी वैभव चौधरी में स्थानीय बरियाही बाजार स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित 31 वां त्रिदिवसीय रीजनल क्रिकेट ट्रायल मैच के विधिवत उद्घाटन के दौरान कही। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि बिहार और झारखंड की माटी से महेंद्र सिंह धौनी जैसे क्रिकेट खिलाड़ी हुए है।आप में भी संभावनाएं अनंत है।खेल के साथ-साथ पढ़ाई पर भी ध्यान दें। ताकि आपके माता पिता और गुरू आपको सम्मान के दृष्ट से देखे सकें। उन्होंने नवोदय विद्यालय के बच्चों से कहा कि मोबाइल और नशीली पदार्थ लेने से बचें।चूंकि अगर जीवन में कुछ करना है।तो इन चीजों का त्याग करना होगा।वही विद्यालय प्राचार्य डॉ डी के झा ने डीएम का स्वागत करते हुए उन्हें बुके और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

साथ ही रीजनल क्रिकेट ट्रायल मैच के आयोजन की संपूर्ण जानकारी प्रदान किया।उन्होंने बताया कि क्रिकेट ट्रायल मैच में बिहार,झारखंड और बंगाल के कुल 82 जवाहर नवोदय विद्यालय से चनियत लगभग 225 छात्र भाग ले रहे हैं।ट्रायल मैच में अंडर-14,अंडर-17 और अंडर-19 के खिलाड़ियों के टीम में कुल 14-14 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसके विजेता को नवोदय विद्यालय समिति के राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा।ज्ञात हो कि प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन खेल मैदान में डीएम ने पहले फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया। उससे पूर्व बच्चों के द्वारा स्वागतगान के साथ देश भक्ति के गीत पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन उपप्राचार्या नीलम कुमारी द्वारा किया गया।मौके पर विद्यालय के संजय कुमार, रूपाली कुमारी, डी एन झा, अनुग्रह प्रसाद, हीरा कुमार, मनीष कुमार, प्रदीप कुमार चौधरी, अरविंद कुमार, बिनोद बिहारी, संजय मिश्रा, नीरज कुमार, अजय कुमार, राजेश कुमार, उपेंद्र कुमार,राजीव झा, शंभू झा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, विद्यालय कर्मी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एसटीईटी परीक्षा से वंचित संगीत शिक्षक अभ्यर्थी का भी आवेदन लेने का उच्च न्यायालय ने दिया आदेश



**दैनिक शुभ भास्कर/सुभाष चंद्र झा/सहरसा/** रघुनंदन ठाकुर एवं अन्य की ओर से दायर रिट याचिका पर सुनवाई के बाद गुरुवार को पटना हाईकोर्ट ने बीपीएससी सहायक शिक्षक बहाली में संगीत विषय के अभ्यर्थी का ऑनलाइन-ऑफलाइन आवेदन मंजूर करने का आदेश दिया है।इस फैसले का जिला कलाकार संघ के संरक्षक सह मीडिया प्रभारी मुकेश मिलन ने रघुनंदन ठाकुर एवं अन्य को साधुवाद देते हुए कहा कि आयोग ने सहायक शिक्षक बहाली के लिए जो विज्ञापन प्रकाशित की है। उसमें एसटीईटी पास छात्र ही आवेदन कर सकते हैं।

जबकि 2011 के बाद संगीत विषय के लिए एसटीईटी परीक्षा हुआ ही नहीं। ऐसे में संगीत विषय के अभ्यर्थी परीक्षा से वंचित थे। परंतु कोर्ट ने आयोग को ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों में से किसी तरह से आवेदन लेने का आदेश दिया। साथ ही 3 माह के भीतर परीक्षा लेने को कहा कोर्ट का यह निर्णय स्वागत योग्य है।

श्री मिलन ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद इतने अल्प समय में आवासीय प्रमाण पत्र निर्गत करना, अन्य कागजात के साथ आवेदन की तैयारी, नेटवर्क की समस्या साथ ही आज भी बीपीएससी द्वारा इस आदेश के तहत सिस्टम को अपडेट नहीं किए जाने के कारण अभ्यर्थी हताश और निराश होकर सभी काम को छोड़कर दौड़-भाग कर पूरे दिन परेशान रहे परंतु फॉर्म भरने में सफलता नहीं मिल पा रही है। जिला कलाकार संघ के सभी सदस्यों ने आयोग एवं सरकार से आग्रह किया कि आवेदन की तारीख को पुनः विस्तारित किया जाए ताकि संगीत के अभ्यर्थी भी इस फॉर्म को भर सकें।

## ख़ास ख़बर

## आधार सीडिंग कार्य पूरा नहीं करने वाले पीडीएस डीलर पर होगी कार्रवाई- एमओ



**नासरीगंज (रोहतास)** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बीआरजीएफ भवन में पीडीएस दुकानदारों के साथ एमओ नैंसी कुमारी ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता पीडीएस संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष रणविजय सिंह व संचालन सचिव सुदामा पासवान ने किया। इस बैठक में आधार सीडिंग व राशन उठाव वितरण से संबंधित विशेष रूप से चर्चा किया गया। एमओ ने कहा कि प्रखण्ड में सौ प्रतिशत आधार सीडिंग करना है। जिसमें अभी तक 82 प्रतिशत आधार सीडिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने सभी दुकानदारों को 30 सितंबर तक सौ प्रतिशत आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि राशन वितरण अच्छे ढंग से करना है। लापरवाही करने वाले दुकानदारों पर करवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक 1748 राशन कार्ड को निष्क्रिय कर दिया गया है। उन्होंने सभी दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय से आधार सीडिंग नही करने वालों पर करवाई की जायेगी। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले दुकानदारों को आगामी बैठक में उपस्थित रहने का निर्देश दिया। इस मौके पर नीरज प्रसाद, सिमरन कुमारी, चंदन कुमार सिंह, सुखराम पासवान, खुर्शीद आलम, प्रियंका कुमारी, विशाल कुमार, सूफिया खातुन, अजित कुमार सिंह, मोजाहिद्दिन एहसान, कविता कुमारी व काशीनाथ सिंह समेत कई दुकानदार मौजूद थे।

## ईओ को जदयू प्रखंड अध्यक्ष ने किया सम्मानित



**नासरीगंज (रोहतास)** नगर पंचायत के कार्यालय में शुक्रवार को जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष सह स्वच्छता ब्रांड अंबेडसर डॉ0 अमरेंद्र कुमार ने नव पदस्थापित नपं ईओ राकेश कुमार को बुके-अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष ने ईओ को नगर के विकास और स्वच्छता को लेकर कहा कि नगर वासियों को नगर के विकास कार्य के लिए आपसे बेहतर कार्य की उम्मीद है। इसके लिए हम सभी जनता आपके सहयोग के लिए तैयार रहेंगे। ईओ ने कहा कि नगर की समस्याओं का हर सम्भव समाधान किया जायेगा। नगर का विकास कार्य को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर समाजसेवी बबन कुमार सिंह, नपं कर्मी रामबाबू कुमार, जितेंद्र कुमार, भोला कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

## रालोजद कार्यकर्ता ने लोकसभा चुनाव तैयारी पर की बैठक



**संझौली (रोहतास)** शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी पंचायत के अध्यक्षों व सेक्टर प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि जिला व प्रदेश से आए पदाधिकारियों की मौजदगी में कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तरीय कार्यो की समीक्षा किया गया। समीक्षा के दौरान पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओ के कार्यकलापों से काफी प्रभावित हुए। सत्र 2024 लोकसभा चुनाव तैयारियों को लेकर कई मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश के नेता सुभाष कुशवाहा,जिला प्रभारी जंग बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष कपिल कुमार सिंह, संयोजक अभियान समिति राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ पटेल, धन बसंत चौधरी, अरुण कुमार सिंह, निर्मल कुमार सिंह, रोहित कुमार सिंह, मदन कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार सिंह, सुमित कुमार सिंह व मनोज कुमार मौर्या सहित अन्य कई मौजूद थे।

## सड़क जर्जर होने से लोग हो रहें दुर्घटनाग्रस्त, आक्रोशित ग्रामीणों ने उठाई आवाज

### केसठ-सोनवर्षा मुख्य सड़क को जोड़ने वाला एनएच गढ़े में तब्दील



**केसठ (बक्सर)** प्रखंड के केसठ गांव से होते हुए सोनवर्षा फोरलेन से जुड़ने वाली सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभर आने से राहगीरों को फजीहत झेलनी पड़ रही है। करीब पांच किमी लंबी सड़क पर असंख्य गड्ढों के चलते वाहन चालकों के साथ-साथ आम जनता को आवागमन में मुश्किलें उठानी पड़ती है। इस संबंध में पप्पु कुमार, धर्मेंद्र पांडेय, मनोज सिंह, चंद्रकांत सिंह ने बताया कि सड़क पर गड्ढों के चलते राहगीर गिरकर चोटिल हो जाते हैं।

जबकि वाहन अनयंत्रित होने ने दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने जनप्रतिनिधियों से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि वर्षो पूर्व इस सड़क का निर्माण कराया गया था। लेकिन, समुचित देखरेख के अभाव में सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। इस सड़क से प्रतिदिन सैकड़ों छोटे-बड़े छोटे वाहन जिला मुख्यालय जाते है। वहीं, केसठ, नावानगर, कोरानसराय, चौगाई, भटौली, धेनुआडीह, रामपुर, दसियांव, कतिकनार, रघुनाथपुर, बैजनाथपुर, शिवपुर आदि दर्जनों गांवों के लोगों के आवागमन के लिए एकमात्र सड़क है।

इस सड़क से आरा-पटना जाना आसान रहता है। राजद नेता सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि जब एनएच 319 बनने के दौरान ही सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उभरने लगे थे।

इसकी मरम्मत की ओर ध्यान नहीं देने पर बरसात में आवागमन ठप हो जाएगा। सड़क बदहाल होने से नावानगर पूर्वी क्षेत्र के पंचायत वासियों को प्रखंड मुख्यालय से लेकर अनुमंडल और जिला मुख्यालय जाने के लिए रोहतास के रास्ते से जाना पड़ेगा। सड़क की दयनीय स्थिति पर पूर्व भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रताप पांडे ने कहा कि सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय है। विभाग और जनप्रतिनिधियों से जल्द मरम्मत कराने की मांग की गई है। यह सड़क 25 गावों के लोगो को सीधे पटना पहुंचता है। 2012 से 2017 तक इस सड़क की दो बार मरम्मत कराई गई है। लेकिन, अब यह चलने योग्य नहीं है।

पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी ने कहा कि एनएच 319 से जोड़ने वाली सड़क की जर्जर स्थिति के लिए विभाग की घोर लापरवाही जिम्मेदार है। अक्सर होती है सड़क दुर्घटना = सड़क पर इस कदर गड्ढे उभर आए हैं कि वाहन चालकों सहित पैदल राहगीर गिरकर चोटिल होते रहते हैं। पिछले कुछ महीनों के आंकड़ों पर नजर डालें तो सड़क पर बने गड्ढों के कारण वाहन असंतुलित होने के अबतक आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो चुके हैं। बीते दिनों इस मार्ग पर एक टेपों पलट गई थी। इस ओर सरकार को अविलंब ध्यान देना चाहिए।

## मांगों को लेकर 10वें दिन भी आशा कर्मियों का हड़ताल रहा जारी



**नासरीगंज (रोहतास)** आशा संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में सैंकड़ों आशा कार्यकर्ता व आशा फैसिलिटेटर ने 10वें दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी रही। शुक्रवार को आशा कार्यकर्ताओं ने पीएचसी में जमकर बवाल काटते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ ÷पलटू चाचा मुर्दाबाद÷ का जमकर नारा जमकर लगाया। इस मौके पर समिति की प्रखंड अध्यक्ष अनिता देवी, सचिव गीता देवी और महामंत्री मालती देवी के नेतृत्व में लोगों ने पीएचसी सह रेफरल अस्पताल के मुख्य द्वार पर रोषपुर्ण प्रदर्शन किया।

इस दौरान लोगों ने जमकर सरकार विरोधी नारे भी लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे अस्पताल के मुख्य द्वार पर तालाबंदी भी करेंगी। इनकी प्रमुख मांगों में आशा कार्यकर्ताओं व फैसिलिटेटरों को दस हजार रूपये मासिक वेतन, वित्तीय वर्ष 2019/20 की बकाया राशि का भुगतान जल्द से जल्द करने, आशा कार्यकर्ताओं,आशा फैसिलिटेटरों को देय प्रोत्साहन, मासिक पारितोषिक का अद्यतन भुगतान आदि में एकरूपता व पारदर्शिता लाने, आशाओं के पोशाक में साड़ी के साथ ब्लाउज व ऊनी वस्त्र की राशि भी उपलब्ध कराने, इन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिये जाने, और कोरोना से पुष्ट-अपुष्ट मृत आशा कार्यकर्ताओं व फैसिलिटेटरों को राज्य योजना की चार लाख और केंद्रीय बीमा योजना की पचास लाख की राशि का भुगतान किये जाने और जनवरी 2019 के समझौते के अनुसार मुकदमों की वापसी समेत अन्य अकार्यांवित बिंदुओं को शीघ्र लागू किया जाना इत्यादि शामिल हैं। वहीं आशा कार्यकर्ताओं के हड़ताल पर रहने के कारण ओपीडी सहित अन्य कार्य पूरी तरह बाधित रहा। वहीं सिर्फ इमरजेंसी सेवा ही शुरू रही। मौके पर सोनी देवी, रीना देवी, माया कुमारी, कुमारी पूनम शर्मा, आशा कुमारी, हाजरा खातून, सुनिता देवी, ऊषा देवी, कुसुम देवी, राजकुमारी देवी, रंजु देवी, कश्मीरा देवी, संगीता देवी, प्रेम कुमारी, इंदु बाला सहित अन्य उपस्थित थीं।

## विद्यालय संस्थापक सह भूमिदाता की मनाई गयी पुण्यतिथि



**नासरीगंज (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के जयमंगल उच्च विद्यालय पिपरडीह विद्यालय के संस्थापक सह भूमिदाता जयमंगल त्रिवेदी का 65वां पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने उनके स्थापित मूर्ति पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रख उन्हे श्रद्धांजलि दी। इसके बाद छात्र-छात्राओं के बीच चॉकलेट,मिठाई बांटी गई। वही भूमिदाता परिवार के नरेंद्र तिवारी ने बताया कि विगत 1958 में उनका 60 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वो शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका अदा करते थे। उनकी सोच थी कि प्रखंड में शिक्षा को काफी ऊंचे शिखर तक ले जाए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोरख नाथ सिंह ने कहा कि पिपरडीह गांव में एक आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देकर क्षेत्र के लोगों के बीच ज्ञान को जगाने का प्रयास किया है। ऐसे लोगों को हमेशा याद रखना चाहिए। जिन्होंने अपने परिवार और गांव ही नहीं पूरे क्षेत्र के समाज के लोगों के बच्चों एवं बच्चियों के लिए एक आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निर्माण के लिए जमीन दान कर ऐतिहासिक कार्य कर गए।

जिस विद्यालय में इतने बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शिक्षा क्षेत्र में अपनी जीवन को संवार रहें है। इस अवसर पर शिक्षक मोहम् नयाज अहमद, डॉ विजय कुमार, परमेश्वर मानकी, संजय कुमार पाठक, रविन्द्र कुमार दास, राबिया बसरी, शंभू कुमार, मनोज कुमार, राकेश कुमार, सुशील कुमार, राखी, कर्मी इरफान अहमद, लालमती कुंवर, कांति कुमारी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## काराकाट बीडीओ ने विधायक से की मुलाकात

**काराकाट (रोहतास)** प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट राहुल कुमार ने गुरुवार को। काराकाट के भाकपा माले विधायक कॉ अरुण सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर बीडीओ ने विधायक का बुके व अंवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। जहां मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने स्वरचित वीर कुंवर सिंह अथर्ववेद का हिन्द स्वराज्य का पुनर्पाठ व अन्य पुस्तकें भी भेंट की। अरुण सिंह, ने काराकाट विधायक द्वारा वीर कुंवर सिंह, पर लिखी गई पुस्तक की लेखन शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह, के जीवन के विभिन्न पहलुओं एवं भारतीय संस्कृति व आर्थिक दर्शन का जिस तरह विश्लेषण किया गया है, वह जन-जन के लिए बहुत ही उपयोगी है। बीडीओ ने कहा कि वह मुरली मनोहर श्रीवास्तव, के लेखों पर ध्यान देकर पढ़ते हैं। वह भारतीय संस्कृति पर आए दिन नए पक्ष प्रस्तुत करते दिखाई देते हैं।

## बक्सर रजवाहा नहर से 35 वर्षीय युवक का शव बरामद

**संझौली (रोहतास)** थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव के समीप बक्सर रजवाहा नहर से स्थानीय पुलिस ने गुरुवार की रात लगभग 10 बजे एक युवक का शव ग्रामीणों की सूचना पर बरामद किया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि राजवाहा में शव होने की सूचना मिलते ही पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए, राजवाहा से शव निकालकर, पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। थानाध्यक्ष की माने तो सासाराम मुफस्सिल थाने में करूप गांव की निवासी मुजलिम अंसारी के पत्नी 20 जुलाई को अपने पति को गायब होने को लेकर मामला दर्ज कराई थी। जिसका शव गुरुवार 20 जुलाई को ही रात लगभग दस बजे बक्सर राजवाहा से ग्रामीणों की सूचना पर बरामद किया गया।

## कुर्की का आरोपी वारंटी गिरफ्तार

**संझौली (रोहतास)** शुक्रवार को स्थानीय पुलिस ने एक कुर्की वारंटी को गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि उत्पाद विभाग की पुलिस ने थाना क्षेत्र के मंझौली गांव निवासी दीपू सिंह के खिलाफ, कांड संख्या 47/11 शराब का मामला दर्ज किया था। तभी से शराब के कारोबारी श्री सिंह फरार चल रहा था। अंतोगत्वा कुर्की करने गई पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को मझौली गांव से ही अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## खेत में किसान की बिजली करंट से मौत

**कोचस (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के नौवा पंचायत के भुडवा गांव मे बृहस्पतिवार के दिन संध्या मे करंट लगने से एक 40 वर्षीय किसान की मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रखंड के नौवा पंचायत के भुड़वा गांव मे एक किसान खेत में पानी करने के लिए विधुत मोटर का तार बिजली के खंबे पर चढ़ा रहे थे तभी विद्युत प्रवाहित नंगे तार के चपेट में आ गए जिसमें वह बुरी तरह झुलस गए। खेत में आसपास काम कर रहे लोगों ने आनन-फानन में किसान को कोचस पीएससी ले गए जहां ड्यूटी मे तैनात चिकित्सक अखिलेश कुमार ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। वही मृतक नौवां पंचायत के भुड़वा गांव केरमाकांत सिंह के चालीस वर्षीय पुत्र संजय सिंह बताए गए हैं। बताया जाता है कि मृतक के पत्नी धर्मशिला देवी पूर्व में सरपंच रह चुकी है। वही मौत की सुचना मिलते ही परिजनों मे मातम पसरा है।

## सर्प दंश से महिला की मौत,घर में पसरा मातम



**कोचस (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के नरवर गांव मे बृहस्पतिवार के संध्या में अपने घर में कार्य कर रही एक महिला को बिसैले सर्प ने डंस लिया जिसने इलाज के लिए ले जाने के क्रम मे उनकी मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान नरवर गांव के राजेंद्र राम के पत्नी शारदा देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शारदा देवी अपने घर में गृहणी का कार्य कर रही थी तभी विषैला सर्प ने डस लिया जिसमे उनकी तबीयत बिगड़ती गई। परिजनों द्वारा महिला को इलाज के लिए आनन फानन में बक्सर ले जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मौत के बाद यह खबर आज की तरह पंचायत में फैल गई जिसके बाद मुन्ना यादव, अजीत राम, उपेंद्र कुमार, सहित अन्य लोगों ने गरीब के घर पहुंच कर राशि का सहयोग किया।

**बयान** बिहार राज्य विश्वविद्यालय की स्वायतता हो रही है तार/तार- एम एल सी

## महामहिम ! बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत सभी महाविद्यालयों से शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति / अनुपस्थिति का मांगा जा रहा है ब्योरा- डा. संजीव

**पटना।** डा. संजीव कुमार सिंह विधान परिषद सदस्य ने महामहिम कुलाधिपति सह राज्यपाल को पत्र प्रेषित कर लिखा कि विगत दिनों राज्यादेश के आलोक में बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रावधानों के विपरीत सभी परंपरागत विश्वविद्यालयों के अधीन स्नातकोत्तर विभागों तथा अंगीभूत महाविद्यालयों के साथ-साथ वित्त अनुदानित संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों से शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति /अनुपस्थिति का ब्योरा मांगा जा रहा है। इसी क्रम में सभी विश्वविद्यालयों द्वारा उनके लोकतांत्रिक निकायों की अनदेखी कर वित्त अनुदानित डिग्री संबद्ध महाविद्यालयों की संबद्धता रद्द किये जाने की अनुशंसा की जा रही है जो सर्वथा अनुचित है।इस संबंध में आपके कृपापूर्ण संज्ञान में निम्नांकित तथ्यों को लाया जाना उचित प्रतीत होता है-यह कि ऐसे संबद्ध महाविद्यालय के शिक्षकों / कर्मचारियों को परीक्षाफल आधारित अनुदान शैक्षणिक सत्र 2013-16 तक ही विमुक्त किया गया है तथा अभी भी अधिकांश महाविद्यालयों का वेतनानुदान संबंधित विश्वविद्यालय में ही लंबित है। इस राशि की विमुक्ति प्रक्रिया में विश्वविद्यालय प्रशासन का रवैया एकदम ही संवेदनहीन है। लगभग सभी महाविद्यालयों के व्ययगत शैक्षणिक सत्रों का परीक्षा फल आधारित बेतनानुदान लगभग सात वर्षों से लंबित है, जिसके एकमुश्त भुगतान हेतु राज्य सरकार के स्तर से कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। सम्प्रति घोर आर्थिक संकट में भी ये शिक्षक/कर्मी शिक्षण, परीक्षा संचालन, परीक्षाफल प्रकाशन का कार्य निष्ठापूर्वक कर रहे हैं। महाविद्यालय के कतिपय शिक्षकों / कर्मियों की अनुपस्थिति के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उनके महाविद्यालय की संबद्धता को ही रद्द किये जाने की अनुशंसा किया जाना हास्यास्पद है। अगर शिक्षक अथवा कम अनुपस्थित है तो कार्रवाई उन पर होना है न कि संस्थानों की संबद्धता का रद्द किया जाना।महोदय, संबद्धता संस्थानों की होती है न कि शिक्षकों एवं कर्मियों की।जबकि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रत्येक विश्वविद्यालयों में क्रमश-दो-दो निरीक्षी पदाधिकारी यथा महाविद्यालय निरीक्षक (Inspector of colleges) का पद संसूचित है, फिर भी इस कोटि के महाविद्यालयों की स्वयतता की अनदेखी कर अधिनियम के प्रावधानों के इतर प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण कराया जाना कतई उचित प्रतीत नहीं होता है। अतः बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम के संरक्षक के रूप में इस मामले में महोदय का हस्तक्षेप सर्वथा अपेक्षित है। यह कि विगत कुछ महीने पूर्व पूर्णिया विश्वविद्यालय पूर्णिया में आयोजित अधिसद् (Senete) सभा की बैठक में महोदय के समक्ष क्रमशः दो मामला मेरे द्वारा लाया गया था-यह कि राज्यादेश के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्र और सभी कोटि की छात्राओं के निःशुल्क शिक्षण के कारण संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के आंतरिक आय पर विपरीत असर पड़ रहा है जिससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भुगतान वर्षों से बाधित है। जबकि ऐसे महाविद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों को राज्यादेश के तहत छात्र-छात्राओं से प्राप्त आंतरिक आय / श्रोत से ही वेतन मद में 70त्न तथा महाविद्यालय के विकास मद में 30त्न राशि खर्च किया जाना है। जिसकी प्रतिपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जानी है जो विगत कई वर्षों से अप्राप्त है। उक्त संदर्भ में सर्वविदित है कि विभिन्न विश्वविद्यालयों के क्षेत्रान्तर्गत संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के लिए आधारभूत संरचना मद में राज्य सरकार का कोई अंशदान नहीं है। फलतः ऐसे महाविद्यालय अपने आंतरिक आय के श्रोत से ही अपनी आधारभूत संरचना को समृद्ध कर रहे हैं।

## आशा कार्यकर्ताओं से दुर्व्यवहार करने वाले एसडीएम पर कार्रवाई की मांग





**सासाराम (रोहतास)** जिले के डेहरी एसडीएम अनिल कुमार सिन्हा द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी आशा कार्यकर्ताओं के साथ किये गये दुर्व्यवहार के समर्थन में काराकाट से माले विधायक अरुण कुमार सिंह उतर गए हैं। आज डेहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर हड़ताल पर बैठी आशा कार्यकर्ताओं के आंदोलन को समर्थन किया। विधायक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं की जो मांगे हैं वह वाजिब है और सरकार को भी इनकी मांगों को पुरी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं खुद आशा कार्यकर्ताओं की मांगों को सरकार से पूरी करने की मांग करूंगा। इसके साथ ही डेहरी एसडीएम अनिल कुमार सिन्हा द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के साथ किए गए दुर्व्यवहार पर कहा कि तानाशाह रवैया को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आज तक बिहार में किसी की तानाशाही नहीं चली है। वहीं एसडीएम के विरुद्ध सरकार से कार्रवाई करने की मांग करने की बात कही है।बताते चलें कि दो दिन पूर्व आशा कार्यकर्ताओं द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन किया जा रहा था। वही आशा कार्यकर्ताओं ने डिहरी एसडीएम अनिल कुमार सिंह पर आशा कार्यकर्ताओं के साथ धक्का-मुक्की करते हुए उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था।

## ख़ास ख़बर

### थाना अध्यक्ष द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत चलाया गया जांच अभियान





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला के अधौरा प्रखंड अंतर्गत लोहरा थाना प्रशासन द्वारा चलाया गया जांच अभियान। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह उर्फ सिंघम के द्वारा बताया गया, कि गुप्तचरों से जानकारी प्राप्त हुआ कि थाना क्षेत्र के कोटमडग एवं कुकुराडीह के जंगल में शराब उत्पादकों द्वारा शराब का उत्पादन किया जाता है। गुप्तचरो से मिली सूचना के आधार पर कोटमडग एवं कुकुराडीह के जंगल में जगह जगह तलाशी किया गया। पर किसी भी तरह का कोई नशीला पदार्थ, शराब इत्यादि अवैध सामग्री प्राप्त नहीं किया गया।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कुदरा सदर/कुदरा-** प्रखंड अंतर्गत मेउड़ा पंचायत के रामपुर गांव में, सर्पदंश से महिला की हुई मौत, परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, महिला लगभग4:00 बजे सुबह खाना बनाने के लिए उपला (गोइठा) निकाल रही थी की उपले के अंदर पहले से बैठे हुए सर्प ने काट लिया। जिसकी जानकारी मिलते ही परिजनों द्वारा झाड़-फूंक के लिए, झाड़-फूंक करने वाले को बुलाया गया। पर सर्प का विष इतना फैल चुका था कि झाड़-फूंक करने वालों के द्वारा महिला को नहीं बचाया जा सका। मौत की सूचना मिलने के उपरांत थाना प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेते हुए, पंचनामा कर अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेज दिया गया। सूत्रों की माने तो महिला को कोई विषैले जानवर ने बृहस्पतिवार की देर शाम को ही काट दिया था। जिस संदर्भ में कुछ लोगों के द्वारा सर्प काटने तो कुछ लोगों के द्वारा विषखप्पड़ काटने का आशंका जताया जा रहा है। मृतक महिला थाना क्षेत्र के रामपुर ग्रामवासी रामप्रवेश पासवान की 55 वर्षीय पत्नी मालती देवी बताई जा रही हैं।

### थाना प्रशासन ने 28 लीटर देशी शराब के साथ बाइक को किया जप्त एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**शुभ भास्कर मोहनिया संवाददाता मोहनियां/कैमूर-** जिला के मोहनियां थाना प्रशासन द्वारा गुरुवार को 142 पीस टेट्रा पैक ब्लू लाइम देशी शराब के साथ लूना बाइक को किया जप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर, भेजा न्यायिक हिरासत में।प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कुदरा थाना क्षेत्र के खरहना निवासी देव साह का पुत्र प्रभु साह बताया जाता है। इस संबंध में मोहनियां थाना अध्यक्ष ललन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया, कि उक्त अभियुक्त उत्तर प्रदेश से लुना बाइक से शराब लेकर आ रहा था। जिसे मोहनियां थाना क्षेत्र के भगवानपुर के समीप पहुंचते ही, पुलिस द्वारा लुना बाइक रुकवा कर जांच की गई तो लुना बाइक से ब्लू लाइन देसी शराब 200 एमएल की 144 पीस जिसकी कुल मात्रा 28.400 लीटर बरामद की गई। जिस के जुर्म में बाइक जप्त कर व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। जिसे अनुमंडलीय अस्पताल मोहनियां में मेडिकल जांच के बाद, न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# पर्यटन विभाग के सचिव एवं डीएम ने पर्यटक स्थल का निरीक्षण किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो रोहतास/ सासाराम (रोहतास)।** पर्यटन विभाग, बिहार सरकार के सचिव सह बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के प्रबंध निदेशक अभय कुमार सिंह द्वारा अपने विभागीय अधिकारी एवं जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार के साथ रोहतास जिले के कई स्थलों का जायजा लिया गया। इस दौरान वे सबसे पहले मोकर-बेदा बाईपास रिंगरोड का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कार्य के प्रगति पर नाराजगी जताई और निर्माण कार्य के तेजी लाने को कहा। इसके बाद वे शेरगढ़ किला पहुंचे, जहां उन्होंने बिहार सरकार के जमीन पर रॉक क्लाइमिंग कैंटीन व गेट बनाने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा कर संबंधित पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। इसके बाद वे दुर्गावती डैम पहुंचे, जहां निरीक्षण के बाद पर्यटन विभाग द्वारा कैंपिंग व चार सीटर बोट की सुविधा देने का निर्देश दिया गया। इसके बाद सीता कुंड, मांझर कुंड व धुआं कुंड के निरीक्षण के बाद वहां जिप लाइन स्पेलिंग, झूला ब्रिज, कैंटीन, चेंजिंग रूम, बाथरूम पर्यटन विभाग द्वारा बनाने को कहा। इसके बाद रोहतासगढ़ रोपवे निर्माण स्थल पर पहुंचे, जहां रोपवे निर्माण की शिथिलता पर नाराजगी जताई और विभाग के जीएम को निर्माण कंपनी पर शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। पंडुका पुल निर्माण स्थल पर निरीक्षण के दौरान कार्य में तेजी लाने को कहा गया। इसके बाद मां तुतला भवानी ईको पर्यटन स्थल का जायजा लिया गया एवं मंदिर में पूजा-अर्चना किया गया।

यहां एक और झूला ब्रिज, शेड का निर्माण, महिला पुरुष अलग-अलग चेजिंग रूम, बाथरूम व ड्रिंकिंग वाटर मशीन लगाया जाएगा। इसके अलावा यहां पर्यटन विभाग द्वारा अन्य कई सुविधाएं पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान एमडी बीएसटीडीसी श्री नंद किशोर, जीएम बीएसटीडीसी अभिजीत कुमार, डीडीसी रोहतास शेखर आनंद, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोहतास मनीष कुमार वर्मा रोहतास मौजूद रहे।

# नबालिक से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने सुनाई 10 वर्ष का कारावास व 50 हजार का जुर्माना




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/कैमूर-** व्यवहार न्यायालय नाबालिक से दुष्कर्म में पॉस्को एक्ट के आरोपी दीपक कुमार को भभुआं कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पॉस्को की अदालत ने सुनाई सजा आरोपी दीपक कुमार को दस वर्ष का कारावास और पचास हजार रुपये का अर्थदण्ड, व अर्थदण्ड नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारवास बढ़ सकता है। आपको बताते चलें पूर्व में दुर्गावती थाना क्षेत्र के जेवरी गांव में वर्ष 2021 में उस समय घटना घटी जब पीड़िता कोचिंग पढ़ कर घर चली गई थी।

उपरांत कोचिंग के टीचर दीपक कुमार उसके घर जाकर कहा, कि तुम्हारा किताब कोचिंग में छूट गया था। आकर ले लो,जब बच्ची किताब लेने कोचिंग आई तो दीपक ने दरवाजे बंद कर दिया और उसके मांग में सेंदुर डाल कर वीडियो बना लिया।

फिर उसके साथ दुष्कर्म किया और धमकी दिया कि किसी से कहोगी, तो वीडियो वायरल कर दूंगा,यह मामला महिला थाने में दर्ज हुई थी,

आज भभुआ कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पॉस्को की अदालत ने सजा सुनाई की आरोपी को दस वर्ष की करावास और 50 हजार अर्थदण्ड, व अर्थदण्ड नहीं देने पर सजा 6 माह और बढ़ जाएगा।

## भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब के साथ रेलवे सुरक्षा बल ने एक को किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो रोहतास/ सासाराम (रोहतास)।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डेहरी ऑन सोन के प्रभारी निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में डेहरी ऑन सोन पोस्ट के सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास, प्रधान आरक्षी अनिल कुमार सिंह,आरक्षी अनिल प्रसाद एवं अपराध नियंत्रण के लिए मंडल स्तर पर अपराध नियंत्रण के लिए गठित विशेष टीम के उप निरीक्षक कुमार गौरव, आरक्षी सर्वोदय पासवान,राणा रंधीर सिंह, प्रधान आरक्षी संतोष प्रसाद,आरक्षी राकेश कुमार सिंह के अपराधिक गतिविधि निगरानी के दौरान राजू प्रसाद,पुत्र-राम नारायण चंद्रवंशी,निवासी-मोहम्मद गंज मोहसिन नगर वार्ड नंबर 3,थाना-मोहम्मदगंज,जिला-पलामू को डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर 19 लीटर 375 मिली लीटर अंग्रेजी शराब ब्लेंडर्स प्राइड,रॉयल स्टैग,इंपिरियल ब्लू के अलावे अन्य कई प्रकार के अंग्रेजी शराबके साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह इस शराब को डेहरी में बेचने के लिए सिंगरौली एक्सप्रेस से झारखंड से लेकर आ रहा था किंतु स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा पकड़ लिया गया उसके पास से पकड़ा है अंग्रेजी शराब के कुल कीमत ?19,450 है। विधिक कार्यवाही के उपरांत गिरफ्तार व्यक्ति एवं जप्त अवैध अंग्रेजी शराब को रेलवे सुरक्षा बल द्वारा अग्रिम कार्रवाई हेतु राजकीय रेल थाना डेहरी ऑन सोन को सुपुर्द कर दिया गया।

## कोयला लदी मालगाड़ी में धुआं निकलने पर रोकी ट्रेन, दमकल ने बुझाई आग



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मोहनियां/ मोहनियां-(कैमूर)** पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड शुक्रवार को मुठानी स्टेशन के समीप एक मालगाड़ी पर लदे कोयले की बोगी में अचानक धुआं निकलने लगा मौके पर पहुंची दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया मुठानी की तरफ से पंडित दीनदयाल जंक्शन की तरफ जा रही मालगाड़ी ट्रेन के बोगी में लदे कोयले में शुक्रवार को धुआं देखकर लोको पायल ने लूप लाइन में गाड़ी रोक दी। गार्ड ने रेलवे कंट्रोल रूम को सूचना दी। दमकल टीम के पहुंचने पर विभागीय अफसरों ने निर्धारित समय में निकलने वाली अप-डाउन की ट्रेनों को निकलवा दिया।

फिर ओएचई (ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन) लाइन कटवाई। इसके बाद दमकल टीम ने पाइपों से पानी की बौछार कर कोयले में धधक रही आग को बुझाया।फिर ओएचई लाइन फिर जोड़ दी गई। तब मालगाड़ी अपने गंतव्य स्थान लिए रवाना कर दी गई।

### सर्पदंश से 16 वर्षीय युवती की हुई मौत



**दैनिक शुभ भास्कर प्रखंड संवाददाता कुदरा/** कुदरा- प्रखंड अंतर्गत ससना पंचायत के मतबरपुर गांव में सर्पदंश से 16 वर्षीय युवती की हुई मौत। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवती छत में सोई हुई थी, रात 2:00 बजे के लगभग करैत सर्प ने काट लिया। जिसकी जानकारी होते ही परिजनों द्वारा, कई झाड़-फूंक करने वालों से झाड़-फूंक कराया गया। पर सर्प का विष पूरे शरीर में फैल जाने के बाद युवती को बचाया न जा सका, अंततः युवती ने दम तोड़ दिया। जिसकी सूचना परिजनों के द्वारा अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार को दिया गया। अपर थानाध्यक्ष के निर्देश पर थाना प्रशासन द्वारा मौके पर पहुंच, शव का पंचनामा तैयार कर अंत्य परीक्षण के लिए सदर अस्पताल भभुआं भेज दिया गया। मृत युवती थाना क्षेत्र के ससना पंचायत के मतबरपुर निवासी स्वर्गीय लल्लू चौधरी की 16 वर्षीय पुत्री प्रमिला कुमारी बताई जा रही है।

### थाना प्रशासन ने चलाया अभियान पांच शराबी गिरफतार भेजे गए न्यायिक हिरासत में





**दैनिक शुभ भास्कर प्रखंड संवाददाता कुदरा/**कुदरा- थाना प्रशासन ने नशे के विरुद्ध चलाया अभियान 5 लोग हुए गिरफ्तार, भेजे गए न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार के शराबबंदी कानूनों को ससंकल्पित भाव से पालन करते हुए, थाना प्रशासन द्वारा नशे व नशेड़ियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में बृहस्पतिवार देर शाम थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शराब के नशे में धुत्त 5 शराबियों को गिरफ्तार किया गया जिन्हें शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार नशेड़ी सत्येंद्र खरवार पिता पारस खरवार, मोनू कुमार पिता शंकर खरवार दोनों ग्राम+थाना-सोनहन, राजू कुमार पिता राजबली खरवार ग्राम- सकरी, थाना-कुदरा तीनों जिला कैमूर के निवासी बताए जा रहे हैं, तो सूरज कुमार पिता कुबेर शर्मा, पवन कुमार पिता रामप्रवेश ठाकुर दोनों ग्राम- चन्दनपुरा, थाना-तिलौथू, जिला रोहतास के निवासी बताए जा रहे हैं।

### नशाखुरानी गिरोह का शिकार युवक को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता मोहनियां/ कैमुर-** जिला के भभुआं रोड स्टेशन के समीप शुक्रवार की सुबह नशाखुरानी गिरोह का शिकार हुआ एक युवक रोड किनारे पड़ा हुआ मिला। जिसे स्थानीय लोगों ने 112 नंबर की पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर युवक को इलाज के मोहनिया के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया जहां इमरजेंसी मौजूद चिकित्सकों द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासी त्रिभुवन बिंद का पुत्र जीवन कुमार शुक्रवार की सुबह भभुआ रोड स्टेशन के समीप नशा खुरानी गिरोह का शिकार हो गया बेहोशी की हालत में पड़े देख आस पास मौजूद लोगों ने डायल 112 नंबर की पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने युवक को मोहनिया के अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया जहां इमरजेंसी मौजूद चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार शुरू किया गया।

**बैठक** गोदाम निर्माण की समीक्षा के क्रम निर्माणाधीन गोदाम को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया

## सहकारिता विभाग सीएमआर अधिप्राप्ति को लेकर की गई बैठक आयोजित





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/ कैमूर-** समाहरणालय 21/07/23 को जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा सहकारिता विभाग से संबंधित, सीएमआर अधिप्राप्ति को लेकर की गई बैठक आयोजित, दी गई निम्नवत दिशा निर्देश। जिला पदाधिकारी द्वारा समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि जिले में अब तक 88.59% सीएमआर की अधिप्राप्ति हो चुकी है। जहां 2 से 5 लॉट सीएमआर बकाया है, उसे 25.07.2023 तक एवं उससे ज्यादा बकायदार सीएमआर को 30.07.2023 तक सत प्रतिशत आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया गोदाम निर्माण की समीक्षा के क्रम निर्माणाधीन गोदाम को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित प्रखंड स्तर के सभी सहकारिता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बाइक व टेंपो की जोरदार टक्कर में टेंपो पलटा दो हुए घायल एक महिला की हुई मौत





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/ कैमूर-** जिला के भभुआं मोहनियां पथ बारे आईटीआई कॉलेज के पास बाइक और टेंपो में हुई जोरदार टक्कर,टेंपो अनियंत्रित होकर पलटा, जिस पर सवार दो की स्थिति गंभीर एक महिला की हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खडीहा ग्रामवासी उमेश सिंह अपने पत्नी के साथ टेंपो से मोहनियां थाना क्षेत्र के केकड़ा गांव अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे। बारे आईटीआई कॉलेज के समीप पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल से टेंपो की टक्कर हो गई, जिससे कि टेंपो वहीं पर पलट गया, जिसमें सवार कई लोग घायल हो गए। आसपास उपस्थित लोगों द्वारा मौके पर पहुंचकर विशेष रूप से घायल महिला को मोहनियां की ओर से आ रही एंबुलेंस के माध्यम से सदर अस्पताल भभुआं पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा जांच के क्रम में बताया गया, कि महिला की मृत्यु हो चुका है।

वही घटना की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस द्वारा अपनी वैन से बाकी घायलों को भी सदर भभुआं पहुंचाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल दो लोगों की इलाज जारी है। घायल भगवानपुर थाना क्षेत्र के खडीहा ग्रामवासी उमेश सिंह एवं चैनपुर थाना क्षेत्र के मझूई ग्रामवासी टेंपो चालक मुकेश शर्मा पिता मथुरा शर्मा बताया जा रहा है। मृत महिला भगवानपुर थाना क्षेत्र के खडिहा ग्रामवासी घटना में घायल उमेश सिंह की पत्नी सुशीला देवी बताई जा रही है। मृत महिला का सदर अस्पताल भभुआं में अंत्य परीक्षण किया जा रहा है।

## ख़ास ख़बर

## विशेष अभियान चलाकर जन्म मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदन जमाकर अभियान

**राजमहल-** प्रखंड के सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षात्मक बैठक अयोजित की गई जिसमें मनरेगा, आवास एवं 15 वित्त की योजनाओं में अपेक्षित प्रगति करने का निर्देश दिया गया। वही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार 21 जुलाई से 21 अगस्त तक सभी मत्तदान केंद्रों के क्षेत्र में बीएलओ द्वारा घर घर मतदान संबंधित कार्य की निगरानी करने का निर्देश सभी बीएलओ सुपरवाइजर को दिया गया। वही सभी पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया की 14 जुलाई से 14 अगस्त तक विशेष अभियान दिवस में जन्म मृत्यु का प्रतिदिन आवेदन प्राप्त कर निबंधन करवाना सुनिश्चित करेंगे। वही साथ ही साथ अधूरे प्रधानमंत्री आवास जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया और जिन लाभुकों को प्रथम किस्त दिया गया और वह अपना घर बनाने का कार्य चालू नहीं किए हैं उस लाभुक से मिलकर समस्या को जाने और घर बनाने की कार्य को चालू करने के लिए कहे। वही मौके पर चंदन सरकार, विजय कुमार, रूबी कुमारी, शशि शर्मा, सविता देवी, रिंकी देवी, बबीता देवी, रूबी बीबी, रोहिणी खातून, सहित अन्य उपस्थित थे।

## तालझारी प्रखंड क्षेत्र में 3 माह तक इंद्रधनुष अभियान चलाया जाएगा



**तालझारी-** प्रखंड क्षेत्र में नियमित टीकाकरण से छुटे हुए बच्चों और गर्भवती महिलाओं को विभिन्न बीमारियों से बचाव के टीके लगाए जाने के लिए फिर से तालझारी प्रखंड क्षेत्र में तीन माह तक इंद्रधनुष अभियान चलाया जाएगा। वही इसके लिए शुक्रवार को स्वास्थ्य कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गय। वही तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डब्ल्यू एच ओ एस एम ओ डॉक्टर मुक्तेश राज्यगुरु की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। वही मौके पर मुकेश राज्यगुरु ने कहा की गांव स्तर में छूटे हुए बच्चों पर बारीकी से नजर रखा जाए और लक्षित बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सूचीबद्ध कर शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। इसके अलावा प्लानिंग, वैक्सीन वेस्टेज, उसकी उपलब्धता रिपोर्टिंग को मजबूत किया जाए। वही मौके पर बीपीएम विजय राम, अकाउंटेंट देवनारायण रविदास, सभी एएनएम, बीटीटी सहित स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## सीएस रामदेव पासवान ने की बैठक, दिए कई निर्देश



**बोरियो-** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में बोरियो एवं मंडरो के सभी सहिया साथी, बीटीटी एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की गई। इस दौरान सिविल सर्जन के द्वारा सभी सहिया साथी एवं बीटीटी को उनके द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं स्वास्थ्य सम्बंधित सभी इंडिकेटर पर कार्य करते हुए शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का निर्देश दिया गया। इधर सिविल सर्जन के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया जिसमें ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष एवं अस्पताल परिसर में साफ साफ आदि का निरीक्षण कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सालखु चन्द्र हांसदा, डॉ. विवेक भारती ,डॉ. पंकज कुमार गुप्ता, बीपीएम बिष्णु कुमार भगत, बीएएम सुमन कुमारी, गीता कुमारी लिपिक, मगदालीना मुर्मू, शम्भूलाल दत्ता, विकास कुमार पंडित, बीटीटी मेरी किस्कू सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई





**राजमहल-** प्रखंड के सभागार में शुक्रवार को टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

वही जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी कंचन सिंह अनुमंडल अस्पताल के प्रभारी उदयपुर टूटू ने संयुक्त रूप से किया। वही बैठक में 7 अगस्त 2023 से प्रारंभ होने वाले मिशन इंद्रधनुष 5 के सफल क्रियान्वयन हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

वही साथ ही साथ जुलाई 2023 में हुए अनुराष्टीय पल्स पोलियो कार्यक्रम कार्य की भी समीक्षा की गई और इसके साथ साथ नियमित टीकाकरण, यक्ष्मा, मलेरिया, कालाजार, कुपोषण आदि की भी बारीकी से समीक्षा की गई।

वही प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जो भी बच्चे लैफ्ट आउट या ड्रॉपआउट है।

उन्हें इस मिशन इंद्रधनुष में निश्चित रूप से प्रति रक्षित करें। वही मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, डब्ल्यूएचओ मॉनिटर सुबोध कुमार शर्मा, वरीय यक्ष्मा पर्यवेक्षक संजय यादव, कालाजार तकनीकी पर्यवेक्षक मनीष टूडू, बीटीटी चितरंजन ठाकुर, महिला पर्यवेक्षिका बाल विकास परियोजना सहित अन्य उपस्थित थे।

# हेरोइन बेचने पहुंचे युवक को पुलिस ने दबोचा, करीब साढ़े तीन लाख कीमत के 7.56 ग्राम हेरोइन जब्त




**साहिबगंज-** गुरुवार को पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर अवैध हेरोइन के साथ पुलिस ने एक युवक को धर दबोचा है।

जहाँ बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप उरांव के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पुलिस ने 7.56 ग्राम हेरोइन के साथ ओप्पो कंपनी का ए 15 स्मार्ट फोन और दो हजार रुपए नगद बरामद किया है। इस बाबत पुलिस लाईन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी।

वही एसपी ने बताया कि गुरुवार को दिन के करीब 3.30 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मैरून रंग के स्कूटी पर सवार होकर फुलवरिया के पास अवैध नशीला पदार्थ हेरोइन की बिक्री के लिए खड़ा है।

उधर सूचना के आधार पर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप उरांव के नेतृत्व में टीम गठित किया गया जहां टीम के सदस्यों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोहम्मद समसुल हक उम्र 39 वर्ष हसनटोला राजमहल को पीले रंग के प्लास्टिक के पाउच के अंदर 12 छोटा छोटा पारदर्शी प्लास्टिक के पाउच में हीरोइन के करीब 7.56 ग्राम हीरोइन एवं 2 हजार रुपए नगद और एक ओप्पो कंपनी का ए5 स्मार्टफोन बरामद किया। जिसके बाद अवैध मादक पदार्थ रखने व बेचने के आरोप में उक्त आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# अलग-अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने 51 पीस चोरी का मोबाइल किया बरामद, दो गिरफ्तार




**साहिबगंज-** मोबाइल चोरी के कारोबारी के खिलाफ अलग अलग थाना क्षेत्र की पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

जहां पुलिस की टीम ने बड़ी संख्या में मोबाइल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस लाइन स्थित कार्यालय कक्ष में एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर बताया कि तीनपहाड़ थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि झरना टोली निवासी अल्फयाज़ अंसारी उर्फ बबुआ भारी मात्रा में चोरी का मोबाइल लेकर अपने घर आने वाला है। जहां सूचना मिलते ही तीनपहाड़ थाना प्रभारी पुअनि चिंतामन रजक के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापामारी की गई जिसमें अल्फयाज़ अंसारी को लगभग 3 लाख रुपये की कीमत के विभिन्न कंपनी के 26 मोबाइल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। इधर जिरवाबाड़ी ओपी पुलिस को भी गुप्त सूचना मिली कि मदनशाही, गोपाल चौकी निवासी मो मोहिम अपने घर में भारी मात्रा में चोरी का मोबाइल रखे हुआ है जिसके आलोक में जिरवाबाड़ी ओपी प्रभारी चिरंजीत प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर छापामारी किया गया और मो. मोहिम को लगभग 3 लाख के विभिन्न कंपनियों के 25 मोबाइल के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। जहां दोनों ही मोबाईल चोरी के कारोबार में शामिल आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# अस्पताल में खैनी खाने पर युवक से वसूला गया जुर्माना



**साहिबगंज-** सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने शुक्रवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

जहां निरीक्षण के दौरान सीएस ने अस्पताल में एक युवक खैनी खाते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया इसपर सीएस ने जमकर फटकार लगाते हुए युवक से जुर्माना वसूलने का निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दे डाली। वही सीएस ने कहा कि अस्पताल परिसर में किसी तरह का नशीला पदार्थ का सेवन करना सख्त मना है। वही सीएस अस्पताल का निरीक्षण करते हुए मरीजो को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी हासिल की। इसके बाद सीएस ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति का भी जायजा लिया। इसके अलावा स्वास्थ कर्मियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने का निर्देश हुए समय का पालन करने की बात कही है। इस मौके पर डॉ. विजय हांसदा, अस्पताल प्रबंधक जयराम यादव समेत अन्य उपस्थित थे।

## पेड़ से गिरकर बच्चे का टूटा पैर



**बरहेट-** प्रखंड क्षेत्र के संथाली स्तिथ नवगछिया का रहने वाला 12 वर्षीय बच्चा कर्नल हेंब्रम पिता बाले हेंब्रम, जहां दोपहर अपने घर के पास पीपल के पेड़ पर पत्ता तोड़ने के क्रम में पेड़ से गिर गया। वही जिससे उसका दाहिना पैर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में डॉक्टर चौधरी चंद्रशेखर प्रसाद चंद्र ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## अटल मोहल्ला क्लीनिक रसूलपुर दहला व नया टोला पुरानी साहिबगंज का सीएस ने किया निरीक्षण




**साहिबगंज-** सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान के द्वारा सदर प्रखंड अंतर्गत अटल मोहल्ला क्लिनिक रसूलपुर दहला वार्ड नंबर 4 एवं अटल मोहल्ला क्लिनिक नया टोला पुरानी साहिबगंज वार्ड नंबर 19 का औचक निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन के द्वारा ओपीडी रजिस्टर, उपस्थिति पंजी, आवश्यक दवाएं, एवं क्लिनिक में साफ सफाई व्यवस्था आदि को देखें। वही इस दौरान सिविल सर्जन उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारामेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समय पर ड्यूटी आकर मोहल्ले वासियो को सभी तरह के स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया।

## महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली



**उधवा-** राधानगर थाना क्षेत्र के श्रीधर पंचायत के अन्तर्गत आठ नंबर कॉलोनी में शुक्रवार के सुबह करीब सात बजे एक विवाहिता महिला ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली हैं। वही जानकारी के अनुसार श्रीधर पंचायत के कॉलोनी नंबर आठ के गोबिंदो मल्लिक की बहन कल्पना मल्लिक अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। वही मृतिका के भाई ने थाना में आवेदन देकर बताया है कि उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वही घटना की सूचना मिलते ही राधानगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली और साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेज दिया है। वही मृतिका के भाई ने किसी पर आरोप नही लगाया है और मामले को राधानगर पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर लिया है। मृतिका अपने पीछे 2 माह की बच्ची को छोड़ गई है। फिलहाल राधानगर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता**

**रोहतास/**रोहतास- जिला के कछवां पुलिस ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया है । थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के तुर्कबिघा से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है । उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध संबंधित मामला दर्ज कर संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों के पास रिपोर्ट भेज दिया गया । उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर को पुलिस की निगरानी में रखा गया है ।

गिरफ्तार | बंद मकान से विभिन्न घरेलू सामग्रियों को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गक थी।

# बन्द मकान से हुए चोरी मामले का बरहरवा थाना पुलिस में लिया सफल उद्भेदन, दो गिरफ्तार, गिरफ्तार अभियुक्तो की निशानदेही पर रेफ्रिजरेटर, स्टेबलाइजर,फैन इत्यादि बरामद




**बरहरवा-** पिछले दिनों बरहरवा थाना क्षेत्र के झिकटिया बबुआ कॉलोनी से बंद मकान से विभिन्न घरेलू सामग्रियों को अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर ली गक थी।

वही मकान के मालिक मुजीबउल हक के लिखित आवेदन के आधार पर 19 जुलाई 2023 को अज्ञात चोरों के विरुद्ध बड़हरवा थाना कांड संख्या 115/23 धारा 457/380 पंजीकृत कर प्राथमिकी दर्ज की थी। इस मामले के अनुसंधान के क्रम में तकनीकी एवं गुप्त सूत्रों के माध्यम से बरहरवा थाना पुलिस ने चोरी के कांड का सफल उद्भेदन किया है। बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप कुमार उराँव ने पतना स्थित कार्यालय में वार्ता कर जानकारी दी कि चोरी कांड में संलिप्त शिवा महतो उर्फ कटप्पा (उम्र 19 )वर्ष पिता अशोक महतो साकिन झिकटिया, काली मंदिर थाना बरहरवा एवं दूसरा अभियुक्त इजामुल हक पिता सरीफुल इस्लाम साकिन तेतुलिया थाना बरहरवा को छापेमारी कर गिरफ्तार किया, तथा चोरी किये गए विभिन्न सामग्रियों की बरामदगी गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर की गई है। जिसमे दो सीलिंग फैन एवं वर्लपुल रेफ्रिजरेटर एक स्टेबलाइजर एवं दो पंखे बरामद किया गया है। मामले के उद्भेदन हेतु छापेमारी दल में बरहरवा थाना प्रभारी प्रियेश प्रसून, पु. अ. नि. रमाशंकर प्रसाद, स. अ. नि. कविन्द्र मिश्रा, आ. गोपी कुमार एवं सखी चंद्र यादव शामिल रहे।गिरफ्तार अभियुक्तो को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के समीप बाइक पलटने से तीन छात्र घायल, एक हुआ रेफर



**साहिबगंज-** ओपी थाना क्षेत्र के स्टेडियम रोड स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के पास शुक्रवार को बाइक दुर्घटना में तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां सभी घायल छात्रों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस सड़क दुर्घटना में झरना कॉलोनी के प्रदीप पंडित के पुत्र सुमित कुमार पंडित की हालत गंभीर रहने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

जबकि सकरोगढ़ के आशीष कुमार के पुत्र प्रीत कुमार व कबूतरखोपी के अंकुश कुमार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार तीनों घायल छात्र आपस में दोस्त है जो शहर के प्रोविडेंस स्कूल से पढ़ाई खत्म करने के बाद बाइक से तीनों दोस्त जा रहे थे तभी जवाहर नवोदय स्कूल के पास अचानक बाइक असंतुलित होकर पलट गया जिसके कारण तीनों छात्र घायल हो गया। वही डॉक्टर के अनुसार प्रीत कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी है जहां घायल कुछ भी बताने की स्थिति में नही है। वही उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही कुछ पता चल सकेगा। उधर जिरवाबाड़ी ओपी पुलिस अस्पताल पहुंचकर घटना के संबंध में जानकारी हासिल कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## ख़ास ख़बर

## कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का मनाया जन्म दिवस



**गोण्डा–** ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्यसभा सांसद मलिकार्जुन खरगे का जन्मदिन बड़े हर्ष के साथ धूमधाम से मनाया गया। कांग्रेसियों ने एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी जताई। जन्म दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा,पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल,जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे,अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सगीर खान,विनय प्रकाश त्रिपाठी,हरीश चंद्र श्रीवास्तव,डॉ राज बहादुर सिंह,धर्मराज सिंह दिलीप वर्मा अतीक राम सिंह,राणा वेद प्रकाश सिंह,चांद खान,पंचम राम,तैयब चौधरी,सुरेश कुमार गौतम,अबसार अहमद,एन फारुकी,संदीप मिश्रा,राजकुमार शुक्ला,जुबेर अहमद,जवाहरलाल मौर्य,राम जनक वर्मा,हरिराम वर्मा,बधाई दी।

## जिला अध्यक्ष ने ब्लॉक अध्यक्षों के साथ की बैठक,टटोली नब्ज



**गोण्डा–** ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर कांग्रेस पार्टी की जिला इकाई के जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने जनपद के ब्लॉक अध्यक्षों के साथ बैठक कर उनकी नब्ज टटोली,बैठक का संचालन कांग्रेस जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे ने किया।जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी ब्लॉक अध्यक्षों से जानकारी ली और उन्होंने कहा कि आप लोगों को काफी मेहनत करने की जरूरत है।हरीश चंद्र श्रीवास्तव अध्यक्ष रूपईडीह,वेद प्रकाश सिंह अध्यक्ष परसपुर,अतीक अहमद अध्यक्ष हलधर मऊ,धर्मराज सिंह अध्यक्ष मुजेहना,डॉ राज बहादुर सिंह अध्यक्ष वजीरगंज,दिलीप वर्मा अध्यक्ष इटियाथोक,राम सिंह राणा अध्यक्ष बेलसर,पंचम राम अध्यक्ष मनकापुर, बैठक में शामिल हुए, बैठक का मुख्य उद्देश्य रहा हैं कि 25 जुलाई को देश का संविधान बचाओ संकल्प सभा के आयोजन को सफल बनाने हेतु रणनीति बनाई गई और विस्तार से चर्चा हुई।समस्त जनपद के ब्लॉक अध्यक्षों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकने की बात कही और कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान पूर्व युवा प्रदेश अध्यक्ष तरुण पटेल,सगीर खान,विनय प्रकाश त्रिपाठी,चांद खान रहे।

## जिला अध्यक्ष ने बैठक कर पी0एम0 योजनाओं से लोगों को जागरूक किया



**गोण्डा–** ब्यूरो आवेश अंसारी प्रधानमंत्री जन कल्याणकारी योजना जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को विकास खण्ड झंझरी के ग्राम पंचायत भटवलिया स्थित सम्मय माता मंदिर पर जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा के अगुवाई में बैठक हुई,जिसमें केन्द्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।श्री मिश्रा ने बताया कि ऐसी तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं।लेकिन उन लोगों तक योजनाओं नहीं पहुंच पाती,इसका कारण जागरूकता है कि जागरूक न होना।जिससे योजनाओं का लाभ सीधे उन्हें नहीं पहुंच पाता है।उन्होंने कहा कि हमारी ज़िम्मेदारी है और संगठन का उद्देश हैं।प्रधानमन्त्री जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना और पात्र लोगों तक पहुंचाना।उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री मोदी की सोच हैं कि कल्याणकारी योजनाओं से कोई छूट न जाए।हमारा संगठन घर घर,गांव गांव जाकर सभी को जागरूक करने का संकल्प लिया गया है।इस दौरान अमरीश तिवारी,दिनेश तिवारी,पुत्तन मिश्रा लाल मिश्रा,बबलू तिवारी,रवि मिश्रा,प्रदीप बी0डी0सी0 रहें।

# मंडलायुक्त ने शासन की योजनाओं की समीक्षा की, डीएम व सीडीओ करें विभागों के साथ नियमित समीक्षा

**गोंण्डा** ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर सभी विभागों के अधिकारी स्वयं अपने विभाग के योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा अवश्य करें। विभाग की सभी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों तक प्रचार-प्रसार कराकर पात्र व्यक्तियों तक पहुंचायें योजनाओं का लाभ। डीएम एवं सीडीओ अपने-अपने जिलों में विभागों के साथ नियमित समीक्षा करें। यह निर्देश देवीपाटन मण्डल के मंडलायुक्त ने शुक्रवार को हुई मंडलीय समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को दिए। वहीं बताते चलें कि शुक्रवार को देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार कक्ष में शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले 37 बिंदुओं पर विकास कार्यक्रमों की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जहां उन्होंने सभी महत्वपूर्ण विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाई गई कमियों को चिन्हित करते हुए अगली बैठक से पूर्व कमियों को दूर करने के निर्देश सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा यदि कमियों को दूर करने में लापरवाही हुई तो अगली बार कार्रवाई भी हो सकती है मंडलीय समीक्षा बैठक में उन्होंने नहरों में टेल तक पानी पहुंचने, नहरों की सिल्ट सफाई, नई सड़कों का निर्माण, सेतुओं का निर्माण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, निराश्रित गोवंशो का संरक्षण, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, जननी सुरक्षा योजना, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण, पंचायत भवनों का निर्माण, अपशिष्ट



प्रबंधन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, शादी अनुदान योजना, कन्या सुमंगला योजना, आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण, ई-कवच पर फीडिंग, पोषण अभियान, मनरेगा, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं की बारी-बारी से समीक्षा की।

निराश्रित गोवंशो को सड़क से हटाकर गौशाला में भेजा जाय- आयुक्त उन्होंने निराश्रित गोवंश के सड़क पर घूमने की समस्या के संबंध कहा कि सभी निराश्रित गोवंशो को गौशाला में संरक्षित किया जाए। अभियान चलाकर निराश्रित गोवंशो को पकड़कर उन्हें गौशाला में भेजा जाए।

उन्होंने नहरों में टेल तक पानी पहुंचने, उनकी सिल्ट सफाई, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सभी किसानों तक निधि पहुंचाने, सभी किसानों की फसलों का बीमा करने, सभी लाभार्थियों को गोल्डन कार्ड बनाने, कन्या सुमंगला योजना का अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित कर रोजगार दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जनपद में बालश्रम के खिलाफ अभियान चलाया जाए एवं श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे श्रमिकों तक पहुंचाया जाए। खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का जनता तक प्रचार प्रसार करने, उद्यान विभाग को सब्जी और फल के पौधे अधिक से अधिक लगाने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने की मंडलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा मंडलीय कानून व्यवस्था की समीक्षा में आयुक्त ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों से मासिक कानून व्यवस्था की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान आयुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि गुंडा एक्ट, सोशल मीडिया, साइबर क्राइम सहित अन्य सभी कानून व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही पुलिस उप महानिरीक्षक ने मंडल के सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि अपने- अपने जनपदों में सभी प्रकार के विवादों एवं आगामी आयोजित हो रहे जलाभिषेक एवं त्योहारों पर विशेष ध्यान दिया जाय। ताकि कानून व्यवस्था में कहीं किसी प्रकार की कोई समस्याएं न उत्पन्न होने पाये। आयुक्त ने की मंडलीय कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा मंडलीय कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की मासिक समीक्षा बैठक में मंडल के सभी अपर जिलाधिकारियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से विभागवार गहन समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली में शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही आयुक्त ने रियल टाइम खतौनी, स्वामित्व योजना, मिट्टी खनन, वन विभाग, विद्युत विभाग आदि की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी बराबर समीक्षा करते रहे ताकि योजनाओं की प्रगति में कमी न होने पाये। वहीं समीक्षा के दौरान आयुक्त ने मंडल के सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का बराबर मॉनिटरिंग करते हुई गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण किया जाए ताकि शिकायतकर्ताओं को बार-बार शिकायतें न करना पड़े।मंडलीय समीक्षा बैठक में पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र, अपर आयुक्त प्रशासन, जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा, जिलाधिकारी बहराइच एवं जिलाधिकारी श्रावस्ती, पुलिस अधीक्षक गोंडा, बहराइच, बलरामपुर एवं श्रावस्ती सहित मंडल के सभी विभागीय अधिकारी एवं जनपद स्तरीय सभी विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मिशन द्वारा जल जीवन मिशन की जनपद स्तरीय जन जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/अयोध्या । जिलाधिकारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता में विशिष्ट अतिथि विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव व मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति मिशन द्वारा जल जीवन मिशन की जनपद स्तरीय जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जल संरक्षण एवं जल जीवन मिशन-हर घर जल के अन्तर्गत क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन को अपनाने तथा व्यवहार परिवर्तन हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों/कर्मचारियों आदि को जागरूक किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन द्वारा कराये जा रहे ओवर हेड टैंक से घर-घर तक स्वच्छ पानी को पहुंचाने का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि छोटे हैंडपम्पों का पानी स्वच्छ एवं अच्छा नही रहा है। इसके दूषित होने की संभावना अधिक होने से सरकार द्वारा इंडिया मार्का-2 हैंडपम्प लगवाये गये जिन्हें घर-घर लगवाना सम्भव नही है इसलिए लोगों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ओवर हेड टैंक से पाइप लाइन द्वारा घर-घर स्वच्छ पेय जल पहुंचाने का





महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। इससे बीमारी की संभावना काफी कम होगी। सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत शौचालय व सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण कराया गया जिसके उपयोग से बीमारियों में कमी आई है। दूषित पानी के उपयोग व खुले में शौच से वेक्टर जनित बीमारियां ज्यादा होती है । तथा जो जानलेवा भी हो सकती है। इससे अकाल मृत्यु भी हो जाती है, परिवार का आर्थिक नुकसान भी होता है परिवार गरीबी रेखा के नीचे चला जाता है इससे बचाव हेतु लोगों में जागरूकता बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। अतः सभी लोग स्वच्छ पानी को अधिकार कर्तव्य रूप से लें। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें लोगों को प्रेरित करें कि लोग टोटी का कनेक्शन लें और स्वच्छ पेयजल का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि पानी का नुकसान न करें। पानी के मूल्य को समझे एवं उसका सद्पयोग करें, पानी को संरक्षित करें। कृषकगण भी फसलों में उसकी आवश्यकता से अधिक पानी न दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पानी के स्त्रोतों का बचायें तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करें। उन्होंने कहा कि सहभागिता तथा सहचर्य के साथ आगे चले, अभियान चला लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि अयोध्या विश्व पटल पर तेजी से उभर रहा है। आगामी दिसम्बर और जनवरी व अयोध्या अयोध्या के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। अतः कार्यदायी संस्थायें जल जीवन मिशन के कार्यो को दिसम्बर 2023 तक जनपद के सभी पंचायतों में पूर्ण करें साथ ही पाइप लाइन डालने हेतु खोदे गये मार्गो को आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप अनिवार्य रूप से ठीक करायें। इस अवसर पर विधायक रामचन्द्र यादव ने केंद्र एवम् राज्य सरकार द्वारा जन सामान्य को स्वच्छ एवं शुद्व पेय जल उपलबध कराने हेतु चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों को स्वच्छ पेयजल हेतु टोटी का कनेक्शन लेने तथा पानी को संरक्षित करने हेतु ग्रामीण स्तर पर भी लोगों को जागरूक एवं प्रेरित करने को कहा मुख्य विकास अधिकारी ने अशुद्व पेयजल के सेवन के दुष्प्रभावों तथा जल कमी से पड़ने वाले दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को सचेत होने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रण लें कि जल का स्वयं भी संरक्षण करेंगे तथा अपने परिवार व आसपास एवं समाज के लोगों को भी जल संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे।कार्यशाला में नुक्कड नाटक एवं लोकगीतों के माध्यम से भी लोगों के जल संरक्षण हेतु जागरूकता का संदेश दिया गया।

**पत्र** मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सांसद ने अन्य कई मांगो को लेकर पत्र सौंपा है।

# अयोध्या में भूमिहीन गरीबों को आवास दिये जाने के प्रकरण को सांसद ने उठाया मुख्यमंत्री के समक्ष



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**/अयोध्या। लखनऊ की तर्ज पर शहरी भूमिहीन गरीबों को अयोध्या में आवास दिये जाने के प्रकरण को सांसद लल्लू सिंह ने मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सांसद ने अन्य कई मांगो को लेकर पत्र सौंपा है। जिसमें अमानीगंज से सत्थिन घाट के मार्ग का चौड़ीकरण, रौनाही से ड्योढ़ी अमानीगंज, बहादुरगंज तिन्दौली होते हुए एनएच 330ए का चौड़ीकरण, रुदौली से अमानीगंज मार्ग का सुदृढ़ीकरण, कटेहरी बाईपास को बाईपास योजना में शामिल किये जाना शामिल है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवासीय योजना शहरी के उप घटक भागीदारी में किफायती आवास एवं लाइट हाउस प्रोजेक्ट योजना के तहत लखनऊ में आवास निर्मित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जनपद अयोध्या में बहुत से ऐसे गरीब परिवार है जिनके पास अपनी स्वयं भूमि नहीं है। इन गरीबों को लाईट प्रोजेक्ट योजना के तहत आवास बनाने की मांग की गई है। इसके साथ में लोकसभा क्षेत्र के जर्जर मार्गो के चौड़ीकरण व उच्चीकरण की मांग किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री ने मांगो को जल्द पूरा करने का आशवासन दिया है। उन्होने बताया कि रामनगरी अयोध्या का विकास केन्द्र व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामनगरी अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं को वैश्विक मानकों के अनुसार सुविधाएं देने के प्रति कटिबद्ध है। इसके लिए हजारों करोड़ के योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की गई है। अयोध्या से जुड़ने वाली सड़कों का चौड़ीकरण करके श्रद्धालुओं के बेहतर आवागमन की सुविधा दी जा रही है। अयोध्या में अंतराष्ट्रीय मानकों से युक्त रेलवे स्टेशन का निर्माण हो रहा है। रामनगरी में बनने वाला एयरपोर्ट जल्द श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध होगा। यहां के धार्मिक पयर्टन स्थलों का भी विकास किया जा रहा है। अयोध्या विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित हो गयी है।

## अवध विवि ने बीएससी (भाग तीन) व पांच विषयों का प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित किया

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने सम्बद्ध महाविद्यालयों की बी0एससी0 (भाग तीन) मुख्य परीक्षा वर्ष 2023 का परीक्षाफल घोषित किया। वहीं विश्वविद्यालय के पांच विषयों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी किए गए। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमनाथ ने बताया कि शुक्रवार को बी0एससी0 (भाग तीन) के घोषित परीक्षाफल में सम्मिलित कुल 4077 परीक्षार्थियों में से 3949 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए। इन परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 9686 रहा। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि कुल सम्मिलित 1688 छात्रों के सापेक्ष 1587 छात्र उत्तीर्ण घोषित हुए एवं इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 94.02 रहा है। जबकि कुल सम्मिलित 2389 छात्राओं के सापेक्ष 2362 छात्रायें उत्तीर्ण घोषित हुई है। इनका उत्तीर्ण प्रतिशत 98.87 रहा। बी0एससी0 (भाग तीन) का परीक्षाफल एवं अंको का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन ने एलएलबी त्रि-वर्षीय, बीफार्मा,डीफार्म,एमएड, एलएलएम विषयों के प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया। प्रवेश समन्वयक प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि उक्त पाठ्यक्रमों के प्रवेश परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी कर दिया गया है। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की तिथि विश्वविद्यालय द्वारा घोषित कर दी गई है।

## जागरूकता कार्यक्रम में बताये गये महिलाओं के अधिकार

**गोण्डा,** ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्करशुक्रवार को तहसील करनैलगंज के सभागार में द्वितीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधिक जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज/एफटीसी द्वारा किया गया, जिसमें प्रभारी तहसीलदार करनैलगंज जयशंकर सिंह भी उपस्थित रहे। रिसोर्स पर्सन समाजसेवी रूचि मोदी द्वारा शिविर को सम्बोधित करते हुये बताया गया कि वर्तमान समय महिलाओं में जागरूकता न होने के कारण वे अपने अधिकारों का प्रयोग नही कर पा रही हैं, जबकि अधिकतर महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे कोई जानकारी ही नही है। महिलाओं को जागरूक करने के लिये ही इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विधि ज्ञाता/समाज सेवी द्वारा महिलाओं को विधिक जानकारी दी जाती है। महिलाओं की विभिन्न समस्याओं है जैसे कि बालिका की गर्भ में हत्या, बाल विवाह, पुरूषों द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं से छेड़छाड़, बालिकाओं को बालकों के समान शिक्षा न देना, दूरदराज के इलाकों में रहने वाली बालिकाओं के लिये विद्यालय का न होना, रात-बिरात आवश्यकता पड़ने पर महिलाओं के घर से निकलने पर सुरक्षा सम्बन्धी परेशानियां, विवाह के समय अत्यधिक दहेज की मांग, दहेज न देने पर महिलाओं को शारीरिक क्षति पंहुचाना, वृद्ध महिलाओं को उनके परिवार द्वारा घर से निकाल देना इत्यादि। जब तक समज का प्रत्येक वर्ग जागरूक नही होगा एवं महिलाओं के अधिकारों को नही समझेगा। अन्त में विधिक जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा द्वारा यह बताया गया कि समय समय पर महिला विधिक जागरूकता कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जाता है। इसका उद्देश्य उनको जागरूक कर उनको प्राप्त विविध विधिक अधिकारों से अवगत कराना है।

## अधिवक्ता के ऊपर जानलेवा हमला करने का आरोपी अभियुक्त 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार



**गोंण्डा** ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर वादी चन्द्रप्रकाश तिवारी द्वारा थाना को0 देहात में सूचना दी की उनके पिता शिवशंकर तिवारी समय करीब 5.30 बजे कचहरी से घर आ रहे थे कि रास्ते में विपक्षी अंजनी पाण्डेय द्वारा जान से मारने की नियत से धार दार हथियार से मेरे पिता के ऊपर हमला कर दिया था। जिससे मेरे पिता को गम्भीरे चोटे आयी है जिनका ईलाज जिला अस्पताल गोण्डा में चल रहा है। सूचना पर थाना को0 देहात में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। सूचना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने आरोपी अभियुक्त की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश प्र0नि0 को0 देहात को दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 देहात पुलिस द्वारा सुरागरसी-पतारसी कर घटना कारित करने वाले आरोपी अभियुक्त अंजनी पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फर्जी तरीके से जमीन बैनामा कराने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**गोंण्डा** ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षो को दिए थे।उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा आज दिनांक 21.07.2023 को क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर फर्जी तरीके से जमीन बैनामा कराने के वांछित अभियुक्त पिंटू को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने वादी राघव राम शुक्ल पुत्र बच्छराज नि0 ग्राम बराव थाना को0 करनैलगंज जनपद गोण्डा की जमीन को फर्जी तरीके से बैनामा करा लिया था। जिसके सम्बन्ध में वादी द्वारा थाना कटराबाजार में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## एसडीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ढेमवाघाट का निरीक्षण



**गोंण्डा** ब्यूरो चीफ आवेश अंसारी शुभ भास्कर जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर तहसील तरबगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ढेमवाघाट का निरीक्षण उपजिलाधिकारी तरबगंज, तहसीलदार, जिला आपदा विशेषज्ञ, नायब तहसीलदार ने मौके पर जाकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर मौके का जायजा लिया, तथा आसपास के लोगों से बाढ़ के संबंध में वार्ता कर वहां पर होने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली, तथा वहां पर स्थापित बाढ़ चौकियों पर तैनात सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण करते रहें, ताकि बाढ़ से यहां की ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्याएं न होने पाये। यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो तत्काल जिला मुख्यालय पर सूचित करें, ताकि समय से सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जा सके, और ग्रामीणों को बाढ़ से पूरी तरह से सुरक्षित कर लिया जाय।

## ओवरलोड का हवाला देकर बत्ती गुल करने का सिलसिला लगातार जारी

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/हैदरगंज-अयोध्या।** हैदरगंज क्षेत्र अंतर्गत केलालाल खां विद्युत उपखण्ड पर भरपूर मनमानी चल रही है। एक तरफ जहां गर्मी का भरपूर सितम जारी है। तो वही दूसरी तरफ बिजली विभाग की लापरवाही और नाकामी का भी सितम जारी है। इस तरह की उमस भरी गर्मी में इंसान दिन में तो किसी तरह काम चला लेता है। लेकिन रात को भी बिजली की आपूर्ति बाधित करके लोगों की नींद हराम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। क्षेत्रीय जनता के बीच काफी नाराजगी व्याप्त है। लोगो का कहना है कि पूछे जाने पर ओवरलोड का हवाला देकर बात काट दी जाती है। अगर ओवरलोड की समस्या है। तो पहले से ही उस समस्या का निवारण किया जाना चाहिए ।

# लोग अभी से सजग हो जाएं वरना भावी पीढ़ी को जल संकट से जूझना होगा

## दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस इस गुत्थी को सुलझा नहीं पाई है।

**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला /जामताड़ा/**बातें स्थानीय विधायक सह झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने बंदरडीहा में पेयजल आपूर्ति योजना के शिलान्यास कार्यक्रम में कही। मालूम हो कि कार्यक्रम स्थल पर उनके आगमन होते ही आयोजक समिति तथा विभाग के अधिकारियों के द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत रूप से नारियल फोड़कर, फीता काटकर तथा सिलापट का अनावरण कर शिलान्यास किया। मालूम हो कि इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि धरती का सहस्त्र छिद्रण होने के कारण भूगर्भ पानी का लेयर बहुत ही नीचे चला गया है इसलिए हमारी सरकार ने जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जलापूर्ति योजना का शुरुआत किया है ।उन्होंने बताया कि इस जलापूर्ति योजना से 33 ग्राम तथा 3527 परिवार अच्छादित होंगे । उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के




बाद तथा पूर्व के संयुक्त प्रयास से शुद्ध पेयजल आपूर्ति का कार्य अभी तक जारी है। उन्होंने कहा कि पानी हर जीव जगत के लिए महत्वपूर्ण है झारखंड के बच्चों को शुद्ध पानी मिले, लोग निरोग रहे ,हमारे युवा मुख्यमंत्री का प्रयास है कि हर गांव में घर घर नल के माध्यम से शुद्ध जल पहुंचे ।सरकार की इच्छा है कि हर लोग को शुद्ध पानी मिले जो कि आम जनता का यह मौलिक अधिकार भी है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के कार्य काल में अजय नदी, कुर्ली, शीला नदी में जल नल योजना का कार्य किया जाएगा, डीपीआर तैयार हो रहा है। उन्होंने आम लोगों तथा उपभोक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पानी को व्यर्थ ना गवाएं, अमूल्य चीज है, सरकार के प्रकल्प को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि 29 करोड़ की लागत से यह जलापूर्ति योजना का निर्माण किया जाना है।इस अवसर पर बीस सूत्री अध्यक्ष उज्वल भट्टाचार्य, विधायक प्रतिनिधि बासुदेव हांसदा, बीस सूत्री सदस्य नदियानंद सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सलीम जहांगीर, लुकमान अंसारी, मुखिया सोनामुखी सोरेन, महेश्वर मरांडी, दयामय घोष, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जयधन हांसदा, भास्कर मंडल के अलावे कार्यपालक अभियंता राहुल प्रियदर्शी, मउकसएर मियां,मानिक चंद्र दे, मुख्य रूप से मौजूद थे। मालूम हो कि मंच का संचालन युवा नेता सफीक अंसारी ने किया।

# मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं के साथ हुई घटना ने पूरे देश को किया शर्मशार-शबाना परवीन

**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** भारत के मणिपुर प्रदेश में कुछ महीनों से चल रही हालात पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की चुप्पी के कारण मणिपुर में दो आदिवासी महिलाओं के साथ घटना हुई।

यह बातें मधुपुर नगर परिषद के वार्ड पार्षद बहुजन समाज पार्टी के मधुपुर विधानसभा प्रभारी ÷शबाना परवीन÷ पत्रकारों से भेंटवार्ता में कहा। उन्होंने कहा पिछले दिनों मणिपुर से वायरल होने वाली वीडियो ने पूरे रूह को हिला कर रख दिया है। वीडियो देखकर यह मालूम होता है कि अब इस देश में इंसानियत खत्म हो चुकी है?। पहले की दौर में भी ऐसी घिनौनी घटना को अंजाम नहीं दिया जाता था। उन्होंने कहा कि



हमारे देश के प्रधानमंत्री हमेशा इस देश की 1 करोड़ 40 लाख जनता के हवाले से अपनी शाबाशी लूटते थे। आज इन्हीं भाजपा प्रदेश सरकार ने एक करोड़ 40 लाख जनता के मुंह पर कालिख पोतने का काम किया है।



ऐसी सरकार को अभिलंब गद्दी छोड़ देनी चाहिए और जनता के सामने खड़ा होना चाहिए।

वही कांग्रेस नेत्री रोशन आरा ने कहा कि मणिपुर की वायरल वीडियो जैसे ही आंखों से टकराई ऐसा लगा कि मैं जिंदा लाश हूं। ऐसी घटना को अंजाम देने वाले को सीधे फांसी की

**जिस देश की महिला महफूज नहीं इस देश की सरकार को गद्दी पर जमे रहने का कोई हक नहीं-रोशन आरा.**

सजा होनी चाहिए और मणिपुर सरकार को अविलंब बर्खास्त कर देनी चाहिए।

यह घटना नहीं देश के लिए बड़ी हादसा है यह हादसा पूरा देश शर्मसार कर देने वाले हादसा है। उन्होंने कहीं कि जिस देश के महिलाएं महफूज नहीं है इस देश की प्रधानमंत्री और देश के गृहमंत्री को अभिलंब गद्दी छोड़ देनी चाहिए और देश के एक करोड़ 40 लाख जनता से माफी मांगनी चाहिए।

# मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण के दूसरे दिन बूथ संख्या 179 से 222 के बीएलओ को मिला प्रशिक्षण

**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**मधुपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी की उपस्थिति में बूथ संख्या 179 से 222 के पर्यवेक्षक एवं बीएलओ की प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित की गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा ऑनलाइन सभी उपस्थित बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया गया । कहा कि एक जनवरी 2024 को मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलेगा। इसके तहत 21 जुलाई से 21 अगस्त तक सभी बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस



कार्य के लिए बीएलओ को वर्तमान मतदाताओं की विवरणी से संबंधित बीएलओ रजिस्टर उपलब्ध करा दी गई। इस पंजी में उपलब्ध विवरणी सत्यापन परिवार के प्रमुख से करना है। घर-घर सत्यापन के दौरान सभी बीएलओ को एक जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुके एवं पूरा कर रहे अनिबंधित व भावी मतदाता एक अप्रैल 2024,एक जुलाई 2024 एवं एक अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे भावी मतदाता, एक से अधिक निर्वाचन क्षेत्र में नाम, मृत मतदाता, स्थायी तौर पर स्थानान्तरित मतदाता का सत्यापन करना है। वहीं मतदाता सूची की प्रविष्टियों में अपेक्षित सुधार भी करनी है। घर-घर सत्यापन करना है । पूरा होने पर प्रत्येक बीएलओ ईआरओ को प्रमाणपत्र देना होगा कि शत प्रतिशत सूचनाएं कार्यालय को देना होगा । प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा बीएलओ से प्रपत्र छह, सात एवं आठ के बारे में जानकारी ली। मौके पर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गौतम कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर गोपाल कुमार सिंह, अभियंता विनोद मेहरा ,सैकड़ों बीएलओ इत्यादि उपस्थित रहे

## ख़ास ख़बर

# एक भैस के लिए ससुराल में महिला और बच्चे पर डाला गया गर्म पानी



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/देवघर/** मधुपुर थाना क्षेत्र के पटवाबाद सलैया में दहेज की खातिर ससुराल वालों ने जान मारने की नियत से महिला और बच्चे पर गर्म पानी डालकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। घटना के बाद महिला रौशन आरा और तीन माह के बच्चे को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बुरी तरह जख्मी है । महिला ने पुलिस से कहा है भैंस के खातिर ससुराल में उसके पति खुर्शीद अहमद, सास जुलैखा बीबी और श्वसुर चरका मियां छोटी-छोटी बातों पर गाली-गलौज और मारपीट करते रहते हैं। गुरुवार की दोपहर जान मारने की नियत से सास और पति ने शरीर मे गर्म पानी डाल दिया। जिससे पूरा शरीर जल गया है। घटना में तीन महीने का बच्चा भी झुलस गया है। ससुराल वाले हमेशा जान मारने की धमकी देते हैं। कहते हैं मायके से दहेज का रूपया लेकर आओ, तब रखेंगे। तीन माह के बच्चे को भी गर्म पानी डालकर जख्मी कर दिया है। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पति और सास को गिरफ्तार कर लिया है जहां उन्हें अनुमंडल अस्पताल में कोइड जांच के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

# जिला लीग मैच के छठे दिन पिपरा शोल ने कदमा तरी को हराया

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**देवघर जिला फुटबॉल संध के तत्वावधान में चल रहें जिला लीग मैच का शुक्रवार को छठा दिन का पहला मैच पिपराशोल वनाम कदमातरी के बीच खेला गया। जिसमें पिपराशोल तीन गोल से विजय हासिल की। वही दुसरा मैच जाभागुड़ि और आमबगान के बीच खेला गया ।यह खेल बराबरी पर समाप्त हुआ निर्णायक की भूमिका में कुन्दन राउत, कार्तिक सोरेन और मो शकिल तथा विष्णु टुडू थे।23 जुलाई को लीग का समापन समारोह है। उस दिन सभी खिलाड़ीयो को जिला फुटबॉल संघ की ओर से ट्राफी तथा प्रमाण पत्र दिया जायेगा। लीग मैच के सफल आयोजन के लिए जिला फुटबॉल संध के अध्यक्ष विद्रोह कुमार मित्रा, उपाध्यक्ष रामचन्द्र झा, सचिव विष्णु टुडू, कोषाध्यक्ष राजेश सोरेन तथा अन्य सभी मौजूद थे।

# सावधान- जिला चिकित्सालय जा रहे हैं कूड़े का ढेर आपको कर सकता है बीमार



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या।जिला चिकित्सालय अयोध्या में जिम्मेदारों की एक बड़ी लापरवाही। इलाज में प्रयुक्त की गई सामग्री को अस्पताल परिसर में ही बने कूड़ा घर में फेंका जा रहा है। इसके निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही है ऐसे में मरीजों के साथ-साथ उनके तीमारदार और परिसर में रहने वाले अस्पताल के स्टॉफ और डॉक्टरों के परिवार के लिए खतरे की घंटी साबित हो रहा है। इससे अस्पताल में भी संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। इस्तेमाल की हुई अस्पताली कचरा, जिस कूड़ा घर में फेंका जा रहा है वह जिला अस्पताल और महिला अस्पताल को जोड़ने वाले रास्ते के किनारे बना है। कचरे को जानवर खा रहे हैं, जिससे उनके भी संक्रमित होने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। आपको बता दें कि इसी कूड़े के ढेर पर कई दिन से एक मृतक कुत्ता भी पड़ा हुआ है जिससे दुर्गंध और बढ़ गई है। कूड़ा घर व उसके बाहर फैली गंदगी से उठती दुर्गंध के कारण लोगों का सांस लेना दूभर हो गया है। जिससे लोगों में टायफाइड सरीखे संक्रामक रोग हो सकता है।

# प्रधानमंत्री और मनिपुर मुख्यमंत्री का बसपा कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/ मधुपुर/देवघर/**बसपा नेता जियाउल हक उर्फ टार्जन व प्रदेश सचिव जयदेव मेहरा, प्रदेश अध्यक्ष नयन भारती और कोषाअध्यक्ष बलदेव दास के नेतृत्व में दर्जनों बसपा नेता व कार्यकर्ताओं ने मणिपुर में आदिवासी बहनों को नंगा कर घुमाने और आवमानीय हरकत करने के विरोध में शुक्रवार को गांधी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का पुतला दहन किया। बसपा कार्यकर्ता नेताओं के द्वारा शहर के कोर्ट मोड डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौक से पुतला लेकर जुलूस निकाला। बाजार भ्रमण करते हुए गांधी चौक पहुंचे और यहां आकर पुतला दहन किया जुलूस में मणिपुर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के विरोध में जमकर नारेबाजी की । महिलाओं पर अत्याचार करना बंद करो आदि नारे लगाए गए। राजेंद्र दास, असगर अंसारी, महेश दास, अयुब शेख, संतोष दास, चिरागुद्दीन, दीपक यादव, इंद्राणी भारती, इंद्रजीत दास, बाबू चंद्र दास, राजीव नयन दास, वृजनंदन दास, शिवा दास, अर्जुन आदि मौजूद थे ।

# अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के जिलाध्यक्ष बने सत्यदेव मिश्र



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/**अयोध्या। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक शक्ति नगर कालोनी में सम्पन्न हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने संरक्षक मण्डल (कोर कमेटी) की सहमति से सत्यदेव मिश्र को जनपद अयोध्या का जिला अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। जनपद अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र ने आगामी 6 अगस्त को जिला कार्यकारिणी के गठन के लिए बैठक बुलाई है। आज कोर कमेटी की बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ0 संजयन त्रिपाठी उपस्थित रहे। डॉ0 त्रिपाठी ने परिषद के आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। डॉ0 त्रिपाठी के सुझाव के क्रम में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद महानगर अयोध्या के 60 वार्डों में परिषद का गठन करके अध्यक्ष नियुक्त करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। बैठक में मुख्यरूप से डॉ0 संजयन त्रिपाठी, सतीश पाण्डेय, प0 राम अनुज तिवारी, आचार्य राधेश्याम मिश्र, दिलीप राम त्रिपाठी, गगन आचारी, जय प्रकाश तिवारी, क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, काशीनाथ तिवारी, वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# साफ सफाई अभियान का नगर में दिखा असर




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/** गोसाईंगंज- अयोध्या। नगर पंचायत गोसाईगंज की अध्यक्ष श्रीमती विजय लक्ष्मी जायसवाल व ईओ इंद्रभान के नेतृत्व में नगर की दशा और दिशा बदलती दिखाई दे रही है। नए बोर्ड कार्यकाल में जिस प्रकार नए अध्यक्ष व नए ईओ ने नगर में साफ सफाई अभियान को बढ़ावा दिया वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष खुद रोजाना सफाई नायकों से वार्ता करते हुए जियो टैग फोटो के माध्यम से अपडेट लेती रहती हैं। पिछले एक माह में जिस प्रकार से सफाई व्यवस्था में सुधार हुआ है उसकी चर्चा नगर वासी करते दिखायी देते है। अध्यक्ष ने बताया कि इसका पूरा श्रेय नगर की जागरूक जनता , पत्रकार मीडिया बंधु, सक्रिय सभासद गण व मुस्तैदी से कार्यरत हमारे सफाई नायक और सफाई मित्र को जाता है। जनता अपनी शिकायत सुझाव एप्लिकेशन के माध्यम से कार्यालय पर दर्ज करा सकते हैं। ईओ ने बताया कि यह अभियान ऐसे ही चलता रहेगा। जनता अब सफाई के प्रति जागरूक हो रही है।

# चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/रूदौली-अयोध्या ।** चार माह पूर्व बहराइच जिले के थाना खैरी घाट से चोरी बाइक शुजागंज क्षेत्र में मिल गई है।पुलिस को ये सफलता वाहन चेकिंग के दौरान मिली है।शुजागंज चौकी प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि वे अपने सहकर्मियों के साथ शुक्रवार की देर शाम वाहन चेकिंग कर रहे थे।इस दौरान हलीमनगर महावत ढेरा निवाली शकील उर्फ सुक्रील पुत्र कुतून एचएफ डीलक्स बाइक लेकर आया। पूछ-ताछ के दौरान बाइक सवार ने कोई कागजात नही दिखा पाया।चूंकि युवक एक शातिर अपराधी था। जिसके विरुद्ध गोवध गैंगेस्टर सहित कुल 11 गंभीर मुकदमें दर्ज है।

**समीक्षा गोष्ठी** अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु निम्न निर्देश दिये

# पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र गोण्डा द्वारा जनपद गोण्डा/बलरामपुर/ बहराइच/श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षकगण के साथ कैम्प कार्यालय में मासिक समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गयी

**गोंण्डा** ब्यूरो आवेश अंसारी शुभ भास्कर-सोशल मीडिया पर सड़क पर झगड़ा या मारपीट की कोई भी घटना वायरल होती है तो उसके सम्बन्ध में तत्काल प्रभावी कार्यवाही हो।इस प्रकार की घटनाओं में समझौता न कराया जाये तथा न ही समझौतानामा स्वीकार किया जाये। इस प्रकार की घटनाओं से जनसामान्य में भय व्याप्त होता है।अतः गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जाये।2-क्षेत्राधिकारीगण के पास भारी संख्या में जाँच लम्बित होती है जिनकी गुणवत्ता में सुधार किया



जाये। जाँच के दौरान दोनों पक्षों को सुनकर जाँच का निष्कर्ष निकाला जाये।जाँच में मौखिक एवं अभिलेखीय साक्ष्यों को अलग-अलग अंकित कर विश्लेषण किया जाये।3-थाना दिवस से सम्बन्धित अभिलेखों का रख-रखाव उच्च स्तर का हो। प्रत्येक थाने पर थाना दिवस का रजिस्टर हो एवं उससे सम्बन्धित पत्रावली हो। जिसमें आवेदन पत्र की छायाप्रति (मूल आवेदन लेखपाल को दे दिया जाता है) अवश्य उपलब्ध रहे। साथ ही राजस्व विभाग के कर्मचारियों से इन प्रकरणों मे कृत कार्यवाही की आख्या मंगवाकर आवेदन पत्र के साथ संलग्न करते हुए पत्रावली में सुरक्षित रखा जाये।

मात्र रजिस्टर में कृत कार्यवाही न अंकित हो, बल्कि आख्या भी प्राप्त की जाए थाना दिवस जितना सुचारू रूप से कार्यरत रहेगा उतना ही बेहतर तरीके से शिकायतों का निस्तारण किया जा सकेगा। जमीनी प्रकरणों में लेखपाल एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम भेजी जाये एवं संयुक्त टीम ही जाँच कर थाने को रिपोर्ट उपलब्ध करायेगी।

# एमडीएम बनाते समय गैस सिलेंडर में लगी आग, शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाला, फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाई आग

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/मिल्कीपुर- अयोध्या।** मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय गोकुला में एमडीएम बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई और विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बेकाबू आग को बुझाया और बड़ी घटना होते होते बाल बाल बची। प्राप्त जानकारी के मुताबिक कंपोजिट विद्यालय गोकुला के परिसर में ही प्राथमिक विद्यालय मठिया का भी संचालन किया जा रहा है। छात्र छात्राओं का मध्यान्ह भोजन बनाते समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। मध्यान्ह भोजन बना रही रसोइया सुंदरा देवी व कमलेश कुमारी ने पहले तो सिलेंडर में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया।

किंतु जब वह आग को नहीं बुझा सकी तो उन्होंने बाहर निकल कर गुहार लगाई। इसके तुरंत बाद विद्यालय के कक्षा कक्षों में मौजूद अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को आनन-फानन में विद्यालय से बाहर निकाला। विद्यालय में गैस सिलेंडर में लगी आग की जानकारी मिलने के बाद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लल्लू पासी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग नहीं बुझा सके। विद्यालय के अध्यापक विवेक चंद्र पाण्डेय ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड मिल्कीपुर के फायर कर्मी प्रशांत दीक्षित, अरविंद कुमार, संदीप भट्ट, विकास चौधरी व सत्यपाल यादव मौके पर पहुंचे। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया आग। फायर ब्रिगेड के जवान प्रशांत दीक्षित ने विद्यालय के अध्यापकों से कहा कि आपके विद्यालय में जो अग्निशामक यंत्र हैं, यह खराब हो चुके हैं। दूसरे अग्निशमन यंत्र को मंगवाकर विद्यालय में रख लें। कभी भी आग लगे तो उसका प्रयोग कर आग बुझाई जा सकती है। मजे की बात तो यह है कि प्राथमिक विद्यालय मठिया का निर्माण लगभग 17 वर्ष पहले हुआ था, लेकिन विद्यालय भवन जर्जर हो जाने के चलते उस विद्यालय में पठन-पाठन कर रहे छात्र-छात्राओं को अब कंपोजिट विद्यालय गोकुला में पठन-पाठन करना पड़ रहा है। जिसके चलते अध्यापकों एवं छात्र छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

## एसएसबी 45वी वाहिनी वीरपुर ने वाहिनी स्तर पर भारत-नेपाल समन्वय बैठक आयोजित किया





**अभिषेक आनन्द / दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल**।जिले के बिरपूर अनुमंडल में एसएसबी 45वीं बटालियन वीरपुर के मुख्यालय में वाहिनी स्तर पर भारत-नेपाल समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।जानकारी देते हुए 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट जगदीश कुमार शर्मा ने बताया कि भारत-नेपाल दोनों पडोसी देशो के बीच हमेशा से मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध रहे है।इसलिए दोनों देशो के बीच वाहिनी स्तर पर समय समय पर इस तरह की बैठक कराई जाती हैं। जिसमे दोनों देशो के बीच बॉर्डर पर समन्वय स्थापित हो सके तथा बॉर्डर पर होने वाले अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके।आज की बैठक का मुख्य बिंदु दोनों देशो के बीच होने वाली विभिन्न प्रकार की तस्करी की सुचना प्रदान करना , बॉर्डर पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाना , क्षतिग्रस्त हुए बॉर्डर पिलर की मरम्मत करना एवं बरसाती मौसम खत्म होने के उपरान्त एसएसबी एवं नेपाल आर्म्ड पुलिस की संयुक्त पेट्रोलिंग कर लापता हुए बॉर्डर पिलर की जांच करना , गैर अधिकृत मार्ग की पहचान कर उन पर होने वाली तस्करी पर रोक लगाना , राष्ट्रविरोधी गतिविधियों एवं अपराधों पर रोक लगाना आदि शामिल थे।बैठक में उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर चर्चा हुई तथा दोनों दोनों देशो की तरफ से आपसी सहमती तथा अच्छे समन्वय के साथ काम करने पर सहमती जताई गई। बैठक में उप-कमांडेंट शैलेश कुमार सिंह ,उप-कमांडेंट सुदेश कुमार तथा नेपाल की तरफ से पुलिस अधीक्षक तीर्थ राज पौडेल ,नेपाल आर्म्ड पुलिस फ़ोर्स, जिला-सप्तरी एवं श्री लाकेश कुमार तुम्बहंग्फे ,नेपाल आर्म्ड पुलिस फ़ोर्स जिला-सुनसारी, उप पुलिस अधीक्षक भावराज कटवाल, इंस्पेक्टर अमृत थापा शामिल हुए

## आंगनबाड़ी सेविका एंव एल एस द्वारा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के स्थान्तरण को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल**/जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय किशनपुर में शुक्रवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रूपम कुमारी का स्थानांतरण होने के बाद आंगनबाड़ी सेविका एवं एल एस के द्वारा बुके एवम् माला से सम्मानित करते हुए विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई । इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रूपम कुमारी ने कहा कि किशनपुर प्रखंड में मेरे 2 साल के कार्यकाल में पूरे प्रखंड से सभी सेविका द्वारा किए गए कार्य काफी सराहनीय रही।आप सबों के द्वारा किए गए कार्य कलाप को भुलाया नहीं जा सकता है।आप सबों से काफी प्यार सनेह मिलता रहा।हमें उम्मीद है कि मुझे जाने के बाद भी आप सभी सेविका द्वारा परियोजना का कामकाज अच्छे ढंग से करती रहेगी।अंशु अनुपमा एवं निधि कुमारी सहित अन्य सेवाओं के द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किए। इस मौके पर कार्यालय सहायक सुनीता देवी, रंजीता कुमारी, रंजू कुमारी, डोली कुमारी, नेहा कुमारी, मंजू कुमारी, डाटा ऑपरेटर रितु कुमारी ,बीसी इंद्रजीत कुमार ,एवं शंभू मंडल ,जयप्रकाश यादव, सुरेश पासवान सहित अन्य लोग शामिल थे।

## प्रदर्शनकारियों पर कार्यवाई का मतलब लोकतांत्रिक व्यवस्था का अंत हो जाना है- पंकज सिंह,प्रदेश अध्यक्ष

राज्यकर्मी का दर्जा मिलने तक नियोजनवाद के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष- पंकज सिंह (प्रदेश अध्यक्ष)

मांगें पुरी नही हुआ,तो आन्दोलन को तेज किया जाएगा- पंकज सिंह



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**/जिले में छातापुर प्रखंड अंतर्गत दर्जनों शिक्षकों के निलंबन पश्चात भी नियोजित शिक्षकों का संघर्ष थमने का नाम नही ले रहा है।शिक्षक और मजबूती से एकजूट हो रहे है । बिहार के सभी प्रारंभिक, माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक,शारीरिक शिक्षक व पुस्तकालयाध्यक्षों को राज्यकर्मी का दर्जा हासिल करने के लिए जारी संघर्ष को और मजबूत बनाने के लिए शिक्षकों ने विद्यालय अवधि के बाद बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के बैनर तले संकुल स्तरों पर बैठक कर तैयारी शुरु कर दिया है। इसी दौरान छातापुर प्रखण्ड इकाई की बैठक राजेश्वरी संकुल में प्रखण्ड अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई। जिसमें संकुलाधीन सभी शिक्षकों ने भाग लेकर एकजुटता प्रदर्शित करते हुए शिक्षक नेताओं पर धरना प्रदर्शन की वजह से नियमविरुद्ध की गई निलंबन की कार्रवाई का निंदा करते हुए अविलंब कार्यवाई वापस लेने की मांग किया है।

अपने शिक्षक नेताओं पर कार्यवाई से आक्रोषित शिक्षकों ने निलंबन वापसी नही होने पर उग्र आन्दोलन की चेतावनी भी दिया है। बैठक में मौजूद कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों को शांत करते हुए धैर्य से पठ्न-पाठ्न संचालित करने का सलाह देते हुए कहा कि राज्यकर्मी घोषित करने को लेकर संघ लोकतांत्रिक ढंग से राज्यव्यापी आन्दोलन के तहत सरकार पर दबाव बना रही है। सरकार के तरफ से भी वार्ता को लेकर सकारात्मक संदेश मिल रहा है।

मसलन वार्ता होने तक हम सबों को इंतजार करना चाहिए। कहा कि वार्ता असफल होने पर आन्दोलन को तेज करते हुए पुनः लोकतांत्रिक ढंग से राज्यव्यापी आन्दोलन का शंखनाद किया जाएगा। बावजूद सरकार नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने में आनाकानी करी,तो 78 हजार प्रारंभिक माध्यमिक विद्यालयों में ताला लटका दिया जाएगा। कहा कि बच्चों के पठन-पाठन को देखते हुए हमलोग नही चाहते हैं कि शिक्षक हड़ताल पर जाए।लेकिन सरकार हमारी मांगों को पुरा नही करती है,तो एक साथ चार लाख शिक्षक हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य होगी।

जिसकी सारी जबाबदेही बिहार सरकार की होगी। कहा कि लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था सरकार जब अपने नागरिकों, कर्मचारियों, शिक्षकों, अधिकारियों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं की मांगों पर ध्यान नही देती है, तो लोकतांत्रिक हथियार धरना-प्रदर्शन के माध्यम से ही सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जाता है।

मसलन प्रदर्शनकारियों पर कार्यवाई का मतलब लोकतांत्रिक व्यवस्था का अंत हो जाना है।कहा कि जबतक सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा नही मिल जाता है,नियोजनवाद के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। जिला कोषाध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि शिक्षकों पर की जा रही निलंबन की कार्रवाई सरकार और सरकारी व्यवस्था के निरंकुशता और तानाशाही का परिचायक है।

मौके पर सचिव मिथलेश कुमार, संयोजक प्रकाश सुमन, सचिव बिनोद कुमार, दिनबंधु सुमन संजीव यादव, महेश यादव, मनोज यादव, दिवाकर मंडल, करमचंद राम, कमलेश्वरी पासवान, चंदन कुमार,सतीष सिंह, धनंजय मेहता, पंकज मंडल, नितेश यादव, सोनू कुमार सिंह, जयकांत यादव, फुलेश्वर सरदार, अफरोज आलम, रंजीत कुमार दास, रंधीर कुमार, निभा देवी, माला कुमारी, मुन्नी कुमारी, राजेश यादव, अमित कुमार, कपिलेश्वर यादव, रंजीत कुमार मंडल, जयकुमार यादव, बीरेन्द्र राम, हरिश्चन्द्र तत्मा, रोशन गोइत, अमित कुमार सहित दर्जनों शिक्षक/शिक्षकाएं मौजूद थी।

## पुलिस की वाहन के ठोकर से एक युवक की मौत, विरोध में 3 घंटे सड़क जाम, सीओ के आश्वासन पर हटा जाम





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, पिपरा ,सुपौल**/जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के निर्मली में देर रात एक पुलिस की वाहन से ठोकर लगने के कारण एक युवक की मौत हो गई है। बताया जाता है कि निर्मली वार्ड न एक में एनएच 327 ई पर स्थानीय निवासी विनोद राम और उसके कुछ पड़ोसी जिसमे एक महिला और दो बच्चे शामिल है, सभी सड़क के किनारे बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान तेज रफ्तार एक पुलिस वाहन ने चारों लोगों को कुचल दिया। जिसमे विनोद राम सहित पड़ोस के दो बच्चे और एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सदर अस्पताल इलाज के लिए भेजा। जहां विनोद राम की इलाज के दौरान ही मौत हो गई। घायलों में मूर्ति देवी, मो रुस्तम और मो नौशाद शामिल है। जिसका इलाज चल रहा है। पीड़ित परिजनों का आरोप है कि पुलिस वाहन से दुर्घटना हुई है, और चालक नशे की हालत में थे। हालांकि घटना के बाद पिपरा पुलिस देर रात घटना स्थल पर पहुंची थी और उक्त वाहन को अपने साथ भी ले गया है। वाहन कहां की है और किसकी है यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। घटना के बाद अक्रोशित परिजनों ने निर्मली वार्ड न एक के समीप घटना के विरोध में अहले सुबह एनएच 327 ई को निर्मली के पास सड़क जाम कर दिया है। करीब तीन घण्टे से जाम लगी रही। जिससे इस पथ पर आवाजाही प्रभावित हो गई है, वहीं मौके पर पिपरा पुलिस पहुंच कर जाम कर्ता परिजनों को समझाने बुझाने का काम कर रही है।लेकिन परिजनों ने एक भी नहीं सुनी लेकिन जाम कर्ता दोषी के विरुद्ध कार्रवाई और मृतक के आश्रित को समुचित मुआवजा देने की मांग कर रहे थे वही सूचना पर पिपरा सीओ रविन्द्र चौपाल पहुंच कर परिजनों को समझा बुझा कर उचित मुआवजा देने की बात कही गई और जाम को हटवा दिया गया।

## प्रखंड में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, लोगों को मिली गर्मी से राहत



**सोनू भगत/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल**/जिले के छातापुर प्रखंड अंतर्गत बीते कई दिनों से भीषण गर्मी से छातापुर प्रखंड क्षेत्रीय लोग परेशान थे। जिसको लेकर शुक्रवार को दिन में मौसम में अचानक से बदलाव आया और तेज हवा के साथ लगभग 45 मिनट तक बारिश हुई। जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। यहां बता दे कि छातापुर प्रखण्ड क्षेत्र में बीते 6 दिनों से झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही थी। इसी दौरान शुक्रवार को मेघ गर्जना के साथ लगभग ढाई बजे मौसम का मिजाज अचानक से बदल गया।जिसके बाद झमाझम बारिश शुरू हुई। जिससे मौसम सुहाना हो गया। बता दे कि चिलचिलाती धूप ने लोगों को घरों में कैद रहने पर मजबूर कर दिया था। ऐसा लगने लगा था कि अब गर्मी ने अपना रौद्र रूप धारण कर लिया है। जिससे शुक्रवार को भी रात तक उमस भरी गर्मी बनी रहने की ही अनुमान लगाया जा रहा था। लेकिन शुक्रवार को दिन के ढाई बजे मौसम ने अचानक करवट ले लिया। जिससे क्षेत्र में तेज हवाएं चलने लगी। धीरे-धीरे पूरा आसमान काले बादलों से पट गया। फिर थोड़ी देर बाद मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। जो की लगभग 45 मिनट तक होती रही। इस बरसात ने उमस भरी गर्मी झेल रहे लोगों को गर्मी से काफी राहत दी। उधर, क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों के चेहरे भी काफी खिले दिखे। किसानों ने बताया कि तेज धूप से धान की फसल को काफी क्षति पहुंच रही थी। जबकि शुक्रवार को हुई बारिश फसल के लिए वरदान साबित हुई है।

## एन एच -57 पर बांस लदे ट्रेक्टर और बाईक में हुई टक्कर जिसमे महिला हुई गंभीर रुप से जख्मी, हुई रेफर



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली ,सुपौल/** जिले में निर्मली थाना क्षेत्र के हरियाही गांव के पास एनएच-57 पर शुक्रवार की शाम बांस लदे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक सवार एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई. स्थानीय लोगों की मदद से महिला को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल निर्मली पहुंचाया गया. जहां उपस्थित डॉक्टर प्रदीप कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया गया है. बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के ट्रॉली पर अवैध तरीके से लंबे-लंबे बांस को रखा गया था. बांस का नुकीला हिस्सा पीछे रहने के कारण बाइक चालक जबतक बाइक को नियंत्रित करता इतने में ट्रैक्टर की गति धीमी हो गई. इस कारण बांस के नुकीले हिस्से से बाइक चालक ने खुद को बचा लिया.लेकिन महिला जख्मी हो गई. जख्मी महिला की पहचान मधुबनी जिले के लौकही थाना क्षेत्र स्थित नरही गांव निवासी स्व. रामकुमार राउत की 37 वर्षीय प्रमिला देवी के रूप में हुई है.

## नगर के आजीविका दीदी को आत्म निर्भर बनाने को लेकर किया गया आयोजन



**डॉ बिनीत शेखर/दैनिक शुभ भास्कर ,निर्मली, सुपौल**/जिले के निर्मली नगर पंचायत भवन में दीपक कुमार मंडल की अध्यक्षता में नगर के आजीविका दीदी को आत्म निर्भर बनाने हेतु एक बैठक आयोजित हुई.बैठक में आजीविका समूह की सीआरपी चंचल कुमारी , सरस्वती देवी ,संगीता देवी ,सुनीता देवी, मीना झा व अन्य आजीविका की अध्यक्ष सचिव मौजुद रहे. इस दौरान बैठक में दीपक कुमार ने बताया कि नगर स्थित तेरापंथ भवन में आगामी 23-जुलाई 2023 को आजीविका दीदी बैठक को लेकर चर्चा की गई. इसी संदर्भ में बैठक में आजीविका के सभी समूह के अध्यक्ष के साथ बैठक कर महिलाओं को ससक्त बनाने एवं आत्मनिर्भर बनाना आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने हेतु बिचार विमर्श किया गया.मौके पर विकाश महतो, चंदन साह, रामबाबू साह, विकाश कुमार जीवछ राउत सहित अन्य मौजूद रहे.

## नहर में डूबने से एक साइकिल सवार युवक की हुई मौत





**जितेंद्र कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,त्रिवेणीगंज, सुपौल**/जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र से इस वक्त की एक बड़ी खबर सामने आ रही है यहां थाना क्षेत्र के गोनहा पंचायत के वार्ड नंबर 4 में एक 18 वर्षीय साईकिल सवार व्यक्ति की एमबीसी नहर में गिरने से डूबने से मौत हो गई है घटना के संबंध में लोगो द्वारा बताया गया कि गोनहा वार्ड नम्बर 4 निवासी अशोक सादा का 18 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार अपने कुछ काम से साइकिल पर सवार होकर जा रहे थे जैसे ही एमबीसी नहर पुल को पार कर रहे थे कि इसी क्रम में आधे रास्ते में अचानक पैर फिसल जाने से नहर में गिर गया,बगल में स्थित हनुमान चौक के पास उपस्थित दुकानदारों की नजर इस पर पड़ी दुकानदारों ने देखा कि एक व्यक्ति नहर में डूब रहा है फिर जोर जोर से चीखने चिल्लाने लगे जिसकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण ईकट्ठा हो गए और सभी नहर में गिरे युवक को बचाने का प्रयास करने लगे लेकिन लोगों का प्रयास असफल रहा।नहर में गिरे युवक 18 वर्षीय रोहित कुमार को डूबने से बचाया नहीं जा सका।नहर में अत्यधिक पानी होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।बाद में ग्रामीणों एवं सूचना पर पहुंची त्रिवेणीगंज पुलिस टीम के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया।मृतक रोहित के पिता अशोक सादा पंजाब में रहकर मजदूरी करते हैं और अभी पंजाब में हैं मौके पर मौजूद त्रिवेणीगंज थाना के सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार ने कहा कि गोनहा स्थित एमबीसी नहर में एक 18 वर्षीय युवक रोहित कुमार की डूबने से मौत हुई है मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में सुपौल भेजा जा रहा है साथ

**बयान** इस घटना ने देश को ही नही पुरी दुनियां को हिला कर रख दिया है-एकता यादव

## मणिपुर राज्य में दो महिलाओ के साथ जो घटना घटी है वो घटना देश को शर्मसार करते हुए झकझोर कर रख दिया है- एकता यादव



**ललन कुमार/दैनिक शुभ भास्कर/ मरौना,सुपौल**/जिले के मरौना प्रखंड में भारत देश के मणिपुर राज्य में दो महिलाओ के साथ जो घटना घटी है वो घटना देश को शर्मसार करते हुए पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है । इस घटना ने देश को ही नही पुरी दुनियां को हिला कर रख दिया है । आज हर जगह मणिपुर की घटना कि बात करते है ।

देश कि लाखो महिलाएँ सड़को पर उत्तर गई है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस्तिफें कि मांग कर रहे है ।उक्त बाते मरौना प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घोघड़रिया पंचायत के मुखिया एकता यादव ने कही है । श्रीमती यादव ने कहा कि मणिपुर में जिस प्रकार दो महिलाओ को नंगाकर सरेआम घुमाआ गया उनके साथ बलात्कार किया गया , गिद्ध कोए कि तरह नोचा गया बहुत ही दुःखद व शर्मसार करने वाली घटना है ।

मैं एक महिला होने के नाते इस घटना को पुर जोर विरोध करती हू। कहा कि इस घटना को लेकर प्रधान मंत्री मोदी जी से इस्तिफे कि मांग करती हुं और मणिपुर सरकार को अबिलम्ब बर्खास्त करे इसका भी मैं मांग करती हूँ । कहा कि यदि प्रधान मंत्री मोदी इस्तफा नही देता है तो पूरे भारत के महिला सड़को पर उत्तर कर जन आंदोलन करेंगे। कहा कि जिन दो बहनो के साथ ऐसी बर्बरता पूर्वक घटना को अंजाम दिया है उस बहनो के उपर क्या बीतती होगी।

अभी वो किस हाल में होगी ये सोचने कि बात है । कहा कि प्रधान मंत्री मोदी बराबर कहते है की बेटी पढ़ाओ , बेटी बचाओ परन्तु उसका उल्टा हो रहा है ।

आज कोई भी महिलाए मोदी के शासनकाल में सुरक्षित नही है । जिस तरह उन दो बहनो के साथ घटना घटी है विडिओ देख कर रुंह कापने लगती है । इस घटना से साबित होता है की प्रधानमंत्री मोदी गंभीर नही है । दो माह से मणिपुर आग में जलते रहे और प्रधानमंत्री मोदी विदेशो में जाकर अपना चेहरा चमकाते रहे। इस प्रकार कितने बहने कि जान जा चुकी होगी। हम प्रधानमंत्री मोदी से इस्तिफें कि मांग करते है ।

## महादलित महिला ने मुखिया पर लगाया आमसभा में मारपीट करने का आरोप, मुखिया ने आरोप को बताया निराधार





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा, सुपौल**/जिले में पिपरा थाना क्षेत्र के निर्मली पंचायत में आम सभा के दौरान महादलित महिला ने मुखिया पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। महादलित महिला का आरोप है कि निर्मली पंचायत के वार्ड 10 स्थित भागीरथ बाबा अखराहा परिसर में स्वच्छता पर्यवेक्षक के चयन को लेकर गुरुवार को आम सभा का आयोजन किया गया था। आयोजित आमसभा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। आरोप है कि आम सभा में ही चयन प्रक्रिया को लेकर बहसबाजी शुरू हो गई। इसी बीच जब अन्य महिलाएं भी आगे आई तो मुखिया हरिनंदन मंडल और उसके समर्थक मारपीट करने लगे, जिसमें एक महिला देवकी देवी को गंभीर चोटे आई है। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी महिला को उपचार के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया गया, जहां उसका उपचार किया गया। जिसके बाद दर्जनों की संख्यां में महादलित महिलाएं एससीएसटी थाने पहुंच गई। पीड़ित महादलित महिला ने मुखिया सहित उसके समर्थकों के विरुद्ध थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## खास खबर

### कटिहार के के बी झा कॉलेज रोड स्थित रेस्टोरेंट में गोलीबारी घटना का पुलिस ने किया खुलासा, पिस्टल के साथ 3 गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**नगर थाना में एसडीपीओ ओमप्रकाश ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 19 जुलाई की संध्या केबी झा कॉलेज रोड स्थित रेस्टोरेंट में आपसी विवाद में गोलीबारी होने की सूचना थाना अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह को मिली थी। इस मामले में हाई स्कूल पारा निवासी पीड़ित अमित कांत के द्वारा लिखित आवेदन नगर थाना में दिया गया था। शहर में हुए इस गोलीबारी को एसपी जितेंद्र कुमार ने गंभीरता से लिया और इस मामले का उद्भेदन करने को लेकर एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान करते हुए घटना में इस्तेमाल किए गए पिस्टल, मैगजीन, गोली, गोली का खोखा और घटना को अंजाम देने वाले तीन युवक को गिरफ्तार किया। प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ ने बताया कि खेलने के क्रम में आपस में दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। जिसके कारण आपस में गाली गलौज मारपीट भी हो गई थी। जिसका बदला लेने के लिए और जान से मारने के नियत से दूसरे पक्ष ने अमित कांत एवं उसके साथी कुणाल मिश्रा के ऊपर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था।

### झारखंड शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षित शिक्षक संघ ने शारीरिक शिक्षा विषय के पद सृजित की स्वीकृति की मांग हेतु सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन



**हजारीबाग/**झारखंड शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षित शिक्षक संघ, हजारीबाग इकाई के पदाधिकारियों और सदस्यों ने शुक्रवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके विधायक सेवा कार्यालय सभागार में मुलाकात कर अपनी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। संघ के पदाधिकारियों ने इस संबंध में विधायक मनीष जायसवाल को एक ज्ञापन भी सौंपा जिसमें उन्होंने राज्य के सभी स्तर के विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा विषय के पद सृजन की स्वीकृति की मांग सरकार और विभाग के स्तर पर उठाने का आग्रह किया। विधायक मनीष जायसवाल ने संघ की मांगों को जायज बताते हुए सरकार के स्तर पर उनकी मांगों को रखने का आश्वासन संघ के पदाधिकारियों को दिया।मौके पर विधायक मनीष जायसवाल से मिलने पहुंचे झारखंड शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षित शिक्षक संघ के संरक्षक आदित्य कुमार, अध्यक्ष संतोष कुमार उपाध्यक्ष गुलशन कुमार, सचिव युवराज सिंह, कोषाध्यक्ष अंशु राज, उपकोषाध्यक्ष अमरदीप कुमार साव, मीडिया प्रभारी सुमन राज मेहता, कार्यकारी सदस्य संजय कुमार यादव, प्रमोद कुमार, हरीश उरांव, लालमणि प्रसाद दांगी, वासुदेव कुमार, सुजीत कुमार और विनोद कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने विधायक मनीष जायसवाल के प्रति सकारात्मक आश्वासन के लिए आभार जताया ।

# किशनगंज में यातायात जाम से निजात हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी के स्तर पर बनाएं समिति- डीएम



**किशनगंज, 21 जुलाई।(अली रजा)/**जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठक की कार्यवाही के अनुपालन से संबंधित समीक्षा करते हुए प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने यातायात नियमों को कड़ाई से पालन ,वाहनों पर स्पीड गवर्नर ,ओवरलोडिंग, सेफ ड्राइविंग प्रेशर हॉर्न के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सड़कों पर पर्याप्त संख्या में साइनेज लगवाने का निर्देश दिया गया। अवैध पार्किंग करने पर टोटो, टेंपू इत्यादि के विरूद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के निमित यातायात व्यवस्था और दुर्घटना को कम करने पर गहन समीक्षा हुई। समीक्षा के क्रम में शहर में ट्रैफिक रेगुलेशन एवं पश्चिमपाली चौक में निर्धारित ऑटो स्टैंड पर व्यवस्थित ढंग से स्टैंड के कार्य नहीं करने के कारण हिट एंड रन वाहन दुर्घटना व अन्य उत्पन्न यातायात समस्या के निराकरण का निर्देश दिया गया। फल पट्टी चौक से लोहार पट्टी चौक की तरफ जाने वाली सड़क में विद्युत पोल को स्थानांतरित करने का निदेश हुआ। डे मार्केट से सब्जी मंडी को उचित स्थान पर शिफ्ट कर वाहन जाम की समस्या को दूर करने के बिंदु पर विमर्श हुआ और नए स्थान का चयन का निर्देश दिया गया। बैठक में किशनगंज शहरी क्षेत्र अंतर्गत जाम की समस्या से निजात पाने हेतु एसडीएम किशनगंज की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने का निर्देश दिया गया।डीएम के द्वारा बिना हेलमेट मोटर साइकिल चालक और बिना सीट बेल्ट के कार चलाने वाले चालको पर कडी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।डीएम ने गुड सेमेरीटन की पहचान कर नियमानुसार सम्मानित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से मुख्य सड़कों पर लगातार पेट्रोलिंग करते रहने तथा सघन चेकिंग कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में माह पिछले वित्तीय वर्ष में अनियमित वाहन परिचालन के विरुद्ध कार्रवाई कर शमन की वसूली की गई है। जिला पदाधिकारी द्वारा ओवरलोड वाहन के परिचालन पर प्रभावी नियंत्रण तथा पुल व सड़क के बेहतर रख रखाव ,अवैध खनन रोकने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निदेशित किया।इसके साथ ही सड़क सुरक्षा समिति के मूल उद्देश्य जनता की सुरक्षा एवं दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु स्पीडिंग, ओवरस्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, ओवरलोडिंग, रैश ड्राइविंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग,वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग वर्जित आदि सड़क सुरक्षा के मानक नियमों के संबंध में थानाध्यक्षों द्वारा सघन चेकिंग तथा लोगों के बीच अधिक से अधिक जानकारी का प्रचार प्रसार कराने हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी निर्देश को दिया गया। पथ निर्माण विभाग,ग्रामीण कार्य 1,2 के कार्यपालक अभियंता को ब्लैक स्पॉट निर्धारण,ट्रैफिक इंडिकेटर,जेब्रा क्रॉसिंग,तीव्र मोड़ पर रिफ्लेक्टर तथा सड़को को मोटरेबल रखने हेतु निर्देश दिया गया। एनएचएआई, सिलीगुड़ी, पूर्णिया और पुल निर्माण निगम के प्रतिनिधि को सर्विस रोड पर टूटे रेलिंग मरम्मती, फ्लाई ओवर पर रौशनी, आवश्यकतानुसार सड़क मरम्मती का निर्देश दिया गया। बैठक में एडीएम अनुज कुमार, डीटीओ अभिनय भास्कर, अनुमंडलाधिकारी अमिताभ कुमार गुप्ता, एसडीपीओ गौतम कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी, सुभाष कुमार गुप्ता तथा संबंधित विभाग के अभियंता व पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित रहे।

**(सघन वाहन जांच अभियान चलाकर ओवरलोडिंग पर करें कार्रवाई,यातायात परिचालन हो सामान्य)**

# किशनगंज के जवाहर नवोदय विद्यालय में 32 वी रीजनल एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया





**किशनगंज 21 जुलाई (अली रजा)/** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति पटना संभाग द्वारा बिहार, झारखंड तथा पश्चिम बंगाल के विभिन्न क्लस्टरों , रांची, वर्धमान, पटना, तथा कटिहार क्लस्टर के कुल 180 प्रतिभागी विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेंगे। इसमें कुल 97 प्रतिस्पर्धाएं होनी हैं। 21 जुलाई को इस रीजनल मीट का शुभारंभ जिलाधिकारी-सह- अध्यक्ष नवोदय विद्यालय प्रबन्धन समिति किशनगंज, श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। सर्वप्रथम एनसीसी दस्ता तथा विद्यालय बैंड पार्टी द्वारा जिलाधिकारी का स्वागत किया गया।नवोदय विद्यालय किशनगंज, प्राचार्य मोहम्मद मेराज आलम द्वारा मुख्य अतिथि जिलाधिकारी का स्वागत किया गया इसमे प्राचार्य जेएनवी ने नवोदय विद्यालय से उनके प्रेम की चर्चा की , उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी महोदय आग्रह करने पर जेएनवी के लिए सर्वथा तत्पर रहते हैं। जिलाधिकारी द्वारा सतत सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा अपने व्यस्ततम कार्यक्रम के बावजूद विद्यालय के लिए समय निकालने के लिए कृतज्ञता अर्पित की। संबोधन में जिलाधिकारी ने बच्चो को खेल में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा। खेल का हमारे जीवन में अप्रतिम स्थान है। खेल से अनुशासन आता है और अनुशासन से देश महान बनता है। उन्होंने कहा एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। इसके उपरांत जिलाधिकारी महोदय द्वारा विजेताओं को मेडल से सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार 5000 मीटर दौड़,पुरुष वर्ग में कटिहार क्लस्टर के सुनील कुमार को स्वर्ण पदक,वर्धमान क्लस्टर के पूर्ण चंद्र मुर्मू को रजत पदक , रांची क्लस्टर के राम कुमार यादव को तृतीय स्थान के लिए कांस्य पदक द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए हुए शिक्षक, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के ऑफिशियल्स, क्लस्टर कॉर्डिनेटर डॉ ब्रजेश कुमार , प्रिंसिपल,जे एन वी कटिहार, अभिभावक संघ मीडिया संघ के सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन श्री संजीव कुमार ने किया। इस खेल कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरष्कृत भूतपूर्व पी इ टी श्री अनिल कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हो रहा है इस कार्यक्रम में उनके सहयोगी के रूप में श्रीमती कल्पना कुमारी सिंह , श्री बी के मंडल एवं अन्य विद्यालय से आए हुए पी इ टी ने सहयोग किया। उप प्राचार्य श्री मनोज कुमार झा द्वारा सबों का आभार व्यक्त किया गया।

### कटिहार के दलखोला रेलवे स्टेशन के समीप वंदे भारत ट्रेन में पत्थर मारने के आरोप में एक गिरफ्तार, भेजा जेल



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**गिरफ्तार व्यक्ति के बारे में आरपीएफ ने बताया कि जो व्यक्ति शराब के नशे में धुत होकर वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर मार रहा था। लगातार इस व्यक्ति के द्वारा ट्रेन के ऊपर पत्थर मार रहे थे। तभी यात्रियों के द्वारा इसकी जानकारी आरपीएफ को दी गई और मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जिसे मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान बलरामपुर थाना क्षेत्र निवासी अर्जुन कुमार मंडल के रूप में हुई है।

### अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस पर किशनगंज में प्रतियोगिता आयोजित किया गया



**किशनगंज 21 जुलाई (अली रजा)/** अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक निःशुल्क ऑनलाइन ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे देश से लगभग तीन दर्जन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता एवं वरीय संयुक्त सचिव तथा आयोजन सचिव कमल कर्मकार ने सूचित किया कि इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में अपने जिले के ही रोहन कुमार चैंपियन बने। इसके अगले स्थानों पर क्रमशः विकास कुमार, अंशुमान दे (कोलकाता), अचिंत्य पसरिचा( उत्तर प्रदेश), चेतन दुग्गर, आयुष कुमार, वैभव दुग्गर (अरुणाचल प्रदेश), सूर्य राय (मालदा), शुभम कुमार, आरवी श्रीवास्तव (कोलकाता), आरव बूचा (गुवाहाटी), अथर्व सिन्हा (मुंबई ) ,सुरोनोय दास ,रनोजय दास, रूद्र तिवारी, श्रुति, रितिका सिन्हा,कुमार मंगलम, रामलाल, मोहम्मद अमानुल्लाह, अमन कुमार गुप्ता, अद्वितीय सांभरवाल(पंजाब), प्रिंस कुमार सोनार, आरूही राज (पटना) एवं अन्य ने जगह बनाई। जिला शतरंज संघ परिवार के डॉक्टर इच्छित भारत, धनंजय जायसवाल, ए कविता जुलियाना, टीटू बदवाल, कमल मित्तल, उदय शंकर दुबे, मनोज गट्टानी, विमल मित्तल ,अंकित अग्रवाल, मोहम्मद कलीमुद्दीन, शिफा सैयद हफिज ,मनीष जालान, श्रवण कुमार सिंघल, मिक्की साहा, दीप कुमार सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ी सहित अन्य खिलाड़ियों को भी उनकी उपलब्धियों पर उन्हें बधाई दी है।

### कटिहार जिला के सदर अस्पताल में आज आशा दीदी अपनी मांग को लेकर




**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**परेशान होती नजर आते देख...परची OPD....कोनटरपर अपनी. बेनर. लगा दी..हमलोग का इतने दिनों से..हड़ताल चली आ रहीं हैं.फिर भी सरकार के कानों तक अवाज नहीं पहुंच रहीं है.कल समाहरणालय के पास भी धरना दिया गया फिर भी किसी भी प्रकार का आश्वासन नहीं मिला है.अभी तक इस लिए आशा दीदी का कहना है कि कठिन प्रस्थिति में हमलोग से काम लिया जाता है उसका उचित मजदूरी हमलोग को नहीं मिलता है.ना ही अभी तक मिला है. कोरौना जेसा महामारी में सभी अपने जान का प्रवाह करते थे लेकिन हम आशा बहने अपने परिवार अपने बच्चे को छोड़ कर दूसरे का जान बचाने का काम करते थे जहाँ ड्यूटी दिया जाता था वहाँ जाकर ड्यूटी करते थे अपनी जान का प्रवाह किए बगैर फिर सरकार को हमारी चिनता नहीं है इसलिए हम आशा बहन भी ठाना हैं.जब तक सरकार 9 सूत्री मांग पूरा नहीं करते हैं. तब तक हम लोगों का हड़ताल जारी रहेगा नहीं मानने पर चक्काजाम भी करेंगे, उससे भी नहीं मान ने नपर भूख हड़ताल करेंगे मेरी मांगे एक हजार में दम नहीं दस हजार से कमर नहीं.

**विरोध** | संजर मलिक ने सहयोगीयों के संग किया मणिपुर घटना का जम के विरोध

# संजर मलिक ने सहयोगीयों के संग मिलकर मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटना का जम के किये विरोध



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/** राजद प्रदेश कार्य समिति सदस्य समाज सेवी सह शांति समिति के संजर मलिक ने सहयोगीयों के संग किया लाल बहादुर शास्त्री इंद्रपुरी चौक पर किया मणिपुर की दिल दहला देने वाली घटना का जम के विरोध कहा मणिपुर की घटना देश के लिए बेहद शर्मनाक निन्दा लफ्ज बौनी हो गी दुनिया भर में इस धिनौनी घटना की विरोध की जा रही है ये कौन सी मर्दानगी है भेड़ियों का झुंड अबला नारियों को नग्न शरीर कर सड़को पर मारते गंदी हरकत करते खेत में ले जा कर बहादुरी का प्रदर्शन कर रहे और प्रशासन सिर्फ मुंह बनाये तमाशा देखती है लानत है ऐसे हकुमत पर थुकती है जनता वाह रे चाहने वाले तेरे अंधे भक्तों लाज नहीं आती जरा भी तुम्हें आयेगी भी कहां से अंदर की ज़मीर ही मर गई हो जिसकी इनहे कडी सजा मिले यही आवाज उठ रही सभी जानिब से लेकिन ये कुछ जयचंदों ने तो दोषियों के लिए बना रखा है माला पहनाने वतन में नफरत की खेती जो करनी है दुख तो इस बात की जहां भारत की राष्टपति एक आदिवासी महिला हैं वहीं पर आदिवासी महिलाओं के साथ जघन्य अपराध वो भी केंद्र एवं राज्य में भाजपा की सरकार के रहते पिछले तीन माह से ज्यादा हो गए मणिपुर जल रहा कई लोगों की जाने चली गई हजारों लोग बेघर हो गए कितने घायल हैं इस से बड़ा दुख किया होगा और वहां के मुख्यमंत्री महोदय एसे में बयान दे रहे कि यहां के लिए यह नई बात नहीं है हर दिन एसी घटना होते ही रहती एसे में प्रश्न उठता है कि जब आप सुबे को नहीं चला पा रहे तो देर किस बात की इस्तीफा दें प्रधान मंत्री जी बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देते हैं किया वो आदिवासी बेटियां नहीं राजसिंहासन से चिपके रहने के लिए और कितने बेकसुरों को बलि पर चढ़ाते रहेंगे बस करये सब का साथ और सब का विकास और सब का विश्वास से अब लोगों का मन उब गया है झूठ की बुनियाद पे खड़ी इमारत कई वर्षो तक ज़हरीले पोचाड़े से चल गई पर अब ढ़हने का समय आ गया मणिपुर के रहने वाले इस दुख की बेला में अब उच न्यायालय की ओर ध्यान लगाये बैठी है सत्य है उपर वाला वो रब है जिसका सब है इंसाफ मिलेगा

# स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में पर्यावरणीय नीतिशास्त्र विषय पर विभागीय संगोष्ठी का आयोजन




**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/**स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग में पर्यावरणीय नीतिशास्त्र विषय पर विभागीय संगोष्ठी आयोजित की गयी। संगोष्ठी का विषय था-पर्यावरण नीति शास्त्र का वर्तमान परिपेक्ष में उपयोगिता था संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण नीतिशास्त्र आज के समय में काफी प्रसांगिक है ,आज पर्यावरण का काफी दोहन हो रहा है आज पर्यावरण को बचाना बहुत जरूरी है विषय प्रवेश रिसर्च स्कॉलर सौरभ कुमार सुमन ने कराया, संगोष्ठी में सेमेस्टर थर्ड के विद्यार्थियों ने भाग लिया, संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सहायक प्रोफ़ेसर डॉक्टर यामिनी सहाय ने कहा कि जनसंख्या पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या नहीं है ,बल्कि उन जनसंख्या द्वारा उपभोग अत्याधिक बढ़ गया है, उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दर्शन में जितने भी धर्म है सभी शास्त्रों का अध्ययन करेंगे तो पाएंगे कि पर्यावरण संरक्षण की बात कही गई, वेद उपनिषद में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने की बात कही गई, आज का दौर दोहन -शोषण की प्रवृत्ति का है ,मनुष्य का मनुष्य पर शोषण आज बढ़कर पशु पक्षियों, पेड़ पौधे पर आ चुका है ,कर्तव्य हम भूल चुके हैं ,आज पर्यावरण दिवस मनाया जाता है लेकिन सिर्फ पौधे लगाए जाते हैं, फोटो खींचा जाता लेकिन कर्तव्य है पौधों को पानी देना, यह नहीं हो पाता, पर्यावरण की आवश्यकता हम नहीं समझते संगोष्ठी के समापन के बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, बिहार आरा में आयोजित 67 वे अखिल भारतीय दर्शन राष्ट्रीय सम्मेलन मैं पुरस्कार जीतने पर विभाग की छात्रा राखी रानी को सम्मानित किया गया, संगोष्ठी में विभागाध्यक्ष डॉ अमित कुमार सिंह ,डॉ यामिनी सहाय असिस्टेंट प्रोफेसर विजय कुजुर, रिसर्च स्कॉलर सौरभ कुमार सुमन ,अनिल कुमार रविदास ,अमित रंजन, आयशा फातिमा, मोहम्मद फजल ,विजय चौधरी,राखी रानी, रिशु कुमारी, उजाला कुमारी , रजिया बनो ,सूरज ठाकुर,दीपक रंजन, दीपिक कुमार, राहुल रंजन, राजू उरांव, आदि उपस्थित थे

## ख़ास ख़बर

# आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से जहां दहशत का माहौल है



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/** गाजीपुर भांवरकोल थानाक्षेत्र कुण्डेसर वार्ड नंबर 1 में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से जहां दहशत का माहौल है वहीं दूसरी तरफ पुलिस इन घटनाओं पर पर्दाफाश में लगी है। गुरुवार रात कुंडेसर परती मुहल्ले करने गए चोरों को ग्रामीणों ने दौड़ा लिया। इससे चोरी होने से बच गई। थानाक्षेत्र में चोरों के हौसले पस्त कर पाने में पुलिस पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। गुरुवार रात करीब तीन चोर कुंडेसर परती मुहल्ले में घुस गए और एक के बाद एक दो घरों में चोरी करने का प्रयास किया। हालांकि, गृहस्वामियों के जग जाने पर चोर भाग निकले। मुहल्ले में रहने वाले संतोष के अनुसार चोर उनके घर में पिछे के रास्ते घुसे इस बीच उनकी आंख खुलने पर शोर मचा दिया तो चोर उल्टे पांव भाग निकले। शोर शराबा सुन कर मुहल्ले के अन्य लोग भी घरों के बाहर आग गए और चोरों को दौड़ा लिया। चोर बासवाडी होते सिवान की ओर भागने में सफल हो गए। यहीं के रहने वाले ललिता देवी, डिम्पल पटेल, मनोज, संजीव, कमलेश, मिंटू, दीनदयाल, सन्नी, अशोक पाल, जयराम, ब्रिजेश आदि ने बताया कि चोरों का घरों में घुसना आम हो गया है और पुलिस घटना की जानकारी होने पर जांच कर रही है

# दिव्य लोक राष्ट्रीय पत्रकार संघ की बैठक संपन्न, पुनीत बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तो अमित बने राष्ट्रीय सचिव



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** कई पत्रकार संगठन पत्रकारों की भीड़ को बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन दिव्य लोक राष्ट्रीय पत्रकार संघ का उद्देश्य भीड़ बढ़ाना नहीं बल्कि पत्रकारों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर पत्रकारों के लिए हर समय उनके लिए तत्पर रहना व सहयोग करना संघ का उद्देश्य है। सदर क्षेत्र के ददरीघाट में दिव्य लोक राष्ट्रीय पत्रकार संघ की बैठक संरक्षक राजेश चौबे के नेतृत्व में संपन्न हुई। संघ के बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय ने किया। बैठक में कई महत्वपूर्ण तथ्यों पर बारीकियों से विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सरकार व आम जनता के मध्य एक मजबूत कड़ी के तहत पत्रकारों की स्वयं श्रम भूमिका के समक्ष अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रुप में निर्भीक, निष्पक्ष व अडिग रहने आदि विषय पर जोर दिया गया। जिसमें सभी ने एक स्वर मे संघ के संगठन की मजबूती पर सहमति प्रदान की। दिव्य लोक राष्ट्रीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुनीत कुमार त्रिपाठी, राष्ट्रीय सचिव अमित उपाध्याय, राष्ट्रीय महासचिव मो.इसराइल, ज़िला उपाध्यक्ष जय प्रकाश चंद्रा, जिला महामंत्री गगन सिंह को चयनित किया गया है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के.एन शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय,जिला अध्यक्ष वीर बहादुर मौर्य,रजत श्रीवास्तव, प्रियतोष साहू, अर्जुन कुमार,गौतम कुमार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)/** जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग आपस में समन्वय स्थापित करते हुए जनपद को कुपोषण मुक्त बनाने में बेहतर रणनीति से कार्य करें।लाल श्रेणी एवं पीली श्रेणी के बच्चों को चिन्हित करते हुए एनआरसी में भर्ती कर समुचित उपचार सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पोषण ट्रैकर पर वितरण का डाटा पोर्टल पर शत-प्रतिशत फीड किए जाने हेतु निर्देशित किया।जनपद में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि जिन जगहों पर कार्य का अंतिम चरण चल रहा है निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराते हुए हैंडोवर कराकर संचालित किया जाए।टेक होम राशन वितरण चहनिया,नौगढ़ के सीडीपीओ पर कार्य में लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वितरण एवं पोर्टल पर अपलोड करने की प्रगति में अपेक्षित प्रगति लाने के कड़े दिशा निर्देश दिए।

# स्वतंत्रता आंदोलन के महान योद्धा रामर्षिं देव ऋषि जी की 47 वीं पुण्य स्मृति दिवस पर सेमिनार एवं सम्मान समारोह आयोजित

**मोतिहारी 23 जुलाई अशोक वर्मा/**नगर के ऐतिहासिक गांधी संग्रहालय सभा हॉल में जिले के महान स्वतंत्रता सेनानी रामर्षिं देव उर्फ ऋषि जी के 47 वीं पुण्य स्मृति दिवस पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधी संग्रहालय के सचिव बृजकिशोर सिंह ने की।




कार्यक्रम का उद्घाटन वयोवृद्ध गांधीवादी श्रीनारायण मुनि, बृज किशोर सिंह, राय सुंदर देव शर्मा, चमेली पांडे, अशोक वर्मा, संगीता चित्रांश एवं अमिता निधि ने ऋषि जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।अध्यक्षीय संबोधन में बृज किशोर सिंह ने कहा की गांधी जी ने आजादी की परिभाषा देते हुए कहा था कि सच्ची आजादी तब होगी जब नैतिक और आर्थिक आजादी होगी। उन्होंने यह भी कहा महात्मा गांधी की परिकल्पना थी समतामूलक समाज निर्माण की।

वयोवृद्ध गांधीवादी श्रीनारायण मुनि ने कहा कि गांधीजी अहिंसा के पुजारी थे लेकिन यह दुर्भाग्य है कि देश आज हिंसा की चपेट में है। रेडियो टीवी की क्लास वन गायिकाचमेली पांडे ऋषि जी के आदर्श को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने एक गीत भी प्रस्तुत किया। संचालन के दौरान स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी अशोक वर्मा ने ऋषि जी के कई संस्मरण सुनाते हुए कहा की उनके अधूरे कार्यों को हमें पूरा करना है। 19 74 आंदोलन के मजबूत नेता राय सुंदर देव शर्मा ने कहां कि देश की जो स्थिति है वह बड़े आंदोलन को आमंत्रित कर रहा है । संबोधित करने वालों में अमरेंदर सिंह, रंजीत गिरी, विनय कुमार सिंह, डीके आजाद एवं अन्य थे।कार्यक्रम में मेघना एवं सुष्मिता ने बड़े ही मधुर स्वर में राष्ट्रगीत की प्रस्तुति की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में श्री नारायण मूनि, बृज किशोर सिंह, चमेली पांडे, अशोक वर्मा ,सुंदर देव शर्मा, विजय अमीत,संगीता चित्रांश,मेघना निधि,आलोक कुमार के अलावा कई अन्य लोगों को रामर्षिं देव सम्मान से नवाजा गया। सम्मान में साल , माला,मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापन आयोजक अमिता निधि ने की।

# 28 से 30 जुलाई तक मोतिहारी मे होगा विहिप का तीन दिवसीये उत्तर बिहार सम्मेलन- अशोक श्रीवास्तव





**मोतिहारी 21 जुलाई अशोक वर्मा/** विश्व हिन्दू परिषद के उतर बिहार के तीन दिवसीय प्रांतीय बैठक 28 ,29 30 जुलाई की सफलता के लिए चांदमारी मे जिला कार्यसमिति की बैठक विभाग मंत्री सह प्रांत सह संपर्क प्रमुख राणा रणवीर सिंह की अध्यक्षता मे हुई। मौके पर यह निश्चित किया गया कि 28, 29, 30 जुलाई को विहिप के उतर बिहार की बैठक मोतिहारी के बड़ा बरियारपुर रैमसन प्लाजा मे होगी। बैठक मे उतर बिहार के सभी जिले से अधयक्ष मंत्री और बजरंगदल संयोजक सहित प्रमुख कार्यकर्ता भाग लेगे। पुरे उतर बिहार से 200 प्रमुख कार्यकर्ता भाग लेगे।कुल 200 सदस्य भाग लेंगे। मौके पर बैठक को सफल बनाने हेतु अनेक कार्यकर्ताओ को अलग अलग जिम्मेवारी दिया गया। बैठक मे लव जेहाद धर्मान्तरण गौ रक्षा समान नागरिक संहिता सहित संगठन मजबूती पर चर्चा होगी। मौके पर विहिप क्षेत्र विधि प्रकोष्ठ बिहार झारखंड प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता तथा प्रांत सह संपर्क प्रमुख सह विभाग मंत्री राणा रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बैठक मे केन्द्रीय महा मंत्री श्री मिलिंद परांडे तीनो दिन बैठक मे रहेगे जिनहे वाई सुरक्षा उपलब्ध है साथ ही केन्द्र क्षेत्र तथा प्रांत के अधिकारी भी उपस्थित रहेगे। इन लोगो ने बताया कि आने वाले किसी भी कार्यकर्ता को कोई दिक्कत नही हो इसके लिए स्थानीय कार्यकर्ताओ उधके स्वागत के लिए लगे हुए है। 21 सदस्यीय कार्यकर्ताओ को विभिन्न व्यवस्था दिया गया है जिसमे प्रमुख रूप से भानू प्रताप सत्येन्द्र सिंह हिमांशु हिन्दू रविकांत जी धननजय श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव राहुल सिंह अभिनव पांडेय रतनेश सिंह शेखर पांडेय शत्रुघ्न कुमार धर्मेन्द्र ठाकूर इत्यादि को लगाया गया है वंही इस बैठक मे प्रांत मत्री राज किशोर सिंह हरिश्चंद्र उपाध्याय राजन तिवारी ऋषभ रंजन डा संतोष श्रीवास्तव देवेन्द्र कुमार सिंह हेमनत कुमार जितेन्द्र कुशवाहा अंशुश्रीवासतव प्रमोद नारायण इत्यादि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित धे। विदित हो कि 29 जुलाई को 12.30 बजे केन्द्रीय महामंत्री माननीय मिलिंद परांडे मोतिहारी के वकिलो को सम्बोधित करेगे। कार्यकर्ता आगन्तुक कार्यकर्ताओ के स्वागत मे बडे उल्लास के साथ लगे हुए है।

# रावतभाटा में भाजपाइयों ने आतिशबाजी कर मनाया जश्न

**दैनिक शुभ भास्कर/मोहन सिंह/राजस्थान/चित्तौड़गढ़/रावत भाटा/** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के निर्देशानुसार पूर्व जिला उपप्रमुख मिठ्ठू लाल जाट को चित्तौड़गढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।




रावतभाटा में नही सहेगा राजस्थान आंदोलन के चित्तौड़गढ़ जिला सहसंयोजक व किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के थाना चौराहे पर एकत्रित होकर मिठ्ठू लाल जाट के अध्यक्ष बनाने पर आतिशबाजी व भारत माता की जय,भाजपा जिंदाबाद,नरेंद्र मोदी जिंदाबाद,सीपी जोशी जिंदाबाद के नारे लगाकर तथा एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

नही सहेगा राजस्थान आंदोलन के जिला सहसंयोजक कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपने पांच साल आपसी कलह में गुजार दिए है,राजस्थान की जनता त्रस्त है।आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार को मुंह तोड़ जवाब देगी।

हाड़ा ने कहा कि भ्रष्टाचार में राजस्थान अग्रणीय है,आए दिन पेपर आउट होना व अमानवीय घटना होना राजस्थान में आम बात हो गई है। जश्न में किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा,भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार वधवा सहित नगर के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाड़ा ने चित्तौड़गढ़ नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष मिठ्ठू लाल जाट को चित्तौड़गढ़ कालिका माता मंदिर पर साफा बंधवाकर व दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया।इस अवसर पर युवा मोर्चा पूर्व जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह,नगर अध्यक्ष सागर सोनी,युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष गौरव त्यागी, अनिल सिसोदिया,विनोद चपलोत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे

# कोटड़ा क्षेत्र में मलेरिया का प्रकोप



**सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक भास्कर/ राजस्थान /उदयपुर/** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि जिले के कोटडा क्षेत्र में विगत कई दिनों से मौसमी बीमारियों के तहत मलेरिया के केस होने की सुचनाएं प्राप्त हो रही थी।

इसके लिए आज उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गजानंद गुप्ता के साथ जिले से एक टीम गठित कर कोटडा भेजा गया जिसमें डॉ सत्यनारायण वैष्णव एपीडिमीओलोजिस्ट और दाडमदास मलेरिया प्रकोष्ठ थे। टीम द्वारा जोगीवड क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया। लोगों से पूछताछ की गई।

पोजिटिव मरीज़ से मिलकर इलाज किया गया और बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। सूचना के आधार पर निरीक्षण करने पर आठ मलेरिया पोजिटिव का रिकॉर्ड प्राप्त हुआ है। इनमें से भी कुछ मरीजों का ट्रीटमेंट पूरा हो चुका है और वह स्वस्थ हो चुके हैं जो अभी इलाज ले रहे हैं उन्हें मलेरिया की पूरी मात्रा में दवा लेने के लिए निर्देश दिए। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शंकर चौहान के साथ सभी चिकित्सक ,एएनएम ,आशा और लैब टेक्नीशियन के साथ चर्चा की गई ,मलेरिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई । मच्छरों से बचाव के लिए एंटी लारवा गतिविधियां के लिए गंदे पानी के इकट्ठा होने पर उसमें एम एल ओ डलवाया गया । पोखरों में गंबुसीया मछलियां छोड़ने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले रोगियों की मलेरिया जांच अनिवार्य रूप से करने के और इसकी सूचना समय पर जिला स्तर पर देने निर्देश दिए।

# आदित्य राज का बिहार पॉलिटेक्निक में चयन



**मोतिहारी 21 जुलाई अशोक वर्मा/** नगर पंचायत के वार्ड संख्या 08 निवासी आदित्य राज पिता विजय वर्मा उर्फ विजय अमित ब्रांड एंबेसडर के यशस्वी पुत्र का बिहार पोलीटेक्नीक परीक्षा में सफलता प्राप्त हुई ।आदित्य की स्कूली शिक्षा बीपीएस अरेराज में हुई है और वर्तमान में एल एन डी महाविद्यालय मे गणित से 10+2 की पढ़ाई कर रहे हैं ! श्री अमित ने बताया कि आदित्य हमेशा से गणित और सामान्य ज्ञान मे विशेष रुचि रखता था और पिछ्ले वर्ष उसे पटना में अब्दुल कलाम फाऊंडेशन द्वारा जूनियर वर्ग में सम्मानित भी किया गया !उसके इस उपल्बधि पर बधाई देने वालों में साहेआलम अंसारी, अरविन्द गिरि, डीपीएस के सम्मानित शिक्षक गण- दीपक सर बेगुसराय, डायरेक्टर संजय सुमन,सोलोमन के डायरेक्टर मित्रेश मनु सर,आयाम संरक्षक ज्ञान प्रकाश आर्य मदन मोहन श्रीवास्तव, शिव प्रसाद गिरि, अरुण प्रकाश पाण्डेय-प्रमोद पाण्डेय, उदित राज, अजय कुमार पाण्डेय ,डा 0 राजकिशोर सिंह, परशुराम पासवान, अनुरूद्ध बाबा आदि हैं।

# बाल अधिकारिता विभाग ने हाइकोर्ट के कोर्ट ऑफ कंटेम्प्ट के आर्डर को भी डाला ठंडे बस्ते में



**दैनिक शुभ भास्कर /सुनील कुमार मिश्रा /राजस्थान /उदयपुर/** लवीना विकास सेवा संस्थान, ओंगना द्वारा संचालित ओपन शेल्टर होम, ओंगना को माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर से कोर्ट ऑफ कंटेम्प्ट के तहत दिनांक-21/09/2017 से दिनांक-31/03/2021 तक के अनुदान देने के बाल अधिकारिता विभाग, उदयपुर को आदेश देने के बावजूद भी सहायक निदेशक मीना शर्मा ने मंशा साफ नहीं होने से 9274527/-के अनुदान पेटे सिर्फ 60122/-का ही अनुदान दिया है।साथ ही छ वर्षो से पदोन्नति के बावजूद भी एक ही पद पर जमी सहायक निदेशक ने संस्थान संचालक पर दबाव भी बनाना शुरू कर दिया है।बीटी कॉटन के निराश्रित बालको पर सही काम करने वाली संस्थान जिसके एक तरफ संभागीय आयुक्त ,जिला कलेक्टर एवम एडीजे,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उदयपुर पालनहार बने हुए है वही दूसरी और सहायक निदेशक मीना शर्मा इन बालको के निवालों पर रोड़ा बनी हुई है जिसने माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर के कोर्ट ऑफ कंटेम्प्ट के ऑर्डर भी पालना अब तक नहीं की है।

**मुहिम** बाल संरक्षण के मुद्दे पर एक दिवसीय सहभागी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया

# सभी संस्थाओं को एकजुट होकर बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता मुहिम चलाना होगा

**अमर मोतिहारी,21जुलाई, अशोक वर्मा/**बाल श्रम और बच्चों की खरीद-फरोख्त सभ्य समाज के चेहरे पर एक बदनुमा धब्बा है। आज मोतिहारी गांधी चौक स्थित हीरालाल साह राजकीय मध्य विद्यालय के कक्ष में बिहार इंटर एजेंसी ग्रुप पूर्वी चंपारण तथा आशीष परियोजना डंकन हॉस्पिटल रक्सौल के सौजन्य से बाल संरक्षण के मुद्दे पर एक दिवसीय सहभागी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता अमर ने की और संचालन अजहर हुसैन अंसारी ने किया।




वहीं विषय प्रवेश कराते हुए समीर दिग्गल ने कहा कि हम सभी संस्थाओं को मिलजुल कर एक छतरी के नीचे बाल संरक्षण मुद्दे को लेकर ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर गांव स्तर लगातार जागरूकता की आवश्यकता है।

सेव द चिल्ड्रेन के हामिद रजा ने कहा कि पंचायत और वार्ड स्तर , स्कूल प्रबंधन में मीना मंच और बाल संसद तथा आंगनवाड़ी सेवाएं इन सबों को जोड़कर समन्वय स्थापित कर इस चुनौती का मुकाबला किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण के लिए बने जिला, प्रखंड व पंचायत स्तर के कार्ययोजना को अमली जामा पहनाना होगा तभी सभी घटकों की जवाबदेही तय हो पाएगी।

शशि कुमार कार्ड्स , विजय शर्मा प्रयास, प्रमिला चौरसिया, बंटी शर्मा, लल्लन शुक्ला सहित फुटपाथ दुकानदार संघ के ललन कुमार ने भी सहभागी प्रशिक्षण को संबोधित किया।

मनकेश्वर पांडेय, दीपक चौरसिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# जैन संत की निर्मम हत्या के विरोध में सकल जैन समाज का मौन जुलूस

**दैनिक शुभ भास्कर /राकेश जैन/ राजस्थान/** उदयपुर आज उदयपुर शहर में सकल जैन समाज द्वारा कर्नाटक में दिगंबर जैन संत निर्मम हत्या के विरोध में सकल जैन उदयपुर एवं अन्य संगठनों द्वारा समर्थन दिया गया एवं एक विशाल जन सैलाब के साथ टाउन हॉल प्रांगण से रैली का आयोजन किया गया






जो विभिन्न मार्गो से होती हुई झीनी रेत चौक धानमंडी मार्शल चौराया देहली गेट चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची काफी संख्या में पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र धारण कर एवं महिलाएं केसरिया वस्त्र में सम्मिलित हुए एवं कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर जनसैलाब द्वारा आक्रोश जताया एवं जल्द से जल्द फास्ट्रेक सुनवाई कर हत्यारों को सजा दिलाने के लिए मांग की गई समाज के पदाधिकारियों द्वारा कर्नाटक केसीएम और राजस्थान के सीएम श्री अशोक जी गहलोत वह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया एवं मांग कर जल्द से जल्द दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया

## ख़ास ख़बर

### हर बच्चा शिक्षित हो ,इसके लिए बिद्यालय परिवार तैयार-डॉ0 आशुतोष



**चहनियां। चंदौली/** चहनिया कस्बे के माँ खण्डवारी महाविद्यालय में एडमिशन शुरू हो गया है। अपने जनपद चंदौली के शिक्षा जगत में माने जाने वाला माँ खण्डवारी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन जो कि लगभग सभी विषयों की शिक्षा प्रदान करने का कार्य कर रहा है। प्रबन्ध निदेशक डॉ0 आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि हमारे विद्यालय में कई वर्षों से शिक्षा के रूप में जनपद में जितने भी बच्चे दूर जाकर शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। हम लोगों ने अपने विद्यालय के माध्यम से तमाम उन बच्चों को दूर जाने से रोकते हुए साथ में अच्छी उत्तम शिक्षा का व्यवस्था माँ खण्डवारी महाविद्यालय द्वारा किया गया है। जिसमें की सर्वप्रथम वर्षो से चली आ रही मां खंडवारी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन, खंडवारी देवी इंटर कॉलेज, श्री त्रिदंडी देव हनुमत् टेक्निकल कॉलेज पॉलिटेक्निक, माँ खंडवारी महिला महाविद्यालय, माँ खंडवारी पीजी कॉलेज, मां खंडवारी विधि महाविद्यालय सुरतापुर, मां खंडवारी फार्मेसी एंड नर्सिंग कॉलेज तथा प्रशिक्षण वर्ग बीएड,एमएड, डीएलएड कि शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिसकी नीव मां खंडवारी देवी के आशीर्वाद से माँ खंडवारी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन डॉक्टर राजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा रखी गई। वर्षो से चली आ रही है। एक तरफ डॉ राजेंद्र प्रताप सिंह द्वारा यह भी अपने विद्यालय के माध्यम से कहा गया है कि जितने भी गरीब तबके के इच्छुक छात्र-छात्राएं हैं उनके लिए कम शुल्क में शिक्षा प्रदान किया जाता है। मां खण्डवारी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा बच्चों के प्रति विद्यालय का हमेशा रुझान रहा है कि शिक्षा को हमेशा एक नदी के तरह प्रवाहित होते रहना चाहिए ताकि हमारे देश के बच्चे शिक्षा के बल पर अपनी ऊंचाइयों को छू सकें। जिन बच्चो के पास पैसे नही होते है उनके बारे में पता करके यहां रियायत दी जाती है।

### बाल बृक्ष भंडारण का हुआ आयोजन, बच्चो में वितरित की गई पौध



**चहनियां।चंदौली/**क्षेत्र के टाण्डाकला कम्पोजिट बिद्यालय में वन विभाग द्वारा ÷पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ÷ कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां बच्चो अभिभावकों को बाल बृक्ष भंडारा भी आयोजित हुई।वन महोत्सव 2023 के तहत प्रभागीय वनाधिकारी रणबीर मिश्र व उपप्रभागिय वनाधिकारी सत्यपाल प्रसाद के दिशानिर्देशन में वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी नित्यानन्द पाण्डेय के नेतृत्व में टाण्डाकला स्थित कम्पोजिट बिद्यालय में ÷पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ÷ कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें वन महोत्सव को सफल बनाने के लिए पौधे के भंडारे का भी आयोजन हुआ। बाल बृक्ष भंडारा अति उत्साह के साथ मनाया गया। बच्चो द्वारा छोटे छोटे पौधे लेकर गांव व बाजार में भ्रमण कर लोगो को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया गया। कार्यक्रम के अंत मे बच्चो को पौधों की रक्षा की शपथ दिलायी गयी। इस दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी नित्यानन्द पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हमलोगों को हर हाल में पर्यावरण को बचाना है। जिसके लिए पौधे लगाने के साथ साथ नदियों को प्रदूषित होने से भी रोकना होगा। आज मानसून का नियंत्रण गड़बड़ा गया है। लोग जो पर्यावरण के साथ खिलवाड़ कर रहे है एक दिन इसका खामियाजा सबको भुगतना होगा। लेकिन समय रहते हम पर्यावरण को बचा सकते है। बुजुर्गों,महिलाओ,बच्चो व आम जनमानस को प्रेरित कर पौधरोपण करके यह प्रयास हो सकता है।इस दौरान वन दरोगा राजकुमार,वन विभाग के अभिषेक यादव,जितेंद्र यादव,सियाराम, प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार,सन्तोष कुमार,विजय कुमार,शिव कुमार आदि उपस्थित थे।

### जल जीवन मिशन का कार्य अधिकतर गांव में अधर में लटका नजर आ रहा है



**सकलडीहा चंदौली** शासन स्तर पर जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण करा कर प्रत्येक गांव में शुद्ध पेय जल देने की बात की जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि मनमानी के कारण दर्जनों गांव में पानी की टंकी का निर्माण वह पाइपलाइन बिछाने का कार्य अधर में लटकाने के कारण शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है शासन की ड्रीम प्रोजेक्ट जल जीवन मिशन का कार्य अधिकतर गांव में अधर में लटका नजर आ रहा है अधिकारियों की मनमानी व ठेकेदार की लापरवाही का भेंट चल रहा है कमोबेश यही हालात विकासखंड चहनिया कैली सकलडीहा के सहरोई चांदपुर पूरा जीवनपुर तारापुर महादेवपुर बसनी सहित दर्जनों गांव की बनी हुई है जहां आधा अधूरा पानी टंकी का निर्माण कराया गया है तो कहीं पाइपलाइन बिछाने के दौरान आधा अधूरा कार्य कर छोड़ दिया गया है यही नहीं ग्रामीणों की गली और मुख्य मार्ग खोदकर छोड़ दिए जाने से अक्सर ग्रामीण उसने आवागमन करते समय गिर कर चोटिल हो रहे हैं शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी इससे पूरी तरह अनजान बने हुए हैं इसको लेकर श्रवण यादव राम नगीना शर्मा रामाधार राजेश मिश्रा केदार मिश्रा प्यारे यादव राम लक्ष्मण यादव सहित तमाम लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है

### शराब बरामद तस्कर गिरफ्तार



**पीडीडीयू/ चंदौली।** रेलवे स्टेशन,सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु चलाए जा थे अभियान के क्रम में जीआरपी व आरपीएफ डीडीयू की संयुक्त टीम द्वारा तीन शराब तस्कर नवीन कुमार,रंजन कुमार व महिला तस्कर ममता देवी नामक को प्लेटफार्म संख्या 1 के पास से गिरफ्तार किया गया।जिनके पास से पुलिस ने कुल 58 पीस अंग्रेजी शराब बरामद की। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 50 हज़ार रु बताई जाती है।पकड़े गए तस्कर ट्रेनों के माध्यम से शराब की तस्करी कर बिहार प्रांत ले जाकर ऊंचे दामों में बेचते थे।

# सामुदायिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई का प्रबंध सुनिश्चित रहे- डीएम

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)/** जिलाधिकारी निखिल टी.फुंडे की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत एस.बी.एम.फेज 2 के अंतर्गत स्वच्छ शौचालयों के निर्माण , सामुदायिक शौचालयों के निर्माण एवं हैंडओवर कराए जाने,5000 से अधिक आबादी वाली ग्राम पंचायतों की कार्य योजना,नमामि गंगे योजना अंतर्गत गंगा किनारे अवस्थित ग्राम पंचायतों में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की कार्य योजना बनाए जाने,प्रत्येक विकासखंड स्तर पर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट स्थापित किए जाने,निर्मित शौचालयों के रिट्रोफिटिंग के सर्वे,वित्तीय वर्ष 2022- 23 में प्राप्त एवं व्यय धनराशि तथा वर्तमान समय में जनपद स्तर पर उपलब्ध धनराशि का विवरण एवं अनुमोदन सहित अन्य विषयों पर कमेटी के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान जिला पंचायतराज अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत राज्य स्तर से प्राप्त कुल लक्ष्य के सापेक्ष 88.78 प्रतिशत स्वच्छ शौचालयों का निर्माण कराया जा चुका है। शेष पर निर्माण कार्य प्रगति पर है,जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि शेष शौचालयों का निर्माण कार्य में और तेजी लाते हुवे पूर्ण करा लिया जाए।एस.बी.एम.फेज2 के अंतर्गत जनपद में पूर्ण हो चुके समस्त सामुदायिक शौचालयों को महिला स्वयं सहायता समूहों को अविलंब हैंडओवर कराने, पूर्व में हस्तांतरित हो चुके सामुदायिक शौचालयों की देखरेख करने वाली महिला समूहों को निर्धारित मानदेय की धनराशि का भुगतान समय से कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि सामुदायिक शौचालयों की नियमित साफ-सफाई का प्रबंध सुनिश्चित रहे।निर्मित हो चुके व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग करने हेतु लोगों को प्रेरित करने का लगातार प्रयास किया जाए। ग्राम स्तरीय स्वच्छता व निगरानी समितियां सक्रिय रहते हुए साप्ताहिक रूप से लोगों को शौचालयों के प्रयोग,व्यक्तिगत स्वच्छता,हैंड वॉश इत्यादि हेतु लगातार जागरूक करते रहें।

स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत निर्धारित ग्राम पंचायतों में खाद गड्ढा एवं सोख्ता गड्ढा का निर्माण लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत शीघ्रता से कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा किनारे अवस्थित समस्त 47 ग्राम पंचायतों के 65 राजस्व ग्रामों में सॉलिड लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट की कार्ययोजना अविलंब तैयार करा लिया जाए। स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के निर्धारित प्रक्रिया व स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अंतर्गत उदीयमान, उज्जवल एवं मॉडल ग्राम बनाए जाने पर चर्चा करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई समयानतर्गत कराए जाने के निर्देश दिए।बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड अधिकारियो को निर्देशित करते हुवे कहा कि हर ब्लाक कार्यालयों पर कंट्रोल रूम स्थापित कर मॉनिटरिंग की जाए और मॉनिटरिंग करते हुवे वीडियो और फोटो उपलब्ध कराया जाए। बैठक के दौरान ब्लाक प्रमुख सदर, सकलडीहा, मुख्य विकास अधिकारी एसश्एनश श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी गण, संबंधित विकास खंडों के सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) ब्लाक प्रमुख सदर, समिति के अन्य सदस्यगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## मां दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारीपचदेवरा परिसर मे वृक्षारोपण



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** मां दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नारीपचदेवरा परिसर मे वृक्षारोपण अभियान चलाया गया सर्वदलीय संघर्ष समिति के जिला संयोजक व पूर्व चेयरमन अरुण सिंह ने सागन,प्रधानाचार्या शीला सिंह ने हरिशंकरी,अर्चना सिंह ने नीम,यूबी आई शाखा नारीपचदेवरा के प्रबंधक आशीष जायसवाल ने शीशम, चोचकपुर के शाखा प्रबंधक प्रभात मिश्रा ने जामुन पेङ लगाकर शुरुआत किया इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व चेयरमन अरुण सिंह ने कहा वृक्षारोपङ करना पुनीत कार्य ह?।जो मानव जीवन के लिए आवश्यक ।एक तरफ जहां हमें शुध्द हवा मिलता तो दूसरी तरफ इमारती, फर्नीचर लकडी तथा पर्यावरण प्रदुषण रोकने मे अहम भूमिका होती।बढती जनसंख्या के कारण अंधाधुंध पेङो की कटाई जारी जिससे पर्यावरण प्रदुषण बढने के कारण मानव जीवन के असतित्व पर खतरा मङराने लगा।प्रत्येक ब्यक्ति को अपने जन्म दिन,पूर्वजो के पुण्य तिथि पर कम से कम एक पेङ लगाकर बङा होने तक उसकी रखवाली करना चाहिए। इसके लिए इस समय सबसे अनुकुल समय। इस अवसर पर मां दुर्गा ग्लोरियस स्कूल के प्रधानाचार्या अंजली सिंह,अर्पिता सिंह, रुचि सिंह, अविनाश सिंह, पंकज त्रिपाठी, सुजीत सिंह, राजेश सिंह, गुड्डू प्रधान, मनोज बिन्द प्रधान, गुरु यादव प्रधान, प्रवीण सिंह, श्यामलाल, अशोक यादव सहित काफी संख्या में ग्राम प्रधान व अभिभावक थे। स्कूल के छोटे, छोटे बच्चों ने भी वृक्षारोपण किया।

# कन्हैया यादव को चंदौली पुलिस से जान का खतरा?

**चंदौली जनपद चंदौली** के सैयदराजा थाना क्षेत्र वर्ष निशा यादव हत्या कांड मामले में मृतक के पिता कन्हैया यादव के ऊपर कुछ दिन पूर्व हुए हमले को लेकर पिता कन्हैया यादव सहित पूरा परिवार चंदौली पुलिस से गुहार लगा रहा है। सैयदराजा थाना क्षेत्र के यादव की पुत्री निशा यादव की उसके घर पर उसकी हत्या कर दी गई थी। तत्कालीन थाना अध्यक्ष कांस्टेबल सहित अन्य आरोपीत पुलिसकर्मियों के खिलाफ धारा 304,453, किया जिसकी जांच सी बी सी आई डी कर रही है। गया। कन्हैया यादव अनुसार 1 जुलाई 2023 को मामले में प्रगति रिपोर्ट लेने कचहरी गेट के सामने उनके गया। शिकायत पर चंदौली दिया है।

कोतवाली पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर मामला के दर्ज किया है। मृतक के पिता का कहना अपनी और अपने परिवार के लगभग 13 महीने बीत जाने है कि उस दिन कचहरी गेट कानून व्यवस्था को लेकर पोस्टमार्टम किया गया सीबीआई जांच होती तो बेटी जान माल की सुरक्षा की के बाद मृतक निशा यादव के के सामने मार पीट करने कितनी सजग है, इसकी जिसमें रिपोर्ट में सिर्फ गले के कातिल जेल में होते, इस पिता का आरोप है कि पुलिस वाले आरोपी द्वारा मेरे पुत्री बानगी चंदौली पुलिस की और जबड़े पर गंभीर चोट दौरान चंदौली के वरिष्ठ ज्ञात हो कि 1 मई 2022 मामले में हीला हवाली कर की हत्या के मामले में सुलह कार्यशैली से ही अंदाजा की जगह हल्के चोट के पुलिस अधिकारी मामले से को जनपद चंदौली के रही है क्यों कि अभी तक समझौता करने की बात कही लगाया जा सकता है चंदौली निशान ही दर्शाए गए यह कहकर पल्ला झाड़ लेते पुलिस की तरफ से कोर्ट में जा रही है। ऐसा न करने पर जनपद के सैयदराजा जिसको लेकर उस समय है कि इस मामले की जांच मनराजपुर निवासी कन्हैया चार्जशीट दाखिल नहीं किया जान माल की धमकी दी जा थानांतर्गत मनराजपुर में सियासत भी गर्मा गई थी सीबीसीआईडी कर रही है, रही है।

पीडित ने जिले लेकर पुलिस अधीक्षक परिजनो ने हत्या का आरोप वो अपने पुत्र विशाल के साथ जिलाधिकारी से मुलाकात शिकार हो गई. पुलिस का कन्हैया यादव ने सीधे तौर सवालों के घेरे में है मृतका की और अपने और अपने कहना सैयदराजा (उदय प्रताप सिंह जिला न्यायालय चंदौली गए परिवार के जानमाल की रक्षा हिस्ट्रीशीटर कन्हैया यादव सैयदराजा पुलिस को तक हाईकोर्ट की निगरानी में व संजय सिंह ), 4 महिला थे जहां लगभग 2:30 बजे की गुहार लगाई। को पकड़ने गई थी, लेकिन जिम्मेदार बताया और उनके मामले की जांच नही होगी इस बीच मृतका 1 के पिता पर इस घटना के लिए पुत्र की तहरीर पर पुलिसकर्मियों पर लगाया और उनके पुत्र के साथ कुछ इस प्रार्थना पत्र में अपनी जान जब कन्हैया घर नही मिले तो सैयदराजा कोतवाली प्रभारी परिवार को न्याय नही था. मामले में चंदौली पुलिस लोगो द्वारा अकारण ही गाली माल की रक्षा के लिए पुलिस उस समय के कोतवाल उदय समेत कई पुलिसकर्मियों पर मिलेगा. चंदौली पुलिस की द्वारा काफी हीलाहवाली के गलौज करते हुए हमला कर सुरक्षा की मांग की है। तो प्रताप सिंह ने अपने मुकदमा दर्ज कराया गया शिथिलता के कारण ही अब बाद अंततः पुलिस को मृतक दिया गया और उनकी बेलरो वही पुलिस ने मामले उचित सहयोगियों के साथ इन निशा इस दौरान मृतका के पिता पुलिस से ही हमारी जानमाल के भाई की तहरीर पर गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया कार्यवाही का आश्वासन यादव एवं उसकी बहन पर कन्हैया यादव ने पुलिस जांच का खतरा बना हुआ हैं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए कहा था कि हमें पुलिस की किसी भी रहे है।

वह कन्हैया यादव ने अपने 323 में एफ आई आर दर्ज एक वर्ष के बाद भी नहीं सुलझ पाई हत्या या मौत की मनराजपुर हत्याकांड स्थित मनराजपूर में विगत मृतक निशा यादव के पिता ने चंदौली पुलिस पर लगाया गंभीर आरोप मृत बेटी के पिता ने कहा कि मामले को दबाने के लिए दी जा रही है धमकियां ? घटना के एक वर्ष बाद भी पुलिस ने कोर्ट में नही की चार्जशीट फाइल गुत्थी यूपी सरकार की पुलिस पिछले वर्ष बेकसूर निशा यादव (गुड़िया) पुलिसिया व जुल्म और ज्यादती की था कि परिजनों का कहना है कि गुस्सा उतारना शुरू कर दिया इस दौरान निशा यादव की मौत हो गई घटना के बाद मृतका के तीन चिकित्सको की पैनल में और सरकार पर विपक्ष के जांच पर कोई भरोसा नही है यदि इस घटना की अब हम इसमें कुछ नही कर जमकर आरोप भी लगे थे. सकते है पुलिस कार्यशैली घटना की शुरूआत से ही के पिता ने कहा था कि जब तबतक हमें और हमारे आरोपी खुलेआम घूम रहे है और आये दिन धमकियां दे

## एक वारंटी व एक गांजा तस्कर गिरफ्तार



**पीडीडीयू/चंदौली।**पुलिस अधीक्षक चंदौली अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक मुगलसराय दीनदयाल पांडेय के नेतृत्व में मुगलसराय पुलिस टीम द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के क्रम में मुखबिर की सूचना एक अभियुक्त नीशु कुमार जनपद वाराणसी निवासी को गिरफ्तार किया जिसके पास से पुलिस ने 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया।वही दूसरी तरफ मुगलसराय कोतवाली पुलिस टीम द्वारा एक वारंटी अभियुक्त आनंद आर्या मुगलसराय जनपद चंदौली निवासी को गिरफ्तार किया।पकड़े गए अभियुक्तों पर पुलिस संबंधीत धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी**/गाजीपुर। 17 जुलाई से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए लोगों को यातायात नियम बताए जाएंगे और चेकिंग अभियान चलाकर जागरूक किया जाएगा। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर ज्ञानेंद्र और यातायात प्रभारी मनीष कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को जिले के एक शिक्षण संस्थान में जाकर छात्र छात्राओं को यातायात नियमो के प्रति जागरूक किया। इस दौरान यातायात नियमों का पालन करने के लिए छात्र छात्राओं को और शिक्षकों को शपथ दिलाई गई।

## दहेज और तेरही मुक्त यादव समाज बने हम सबको प्रयास करना है- एमएलसी काशीनाथ

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर-** यादव महासभा गाजीपुर के संपर्क अभियान के तहत आज जिलाध्यक्ष श्री सुजीत यादव ने आज गाजीपुर के वरिष्ठ नेताओं से जिसमें सपा के जिलाध्यक्ष डॉ गोपाल यादव जी एमएलसी श्री काशीनाथ यादव पूर्व जिलाध्यक्ष श्री रामधारी यादव, वरिष्ठ नेता चंद्रिका यादव सहित दर्जनों लोगों से भेँट करके यादव महासभा के गठन के बारे में सुझाव लिए



उनके साथ गाजीपुर के वरिष्ठ नेता रामबचन यादव रामनगीना यादव सिंघासन यादव बलिस्टर यादव जी भी थे एमएलसी काशीनाथ यादव ने सुझाव में बताया कि यादव महासभा में जुड़ना हम सबका सौभाग्य है पार्टी में कार्य करते हुए अपने समाज के लिए सोचना ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी है

जो आप सबको मिलकर इस नेक कार्य को पूर्ण करने है उंन्होने कहाँ जिलाध्यक्ष सुजीत यादव जैसे युवा का साथ देकर यादव समाज को एक करके आप हम सब दहेज और तेरही मुक्त समाज बनाने है ये तब ही सम्भव होगा जब हम मत भेद हटाकर मन मेल करेगे ये जानकारी रवि भूषण यादव जिला प्रमुख सोशल मीडियाअखिल भारतवर्षीय यादव महासभा गाजीपुर ने दी

## कांग्रेसियों ने फूंका पुतला



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दिवांशू पाण्डेय अंशु की उपस्थिति में गाजीपुर जिलाध्यक्ष सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में अत्याचार के विरोध में मणिपुर के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री का पीजी कॉलेज चौराहे पर पुतला फूंका के विरोध में मणिपुर के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री का पीजी कॉलेज चौराहे पर पुतला फूंका गया। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दिवांशू पाण्डेय अंशु ने कहा कि यदि वीरेन सिंह से वहा की स्थिति संभाली नही जा रही तो कुर्सी छोड़ दे। जिला उपाध्यक्ष ताम्रध्वज कुमार ने कहा कि अब तो चुप्पी तोड़िए मोदी जी यदि अब भी कुछ नही किया गया तो यूथ कांग्रेस इससे भी उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। भदौरा अध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि यदि मणिपुर सरकार हिंसा को रोकने में सफल नही हो पा रही है तो गाजीपुर युवा कांग्रेस मणिपुर जाने का काम करेगा। इस मौके पर अनुराग पाण्डेय, मनीष राय, आशुतोष गुप्ता, ओजस्व साहू, बृजेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अच्छे लाल, विवेक रंजन , बिट्टू यादव, अनुज कुमार, अभय कुमार, ताम्रध्वज कुमार, विशाल कुमार, अभिषेक बिंद, गजराज तिवारी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आर्थिक सहायता** ` ग़ाज़ीपुर के 9 पीड़ित परिवारों को 17 लाख 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किये हैं

# एमएलसी चंचल के प्रयास से 9 पीड़ित परिवारों को मिले 17 लाख 85 हजार रुपये

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी**/ग़ाज़ीपुर के लोकप्रिय एमएलसी विशाल सिंह चंचल जी के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने ग़ाज़ीपुर के 9 पीड़ित परिवारों को 17 लाख 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किये हैं,,,इनमें एक 2 साल का बच्चा भी है,, तो वहीं सबसे कम समय (15 दिन) आर्थिक सहायता प्राप्त करने वाले सिकुल बिन्द भी है,,माननीय एमएलसी श्री विशाल सिंह चंचल जी ने इन सभी के जल्द ही स्वस्थ होने की कामना की है,,ग़ाज़ीपुर की सातों विधानसभाओं से आये इन सभी पीड़ित परिवारो ने आदरणीय मुख्यमंत्री जी और माननीय एमएलसी साहब के प्रति धन्यवाद



ज्ञापित किया है,,, नरहरपुर के अंश श्रीवास्तव जिसकी उम्र 2 साल हैं उनके इलाज के लिए 500000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है ,अंश के माता पिता बहुत ही खुश हैं,, तो वही सिरगीथा के सिकुल बिन्द को 70000 की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है,, विशेष बात ये रही कि सिकुल को इलाज के लिए पैसे की अत्यंत आवश्यकता थी ,,सिकुल ने माननीय एमएलसी से मिल के निवेदन किया कि ऑपेरशन की डेट 15 दिन बाद कि है ,इन दिनों में ही हॉस्पिटल में पैसा आ जाये तो बड़ी कृपा होगी आपकी,, इसपे माननीय एमएलसी ने लखनऊ में मुख्य सचिव को इस बात से अवगत कराया और अनुभाग 4 में संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया, और सिकुल के इलाज का पैसा उसके हॉस्पिटल के खाते में 15 दिन में आ गया,, सिकुल और उनका परिवार माननीय एमएलसी साहब को लिखित धन्यवाद कार्यालय पर ज्ञापित किया है, इसके अलावा डीहवाँ की श्रीमती प्रेमा सिंह को 150000 की, बसूचक के सुरेश सिंह को 250000 की,हरदासपुर काशी की उर्मिला को 175000 की